राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



11 तारा सुतारिया ने बताया, पहला...

# दैनिक बुलन्द संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...




75% हाजिरी बायोमेट्रिक पर ... 10

गाजियाबाद, शुक्रवार 28 जून 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 114, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### सांसद संजय सिंह का निलंबन हुआ खत्म, पिछले साल इस वजह से राज्यसभा से किया गया था निलंबित


**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बीच आम आदमी पार्टी के लिए अच्छी खबर आई है। आम आदमी पार्टी (आप) नेता व सांसद संजय सिंह का राज्यसभा का निलंबन खत्म हो गया है। इस पर उन्होंने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का आभार जताया है। आप नेता



ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। बता दें कि संजय सिंह को पिछले साल मानसून सत्र के दौरान अमर्यादित व्यवहार की वजह से राज्यसभा से निलंबित किया गया था। उन्होंने लिखा, लगभग एक साल के बाद संसद में जाने की अनुमति प्राप्त हुई। निलंबन खत्म हुआ। माननीय सभापति उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनकड़ जी। प्रिविलेज कमेटी के सभापति व सभी माननीय सदस्यों का अत्यंत धन्यवाद व आभार।

### देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री दिल्ली एम्स में भर्ती, यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की निगरानी में चल रहा है इलाज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, देर रात को उन्हें कुछ दिक्कत महसूस हुई, जिसके बाद एम्स ले जाया गया है। हालांकि, कुछ सूत्रों का कहना है कि यह रूटीन चेकअप है। फिलहाल उन्हें यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉक्टर्स की



निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है। 31 मार्च को लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 3 फरवरी को उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की थी। इससे पहले 2015 में आडवाणी को देश के दूसरे सबसे नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### हत्या के जुर्म में छात्र को उम्रकैद, 2017 में वारदात को दिया था अंजाम

**कानपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में कानपुर की एक अदालत ने डकैती के दौरान हत्या के मामले में 26 वर्षीय युवक को उम्रकैद की सजा सुनाई। व्यक्ति ने सात साल पहले अपने पड़ोस के घर में डकैती के दौरान निशा केजरीवाल (52) की हत्या कर दी थी। निशा का शव 12 जुलाई 2017 को उनके घर के अंदर मिला था।पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए निशा के पड़ोसी आदित्य नारायण सिंह की घटनास्थल पर मौजूदगी का पता लगाने में सफल रही। वारदात को अंजाम देने के दौरान युवक की उम्र 19 साल थी। यह साबित हो चुका है कि आदित्य नारायण सिंह ने लूटपाट के लिए महिला की हत्या की थी। आरोपी ने वारदात को तब अंजाम दिया जब निशा घर पर अकेली थी। दोषी के निशा केजरीवाल के साथ दोस्ताना संबंध थे। वह घर के हर सदस्य की दिनचर्या से अच्छी तरह वाकिफ था। पुलिस ने जांच के दौरान आदित्य के घर से सोने-चांदी के आभूषण और 1.4 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। कानपुर पुलिस ने बताया कि हत्या से पहले आदित्य तीन साल तक मुंबई में रहा था। उसने सीएलएटी पास कर लिया था।

# राष्ट्रपति का अभिभाषणः बोलीं-सरकार किसानों के हित में कर रही काम

## लखपति दीदी अभियान चलाया,देश बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण शुरू हो गया है। अभिभाषण की शुरूआत में उन्होंने कहा- मैं 18वीं लोकसभा के सदस्यों को बधाई देती हूं। आप देश के मतदाताओं का विश्वास जीत कर आए हैं। ये सौभाग्य कम लोगों को मिलता है। मुझे आशा है आप इसे निभाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देश के किसानों को 3.20 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। मेरी सरकार के नए कार्यकाल की शुरूआत के बाद से, किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित किए गए हैं। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भी रिकॉर्ड वृद्धि की है। आजकल भारत अपनी मौजूदा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी कृषि प्रणाली में बदलाव कर रहा है दुनिया में तेजी से भारतीय किसानों के पास इस मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता है।

राष्ट्रपति बोलीं- मेरी सरकार का मत है कि दुनिया में निवेशकों को आकर्षित करने स्वस्थ्य स्पर्धा हो। सदस्यगण रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के संकल्प ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। बीते सालों में हमने 100 साल की सबसे बड़ी आपातकालीन दशा देखी है। आज भारत अकेले ही दुनिया की ग्रोथ में 15 प्रतिशत का योगदान दे रही है। मेरी सरकार देश को दुनिया की तीसरी इकोनॉमी बनाने में लगी है।

उन्होंने कहा जीएसटी ने भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है। अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन 2 लाख करोड़ का स्तर पार कर गया है। इससे राज्यों का भी विकास हुआ है। महिला सशक्तीकरण की नई शुरूआत की। नारी शक्ति वंदन अधिनियम की ताकत है। एक दशक में आर्थिक सामर्थ्य बढ़ा है। मेरी सरकार ने 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने अभियान चलाया। इसके लिए सेल्फ हेल्प ग्रुप की मदद ली जा रही है। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत सेल्फ हेल्प ग्रुप को ड्रोन दिए जा रहे हैं।

**राष्ट्रपति बोलीं- मेरी सरकार का मत है कि दुनिया में निवेशकों को आकर्षित करने स्वस्थ्य स्पर्धा हो। सदस्यगण रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के संकल्प ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है। बीते सालों में हमने 100 साल की सबसे बड़ी आपातकालीन दशा देखी है। आज भारत अकेले ही दुनिया की ग्रोथ में 15 प्रतिशत का योगदान दे रही है। मेरी सरकार देश को दुनिया की तीसरी इकोनॉमी बनाने में लगी है**

अब दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता होगी। नए कानून से इस प्रक्रिया में तेजी आएगी। मेरी सरकार ने र्ष्ट्र के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है। मैं इन लोगों के बेहतर भविष्य की कामना करती हूं। हाल ही में कुछ परीक्षाओं में हुई पेपर लीक की जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मेरी सरकार प्रतिबद्ध है। पहले भी कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुईं, इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है। संसद ने भी इसके लिए कानून बनाया है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ फूटा आप सांसदों का गुस्सा, संसद परिसर में लगाए 'तानाशाही नहीं चलेगी, के नारे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी के लोकसभा व राज्यसभा सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे इन सांसदों का कहना था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी गलत है। सीबीआई कार्रवाई के खिलाफ हाथों में तख्ती लिए इन सांसदों ने 'तानाशाही नहीं चलेगी, 'केजरीवाल को रिहा करो के नारे लगाए।




आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा कि वे सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के मुद्दे पर राज्यसभा में भी प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के सांसद राष्ट्रपति के अभिभाषण का भी बहिष्कार करेंगे। आम आदमी पार्टी को इस मुद्दे पर शिवसेना (यूबीटी) का समर्थन भी मिला है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया, ये आपातकाल से भी अधिक तानाशाही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संसद में सवाल पूछे जाएंगे।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी इसे तानाशाही और इमरजेंसी करार दिया है। सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा कि यह कानून नहीं है, इमरजेंसी है और तानाशाही है।

सुनीता केजरीवाल ने कहा कि 20 जून को अरविंद केजरीवाल को बेल मिली। तुरंत ईडी ने स्टे लगवा लिया। फिर सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। पूरा तंत्र इस कोशिश में है कि बंदा जेल से बाहर ना आ जाये। ये कानून नहीं है। ये तानाशाही है, इमरजेंसी है। आम आदमी पार्टी ने का कहना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ न कोई सबूत है, न ही कोई मनी ट्रेल मिला है और न ही कोई पैसा अभी तक बरामद हुआ है, लेकिन फिर भी जानबूझकर उन्हें अभी तक सलाखों के पीछे रखा गया है। ताकि आम आदमी पार्टी को पूरी तरीके से खत्म किया जा सके।

## दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में भीषण गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया।

बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है, जिस वजह से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। बारिश के कारण कई जगहों पर पानी भर गया है।

हालांकि, सुबह-सुबह बारिश होने के कारण दफ्तर एवं अन्य कार्यों को जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि, उन्होंने गर्मी से राहत की सांस ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान जताया है। आईएमडी के पूवार्नुमान के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में पूरे हफ्ते बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी।

शुक्रवार को मध्य और शनिवार को तेज बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, नोएडा का तापमान पूरे हफ्ते अधिकतम 32 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

# हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी, वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोर्ट में हुए पेश

**रांची (आरएनएस)।** रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक



हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। यानी 11 जुलाई तक वे रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में रहेंगे। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में उनकी उनकी पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई।

जमीन घोटाले के इसी मामले में जेल में बंद राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मो. सद्दाम, झामुमो नेता अंतु तिर्की, रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी तापस घोष, संजीत कुमार एवं अन्य आरोपियों की भी गुरुवार को अदालत में ऑनलाइन पेशी हुई और उनकी हिरासत भी 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई। बता दें कि रांची के बड़गाईं अंचल में साढ़े आठ एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीदारी करने के मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को बीते 31 जनवरी को आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह जेल में बंद हैं। इस मामले में अब तक कुल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हेमंत सोरेन ने इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट में जमानत की याचिका दायर की थी, जिस पर 13 जून को सुनवाई पूरी करने के बाद जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# 1510 करोड़ रुपए से निर्मित होगी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी

**अब्दुल सलाम**
**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी आकार ले रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के तहत नोएडा के सेक्टर 21 में बनने वाली यह फिल्म सिटी 8 वर्षों में पूरी तरह बनकर तैयार होगी, जबकि पहले चरण में तीन साल के अंदर यहां फिल्मों से संबंधित फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट बनकर तैयार हो जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर 1510 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा। गुरुवार को फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली बोनी कपूर और आशीष भूटानी की कंपनी बेब्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया गया। कंसेशन एग्रीमेंट प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुणवीर सिंह और बोनी कपूर के बीच हस्ताक्षरित हुआ। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रुति एवं आशीष भूटानी भी उपस्थित रहे।




**1095 दिनों में फिल्म फैसिलिटीज की होगी शुरूआत**

यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी के पूरे प्रोजेक्ट को 8 वर्ष या 2920 दिन में पूरा किया जाएगा। वहीं फिल्म फैसिलिटीज और फिल्म इंस्टीट्यूट के लिए 3 वर्ष या 1095 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर कुल 1510 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पहले दो साल में फिल्म सिटी के निर्माण में 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे तो तीसरे वर्ष 75 करोड़ रुपए (शेष पेज 12 पर देखें)

**बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट एलएलपी और यीडा के बीच फिल्म सिटी को लेकर हुआ कंसेशन एग्रीमेंट**

**8 वर्षों में पूरा होगा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का प्रोजेक्ट, 230 एकड़ में फिल्म फैसिलिटी के साथ कॉमर्शियल कंपोनेंट्स होंगे विकसित**

## कार्यक्रम — सुरक्षा व संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए

# कानून का राज सुशासन की पहली शर्तः सीएम योगी

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। इसके लिए सुरक्षा व संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है। हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है। समय के अनुरूप पुलिस का आधुनिकीकरण कर सकें, यह मांग लंबे समय से चली आ रही थी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर यूपी-112 द्वितीय चरण के तहत उच्चीकृत पीआरवी को फ्लैग ऑफ किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने डीजी कॉफ्रेंस में देश भर के पुलिस महानिदेशकों के सामने कानून के परिवर्तन के साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग की नई अवधारणा पर आधारित नई दृष्टि दी थी। उन्होंने स्ट्रिक्ट एंड सेंसेटिव, मॉडर्न एंड मोबाइल, अलर्ट एंड अकाउंटेबल, रिलायबल एंड रिस्पांसिव, टेक्नोसेवी व ट्रेंड होने की बात कही थी। यूपी पुलिस ने इन सभी बातों को अक्षरशः उतारने का प्रयास किया है। सीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की सात वर्ष की प्रक्रिया को नई ऊंचाई की ओर पहुंचाने का अभियान है। पिछले सात वर्ष के अंदर यूपी पुलिस ने देश के अंदर न केवल अपनी नई पहचान बनाई है, बल्कि यूपी को भी नई पहचान दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया है। सात वर्ष में यूपी में कानून का राज दिखाई दिया है। कानून के राज ने पुलिस को भी सम्मान और विश्वास का प्रतीक बनाया तो राज्य में निवेश, व्यापार की नई संभावनाओं के साथ विकास और रोजगार के नए युग में ले जाने का कार्य किया।

सीएम योगी ने कहा कि निवेश, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कैसी होनी



चाहिए, यूपी ने इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह केवल नारे नहीं, जमीनी हकीकत है। हमने बिना भेदभाव पारदर्शी प्रक्रिया से पुलिस बल में पुलिस भर्ती की तो समुचित प्रशिक्षण भी कराया। उन्होंने कहा कि पहली बार यूपी पुलिस बल के लिए फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का गठन किया गया। गत वर्ष पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किया गया है। हमने यूपी-112 के रिस्पांस टाइम को कम करने और पीआरवी-112 की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया। सात वर्ष में फोर व्हीलर के साथ टू व्हीलर भी शामिल किया गया, जिससे गली-मोहल्लों तक पीआरवी आमजन की सेवा के लिए पहुंच सके। इसके फ्लीट में 6278 फोर और टू व्हीलर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि कानपुर ट्रैफिक पुलिस की ओर से कर्मचारी कल्याण के लिए एसी हेलमेट प्रदान करने की अभिनव पहल की गई। इसका निर्माण हैदराबाद की कंपनी ने किया है। कानपुर मेट्रो में काम कर रही एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर ने कानपुर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के लिए सीएसआर गतिविधि के माध्यम से सहयोग दिया है। सीएम ने कानपुर ट्रैफिक पुलिस के आरक्षी सुगौरव तिवारी को हेलमेट पहनाया।

## झारखंड के पलामू में कन्स्ट्रक्शन साइट पर नक्सलियों का हमला, तीन गाड़ियां फूंकी

**पलामू।** झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत हैदरनगर थाना क्षेत्र में सीपीआई माओवादी नक्सलियों ने एक रोड कन्स्ट्रक्शन साइट पर हमला बोलकर तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया। वारदात बुधवार-गुरुवार देर रात की है।नक्सलियों ने सड़क निर्माण करा रही कन्स्ट्रक्शन कंपनी से लेवी (रंगदारी) की मांग की थी। माना जा रहा है कि मुंह मांगी रकम न मिलने पर इस वारदात को अंजाम दिया गया। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने वारदात की पुष्टि की है। नक्सलियों की तलाश में पुलिस ने अभियान शुरू किया है। बताया गया है कि हैदरनगर में डंडिला से सड़ेया गांव तक सड़क निर्माण चल रहा है। सीपीआई माओवादियों का एक हथियारबंद दस्ता डंडिला पहुंचा और एक जेसीबी एवं दो ट्रैक्टरों में आग लगा दी। इस सड़क का निर्माण अभय कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी कर रही है, जिसके मालिक हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह के भाई विनय कुमार सिंह हैं। पुलिस सूत्रों ने वारदात के पीछे 15 लाख इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव के दस्ते का हाथ बताया है।

# मतदाता जागरूक रैली में सहयोग करने वाले सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जहांगीराबाद** (बुलन्दशहर)। मतदाता जागरण अभियान में सहयोग करने वालो का जिला पंचायत सभागार में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के पत्रकारबन्धु, शिक्षक व छात्रों को सीडीओ व एडीएम ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जहांगीराबाद के शिवकुमार अग्रवाल जनता इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सीपी अग्रवाल के नेतृत्व में मतदाता मोटरसाइकिल जागरण रैली निकाली गई थी जो जिले भर में गयी थी जिसका शुभारंभ डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने हरी झंडी देकर किया था। इस कार्यक्रम में जनपद शिक्षक,छात्रों व पत्रकारों ने सहयोग किया था। कार्यक्रम को सफल होने पर मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमे सभी सहयोगियों को सीडीओ व एडीएम ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर दोनों अधिकारियों ने कहा कि मतदाता जागरूक रैली में जो सहयोग आप ने किया है आप बधाई के पात्र है आप के सहयोग से लोकसभा चुनाव मतदान का प्रतिशत बड़ा है। सम्मानित होने वालों में कार्यक्रम सयोजक सीपी अग्रवाल प्रधानाचार्य , पीयूष चौधरी समेत तमाम जिले के शिक्षक छात्रों व पत्रकारों को सम्मानित किए गए।



# तहसील राजस्व टीम ने चकमार्ग को चिन्हित कर कराया कब्जा मुक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव मामऊं में गुरुवार को एसडीएम प्रियंका गोयल के आदेश अनुसार तहसील राजस्व की टीम ने गांव पहुँचकर खाद के गड्ढे एवं चकमार्गों को नापतौल कर कराया कब्जा मुक्त। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामंऊ गांव में खाद के गड्ढे एवं चक मार्ग पर लोगों ने बोंगे बिटौड़े खाद के घूरे डाल रखें है ग्राम प्रधान ने इसकी लिखित शिकायत एसडीएम को दी थी जिसका संज्ञान लेते हुए हल्का लेखपाल अनूप शर्मा ने टीम को साथ लेकर चकमार्ग को चिन्हित कर कब्जा मुक्त कराया। तथा ग्रामीणों के सामने नापतौल कर उक्त भूमि को ग्राम प्रधान की सुपर्दगी में दे दिया गया है। साथ ही ग्रामीणों को चेतावनी दी गई है कि चकमार्ग पर यदि किसी ने अवैध कब्जा किया तो होगी सख्त कार्यवाही।इस मौके पर लेखपाल अनूप शर्मा लेखपाल सचिन कुमार गर्ग लेखपाल मुरारी लाल शर्मा ग्राम प्रधान पति राजकुमार सिंह सहित आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

**चकमार्ग एवं खाद के गड्ढों पर यदि किसी ने अवैध कब्जा किया तो होगी सख्त कार्रवाई: हल्का लेखपाल**



# प्रतिबधित पॉलिथीन के खिलाफ अभियान दूसरे दिन भी जारी, भविष्य में प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की दी सख्त चेतावनी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर(अशोक पाठक)।** वीरवार को नगर पालिका परिषद शिकारपुर टीम द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक, थमोकोल आदि के खिलाफ जब्त अभियान चलाया गया। नगर पालिका की टीम ने ईओ नीतू सिंह के नेतृत्व में खुर्जा अड्डा, से पहासू अड्डे तक अभियान चलाया गया गया। जिसमे 5,600 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन व प्लास्टिक जब्त की गयी और भविष्य में प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक पाए जाये पर जुमार्ना वसूल करने की कार्यवाही की जाएगी अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने दुकानदारों से कहा कि पॉलीथिन पूणतया प्रतिबंधित है। जिसका प्रयोग वर्जित है। उन्होंने दुकानदारों से पुनः पॉलिथीन का प्रयोग ना करने के साथ-साथ कपडे अथवा जुट के थैले का उपयोग करने की भी अपील की गयी नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा नगर के मुख्य मार्गो व बाजारों में इस प्रकार का अभियान लगातार जारी रहेगा!



# शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी है: विशोक कुमार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर एवं सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज शिकारपुर बुलंदशहर में चल रहे पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह एवं विद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर एवं सम्मानित अतिथियों को श्रीफल और पटका पहनाकर उनका भव्य स्वागत कर वर्ग के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र का शुभारंभ हुआ 'वर्ग के प्रथम सत्र में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य योगेश चंद गुप्ता ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत विद्यार्थीयों को अंग्रेजी विषय से जोड़ना और उन में रुचि पैदा कैसे करें, और विषय के प्रति कैसे अभिप्रेरित किया जाए।। इस विषय पर उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय सत्र में मेरठ प्रांत विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक विशोक कुमार जी ने विद्यालय सामाजिक चेतना का केंद्र है। इस विषय को लेकर उन्होंने बताया कि हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति का संबंध हमारे सामाजिक परिवेश से जुड़ा हुआ है इसी के अंतर्गत उन्होंने बताया कि शिक्षा है तो संस्कार है--- बिना संस्कार के मानव जीवन जीना असंभव है । जात पात से दूर हटकर हमें सामाजिक तत्वों को ध्यान में रखते हु समरसता का भाव जागृत करना चाहिए । सभी को एक साथ लेकर राष्ट्रहित में सनलग्न रहना हमारा कर्तव्य है । ऐसी विचारधारा आज के विद्याथीर्यों में गृहण करानी चाहिए। तृतीय सत्र में विद्या भारती मेरठ प्रांत के शैक्षिक प्रमुख श्री महेश कुमार शर्मा ने भारतीय ज्ञान की परंपरा के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हु समझाया ।और बताया कि हमारे पूवाजों ने अपने ज्ञान से अपनी संस्कृति को ध्यान में रखते हु। हमें विभिन्न वेद, वेदांग, उपनिषदों, पुराणों आदि से अवगत कराया ।और ज्ञान के महत्व को समझाया । ज्ञान किसी से भी लिया जा सकता है। ऐसे तत्वों से आज के विद्यार्थीयों को अवगत कराना चाहिए। ज्ञान से ही मानव जीवन सफल है । कल्याण मंत्र के साथ तृतीय सत्र का समापन हुआ। इस आचार्य विकास प्रशिक्षण वर्ग में विद्यालय आचार्य आचार्य बंधु एवं बहिने अपस्थित रहे ।



# अवैध तमंचे के साथ शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** सलेमपुर पुलिस ने अवैध तमंचा के साथ इकबाल पुत्र फारूख निवासी चिरचिटा उर्फ चिट्टा को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान दो कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। थाना प्रभारी अतुल कुमार चौहान ने बताया है कि बृहस्पतिवार को सलेमपुर पुलिस चिट्टा क्षेत्र में गस्त कर रही थी। उसी दौरान जेपी अस्पताल गेट के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। जैसे ही पुलिस टीम ने उसको रोका तो वह भागने लगा। लेकिन पुलिस टीम ने घेर कर दबोच लिया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। साथ ही बताया कि थाना सलेमपुर, बुलन्दशहर कोतवाली देहात, थाना सिंभावली, थाना खुर्जा देहात और थाना गुलावठी सहित जिले के अन्य थानों में मुकदमा पंजीकृत है।



# रस्सी के गोदाम में आग लगने से लाखों का नुकसान

**बुलन्द संदेश संवाददाता**

**पहासू ।** पहासू के गांव फरकना में रस्सी के गोदाम में आग अचानक आग लगने से गोदाम में बिक्री के लिए रखी लाखों रुपये की प्लास्टिक की रस्सी जल कर राख हो गई। आग का कारण गोदाम के पास बिजली के पोल से निकली चिंगारी बताया जा रहा है। आग की सूचना मिलने पर खुर्जा तथा शिकारपुर से दमकल की तीन गाड़िया पहुँची। फायर बिग्रेड ब ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया,लेकिन आग की चपेट में आने से गोदाम में रखी लाखों रुपये की प्लास्टिक की रस्सी जल गई। आग इतनी भयंकर थी कि छत के गार्डर भी पिघल कर टेढ़े पड़ गए तथा गोदाम की छत भरभराकर कर गिर गई। गनीमत रही की हादसे के समय गोदाम में कोई नहीं था।गुरुवार दोपहर को अचानक लगी आग के बाद से निकल रहे धुएं के गुबार के आसमान में छाने से लोगों को आग लगने की जानकारी हुई तथा पुलिस को फोन कर हादसे की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने व ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान गोदाम की छत गिर गई। गोदाम स्वामी असलम ने बताया कि आग के कारण करीब पच्चीस लाख की रस्सी जलने का अनुमान है।



**फरकना में घर-घर होता रस्सी बनाने का कारोबार**

क्षेत्र का गांव फरकना में रस्सी बनाने के काम कुटीर उद्योग बन चुका है, घर-घर मे सन तथा प्लास्टिक की रस्सी बनाई जाती है,जिसे प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बेचा जाता है। गांव में रस्सी के कई गोदाम हैं।

**नहीं थे आग से बचाने के उपाय**

गांव में रस्सी के लाखों के कारोबार होने के बाबजूद गोदाम पर आग बुझाने के कोई प्रबंध न होने से हादसा हुआ।

# ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत 03 गुमशुदा बच्चों को 4 घण्टे में परिजनों को किया सुपुर्द

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** थाना गुलावठी पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत अढौली मदरसे से 03 बच्चे कहीं चले गये हैं । इस सूचना पर थाना गुलावठी पुलिस द्वारा अथक परिश्रम करते हुए जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए तीनों बच्चों को गुलावठी बस स्टैण्ड से बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। गुमशुदा बच्चों को उसके परिजन को सुपुर्द करने पर परिजन व जनता के लोगो द्वारा थाना गुलावठी पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।



# गन्ने को चोटी बेधक,जड़ बेधक तथा अन्य कीट व लाल सड़न रोग से फसल को बचाएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू।** त्रिवेणी शुगर मिल सबितगढ़ में क्षेत्रीय गन्ना प्रजनन संस्थान, करनाल के पूर्व निदेशक डा० एस० के० पाण्डेय दौरे पर आये हुए है संवादाता से एक विशेष साक्षात्कार में गन्ना प्रजाति को० 0238 पेड़ी फसल में दिखाई दे रहे लाल सड़न बीमारी के लक्षण एवं गन्ने की अन्य सभी प्रजातियों में दिखाई दे रहे कीटों को आपतन पर चिन्ता व्यक्त की। लाल सड़न एवं कीटों के रोकथाम हेतु प्रश्न पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यद्यपि रोकथाम कार्य में थोड़ा विलम्ब हो गया है, पर अब भी किसान अगर एक सप्ताह के अन्दर रोकथाम के उपाय कर लें तो फसल की पैदावार में होने वाली गिरावट से बचा जा सकता है। उन्होंने किसानों को लाल सड़न एवं कीटों से फसल सुरक्षण हेतु कुछ आसान नुस्खों की जानकारी दी। चोटी बेधक कीट की पहचान एवं रोकथाम वयस्क चोटी बेधक कीट सफेद रंग के होते हैं, मादा कीट के शरीर के पिछले हिस्सों पर नारंगी रंग का रोयेदार गुच्छा होता है।



# शिकारपुर में हुआ शैक्षिक संवर्धन हेतु मंथन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** विकास क्षेत्र शिकारपुर के शंभूनाथ इंटर कॉलेज में संचारी रोग जागरूकता उन्मुखीकरण कार्यक्रम तथा बीईओ- प्रधानाध्यापक मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारपुर से आयी डा. रूबी ने उपस्थित समस्त अध्यापकों को विद्यालय के आसपास स्वच्छता एवं संचारी रोग के रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। एआरपी डा. मनमोहन रोहिला के विकास क्षेत्र शिकारपुर के समस्त विद्यालयों के प्रगति की समीक्षात्मक रिपोर्ट पेश की । एआरपी प्रियंका रूहेला ने हाउसहोल्ड सर्वे के दौरान स्कूल न जाने वाले बच्चों, विशेषतः बालिकाओं को विद्यालयी शिक्षा से जोड़ने हेतु प्रेरित किया।खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता के द्वारा यू-डायस प्लस का उपयोग, नवीन नामांकन, टैबलेट के माध्यम से बच्चों की तथा मिड-डे-मील ग्रहण करने वाले बच्चों की उपस्थिती, डीबीटी पोर्टल , पी.एम. श्री विद्यालय योजना. स्मार्ट क्लास संचालन समेत अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। सवोत्तम विद्यालय प्रबंध करने वाले उच्च प्राथमिक चित्सौन के प्रधानाध्यापक वेदप्रकाश गौतम तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय करीरा के दीपक चौधरी को खण्ड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता एवं एआरपी मनमोहन एवं प्रियंका रुहेला के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान केहर सिंह, सोमवीर सिंह, रामनरेश, शीलेन्द्र कुमार, सुनील वर्मा,रिजवान खान, नीतू सिंह, ईरफाना नकबी, आराधना मिश्रा, रवि रोहिला तथा नरेन्द्र कुमार समेत ब्लॉक के समस्त प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।



**जिम्मेदारी** | राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत संगठन की कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे

# भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के द्वारा मोनिंदर शर्मा युवा अहमदगढ़ अध्यक्ष, नागेंद्र मीणा प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अन्नदाता) संगठन के, महेश मीणा राष्ट्रीय अध्यक्ष , बंसी वाले राष्ट्रीय प्रवक्ता, राजीव चौधरी उत्तर प्रदेश मंत्री के द्वारा मोनिंदर शर्मा युवा अहमदगढ़ अध्यक्ष नागेंद्र मीणा प्रदेश संगठन मंत्री मनोनीत किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे ।श्रीमती कंचन पत्रकार राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा महाराज सिंह प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक मीणा जिला मंत्री बुलंदशहर विजय कुमार उत्तर प्रदेश मंत्री सुधीर यादव एडवोकेट कॉलोनी सलाहकार नितिन यादव कॉलोनी सलाहकार अनिल एडवोकेट आरिफ एडवोकेट सभी की तरफ से बहुत-बहुत बधाई।

भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता राष्ट्रीय कार्यालय के आदेश अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा ने निवासी ग्राम अहमदगढ़, तहसील शिकारपुर जिला बुलंदशहर, पूरे देश में, किसानों पर हो रही अत्याचार भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी महिलाओं उत्पीड़न बाल शोषण के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। संगठन द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाए जाते रहते है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा जल्द ही जनपद में मजबूत कार्यकारिणी गठित कर संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय संविधान के प्रति लोगों को जागरूक करना है। समाज में व्याप्त रिश्वतखोरी को रोकने तथा कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराध को समाज से मिटाने एवं बाल मजदूरी पर अंकुश लगाने तथा महिलाओं पर हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ कार्य करता है। उन्होंने कहा कि उनके संगठन द्वारा शिक्षा के प्रति जागरूकता तथा सामाजिक कुरीतियों जैसे मृत्यु भोज, दहेज प्रथा छुआछूत आदि प्रथाओं को समाप्त करने के लिए जागरुकता अभियान भी समय समय पर चलाएं जातें है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आशा जताते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के महिला उत्पीड़न,बाल शोषण, रिश्वतखोरी, आदि के खिलाफ जनपद में आवाज उठाकर पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे। संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उसका ईमानदारी से निर्वहन करने का हर संभव प्रयास करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत संगठन की कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करेंगे। यदि किसानों की कहीं भी कोई समस्या होगी पूरा संगठन मिलकर सड़कों पर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटा जाएगा



# एनसीसी कैडटस ने नशा मुक्ति रैली निकाली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर ।** 39वी यूपी बटालियन एनसीसी खुर्जा के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत श्याम लाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर के कैडेट्स द्वारा नशा मुक्ति रैली निकाली गई। जिसमें शामिल कैडेट्स विभिन्न स्लोगन लिखी तखक्तियां लेकर चल रहे थे। महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी में प्राचार्य डॉक्टर ललित कुमार गुप्ता ने नशे के सेवन से होने वाली हानियां के बारे में बताते हुए छात्रों को इसकी लत से दूर रहकर स्वस्थ रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वयं एवं राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। इस दौरान कैडेट्स. को नशा की लत से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इससे पहले कैडेट्स द्वारा रैली निकाली गई। रियली सरदार भगत सिंह के तिराए पर पहुंचकर संपन्न हुई।

# प्रदेश में अपराधियों के हौसलें बुलंद : विदित चौधरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विदित चौधरी के नेतृत्व में सिचाई के पानी को लेकर दो पक्षो में हुई गोलीबारी में 2 लोगों की मौत और एक गंभीर रूप से घायल, के सम्बंध में घटना की वास्तु स्थिति की जानकारी प्राप्त करने हेतु कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल थाना निवाड़ी अन्तर्गत ग्राम धौलड़ी पहुँचा। प्रतिनिधि मण्डल को मृत के भाई बिलाल ने सारी घटना विस्तार से जानकारी दी और बताया कि पुलिस प्रसाशन हमारा सहयोग नही कर रहा है और न ही हमें हमारे बाग में जानें दे रहा जिसके कारण हमारी फसलों को भारी नुकसान हो रहा है साथ ही हमारा अयुष्मान कार्ड बना हुआ है। लेकिन अस्पताल उक्त कार्ड से इलाल करने को मना कर रहें है। मृतक के भाई ने प्रतिनिधि मण्डल के समक्ष अपनी मांग रखते हुए कहा की सबसे पहले हमारें परिवार की सुरक्षा और परिवार से आर्थिक मदद दी जायें। जिससें घालय बच्चे का इलाज सही ढ़ग से कराया जा सकें। 0प्र0 उपाध्यक्ष विदित चौधरी ने मृत के भाई बिलाल से सारी घटना जानकर मृतक के भाई को पूर्ण आश्वासन दिया कि संपूर्ण कांग्रेस कमेटी आपके साथ है और आपकी हर सम्भव मदद करने के लिए हम यहां पर आये हुए है और सरकार/प्रशासन से हम मांग करगें की वह आपकी हर सम्भव मदद करें। विदित चौधरी सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए की इस बीजेपी सरकार में पुलिस व प्रशासन के लोग आम जनता की तरफ ध्यान नही दे रहें हैं। बदमाशों के हौसले इतने बुंलद है कि कही भी किसी को भी गोली मारतें है। प्रतिनिधि मण्डल ने पूरी घटना की घोर निंदा की है। इसके उपरान्त कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल उपायुक्त ग्रामीण से मिला और सारी बातों से अवगत कराया जिसके लिए उपायुक्त द्वारा मृतक के भाई को सुरक्षा देने के साथ ही मेरठ हॉस्पिटल में फोन कर डाक्टरों से आयुष्मान कार्ड के सम्बंध में बात की और पीड़ित पक्ष की हर सम्भव मदद करने का भी आश्वासन दिया।



प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव/जिला प्रभारी सुबोध शर्मा, प्रदेश महासचिव बिजेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष गा0बाद विनित त्यागी, शहर अध्यक्ष मोदीनगर आशीष शर्मा, शहर महासचिव नंदकिशोर शर्मा,अमोल वशिष्ठ, नवीन कौशिक पौले, विशाल शर्मा, सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# पुराने सोने पर खरीदी करते वक्त जीएसटी हटा देनी चाहिए, छोटे मध्यम वर्गीय एक्सपोर्टर्स को आसानी से गोल्ड मिलना चाहिए: राजकिशोर गुप्ता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद राजकिशोर गुप्ता ने व्यापारियों की समस्या को लेकर अपनी परेशानियां जाहिर करते हुए सरकार के सामने अपनी कुछ मांगों को दशार्या की इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन क्ष्खअ, ने ज्वैलरी इंडस्ट्री के हित में सरकार से आने वाले बजट में कुछ महत्वपूर्ण मांगों को रखा है :-कस्टम ड्यूटी जितना ज्यादा से ज्यादा हो सके कम किया जाए जिससे स्मगलिंग रोकने में बढ़ावा मिले और देश का व्यापार सुचारू रूप से चल सके,,इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज IIBX द्वारा ट्रांजैक्शन करने पर 0.5% का एक्स्ट्रा बेनिफिट मिले जिससे यह एक्सचेंज भी सुचारू रूप से चल सके और ज्वैलरी इंडस्ट्री को इसका फायदा मिल सके,,पूरे देश में केवल IIBX के थ्रू ही सोना, आयत की इजाजत होनी चाहिए,,पूरे देश में एक्सपोर्ट करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत केवल आईआईटीबीएक्स के थ्रू हीएम चैनल बनाना चाहिए जिससे ज्वैलरी इंडस्ट्री को सभी जगह नहीं भटकना पड़े और सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत कार्य हो जाए जिससे हमारे देश का एक्सपोर्ट को बढ़ावा मिल सके और देश को विदेशी मुद्रा का लाभ मिले,, गिफ्ट सिटी में पूरा एक्सपोर्ट डिवीजन का निर्माण किया जाए जिसमें एक ही जगह पर देश का कोई आम ज्वेलर्स भी अपने प्रोडक्ट को ले जाकर वहां के जरिए पूरे विश्व के मार्केट से जुड़कर उसको बिक्री कर सके और सारे कानूनी प्रक्रियाओं की जटिल समस्याओं से उसको राहत मिले,,सरवन गोल्ड बॉन्ड के अंतर्गत किए गए निवेश पर कंज्यूमर को इनकम टैक्स में छूट प्रदान की जाए,,अन्य वस्तुओं की तरह ज्वेलरी के लिए भी बैंकों से तथा अन्य माध्यम से लोन मिल सके और ईएमआई पर लोग ज्वेलरी खरीदी कर सके जिससे भाव बढ़ने का असर ज्वैलरी इंडस्ट्री पर ना आए और आम आदमी ज्वैलरी इंडस्ट्री से दूर न जाए,,पूरे देश में हॉलमार्किंग एक समान लागू होना चाहिए और उसके नियमों में सरलीकरण होना चाहिए उससे संबंधित कई ऐसे नियम कायदे कानून है जिससे आम ज्वेलर्स परेशान हैं उनके ऊपर सरकार को ध्यान देना चाहिए और पूरे देश में उसके इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर सरकार को संज्ञान लेना चाहिए ,,इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्स ए G R मैं सरलीकरण लाना चाहिए पुराने सोने पर खरीदी करते वक्त जीएसटी हटा देनी चाहिए जिससे आम कंस्यूमर को नुकसान ना हो भारत के ज्वेलर्स को पहले सहकारी लाइसेंस मिलता था जो कि अब बंद कर दिया गया है लेकिन कॉर्पोरेट कंपनियों को पूरा अधिकार दे दिया गया है तमाम प्राइवेट कॉर्पोरेट कंपनियों के पास यह काम करने का अधिकार है पर आम ज्वेलर्स के हाथ से छीन लिया गया है वह प्रक्रिया आम ज्वेलर्स को वापस की जाए छोटे मध्यम वर्गीय एक्सपोर्टर्स को आसानी से गोल्ड मिलना चाहिए उसकी प्रक्रिया सरल होनी चाहिए एलडीसी लिस्ट डेवलपमेंट कंट्रीज जैसे देशों के साथ व्यापार करने की दिशा को बढ़ावा नहीं देना छी३'२ तथा फ्री ट्रेड एरिया एफडीए इनके साथ ट्रेड करने से जहां टैक्स लगता है गोल्ड के ट्रांजैक्शन में वह प्रभावित होता है घरों में रखे सोने को बेचने पर कैपिटल गेन में भारत सरकार को आम कंस्यूमर को रियायत देनी चाहिए। पिछले वर्ष डी आर ए ने पूरे देश में बहुत जगह छापे मारकर स्मगलिंग का सोना बरामद किया ड्यूटी घटना से ज्वैलरी इंडस्ट्री को बहुत बड़ी राहत मिलेगी भारत की ज्वैलरी इंडस्ट्री प्रमुख रूप से सरकार से यही डिमांड करती है कि हमारे ऊपर इतनी ज्यादा कानून न लगाकर हमें सिंगल विंडो सिस्टम के अंतर्गत सरलीकरण प्रक्रिया के तहत कार्य करने का अवसर मिले जिससे हम लोग अन्य दिशाओं में भी अपने व्यापार को बढ़ाकर सरकार को टैक्स दे सकें और व्यापार को ऑर्गेनाइज्ड दिशा में ले जा सके हम पर कानून का बोझ कम होना चाहिए।



# नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ में बदमाश को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा ।** नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ में एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के लिखाफ लूट, चोरी समेत अन्य वारदातों के एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध असलहा और चोरी की एक बाइक बरामद की है। दिल्ली के थाना कल्याणपुरी का रहने वाला यह बदमाश नोएडा और दिल्ली दोनों जगह पर लूट और चोरी जैसी वारदातों को लगातार अंजाम देता आ रहा है।




पुलिस ने बताया है कि बुधवार को थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस सेक्टर-54 चौकी के सामने चेकिंग कर रही थी। तभी एक व्यक्ति बाइक पर आता हुआ दिखा। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। इस दौरान उसकी बाइक फिसलकर गिर गई।

इस बीच उसने अवैध तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी करवाई में नई दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी बदमाश मनीष गोली लगने से घायल हो गया। मनीष के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और दिल्ली से चोरी हुई बाइक बरामद की है। मनीष के खिलाफ अलग-अलग थानों में लूट चोरी समेत अन्य मामले दर्ज हैं।

एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया है कि गिरफ्तार बदमाश पर लूट, चोरी समेत अन्य अपराधों के एक दर्जन से ज्यादा मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। यह दिल्ली और नोएडा में वारदातों को अंजाम देता आ रहा है। काफी दिनों से पुलिस को इसकी तलाश थी। मनीष के पास से जो बाइक बरामद हुई है उसे इसने दिल्ली से चोरी किया था। पुलिस मनीष के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

# शूटिंग में पिता-पुत्री ने जीता स्वर्ण पदक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** नई दिल्ली के डॉ0 कर्णी सिंह शूटिंग रेज पर आयोजित प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में पिलखुवा निवासी आईएएस संजय चौहान व उनकी पुत्री रिषिका चौहान ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। सम्राट पृथ्वी राज चौहान शूटिंग रेज के कोच शहबाज खान ने बताया कि रिषिका चौहान हापुड़ के एक स्कूल की छात्रा है। रिषिका शूटिंग में देश का नाम रोशन करना चाहतीहै।



दिल्ली में आयोजित चैंपियनशिप क्ले मिजन ट्रैप शूटिंग जूनियर में रिषिका ने भाग लिया था। रिषिका का स्कोर सबसे आधिक रहा। इसी प्रतियोगिता के क्ले मिजन हैम शूटिंग के मास्टर वर्ग में रिषिका के पिता आईएएस संजय चौहान ने अच्छे स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया। आईएएस संजय चौहान ने तीसरी बार पदक पाकर जिले का नाम रोशन किया है। आपको बता दें कि सहारनपुर में आईएएस संजय चौहान नगर आयुक्त के पद पर तैनात है।

# 3 जुलाई को किसानो की समस्याओं का नहीं हुआ समाधान तो होगा आंदोलन: सुनील प्रधान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नॉएडा।** किसानों की समस्याओं को लेकर गांव के किसान एवं भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रॉबिन नागर यमुना प्राधिकरण पहुंचे ओएसडी शैलेंद्र कुमार से मुलाकात कर किसानों के मुद्दे पर वार्ता हुई वार्ता में किसान और यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारियों में बहस हो गई जिसको लेकर किसान ऑफिस के सामने ही धरना देकर बैठ गए और किस नारेबाजी करने लगे मीडिया प्रभारी सुनील प्रधान ने बताया सभी किसान नीचे ग्राउंड पर बैठकर पंचायत चलने का निर्णय लिया पुलिस किसानों को समझने में लगी रही किसान नेताओं ने अपने-अपने लोगों को पंचायत में बुलाने की अपील की पंचायत में एचडी शैलेंद्र सिंह को बुलाया गया और उन्होंने बताया मेरे कहने में और किसानों के समझने में थोड़ा फेर रहा है फिर भी मैं सभी किसानो से माफी मांगता हूं जिस पर किस कमेटी ने निर्णय लिया 3 जुलाई दिन बुधवार को किसानो की जो समस्याएं बताई गई है अगर उनका समाधान नहीं हुआ तो 3 जुलाई की मीटिंग होने के बाद जो भी निर्णय कमेटी में लिया जाएगा वही आदेश होगा इसी पर आज का धरना समाप्त किया गया इस मौके पर पवन खटाना रॉबिन नागर अनित कसाना भगत सिंह राजे प्रधान राजीव मलिक चंद्रपाल बाबूजी सुबेराम मास्टर सोनू मुखिया संजू मोरना अमित डेढा प्रदीप महेश खटाना योगेश भाटी रजनीकांत अग्रवाल विनोद शर्मा संदीप चपराना नागेश जगत प्रधान ललित चौहान राजू चौहान बिरजू लाला यादव सुनील यादव अतुल चौहान पीतम सिंह अमित जैलदार अरविंद इंद्रीश चेची जीते गुर्जर परवीन अजीत गैराठी सुंदर खटाना संदीप खटाना पवन नगर बिरजू अवनीश जलपुरा राजमल देवेंद्र आर्य धनीराम मास्टर भूषण सुनील यादव अतुल चौहान बिन्नू आदि सैकड़ो किसान मौजूद रहे।



# 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को प्रशिक्षिका पारुल रैथन द्वारा ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**दादरी।** नगर पालिका परिषद दादरी सभागार में एचसीएल फाउंडेशन और सीडीसी ट्रस्ट के सौजन्य से सफाई मित्रो के 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को प्रशिक्षिका पारुल रैथन द्वारा ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का समापन गीता शर्मा पालिका अध्यक्ष के द्वारा कराया गया और सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और उन्होंने सभी सफाई मित्रो से आह्वाहन किया की सभी लोग प्रशिक्षण के माध्यम से सीखी हुई जानकारी आदि का प्रयोग दादरी नगर को साफ करने में अपनाए । इस अवसर पर एचसीएल प्रोजेक्ट मैनेजर शक्ति मिश्रा, पारुल रैथान प्रशिक्षिका, शक्ति मिश्रा,नरेंद्र सिंह राठौड़,बिजेंद्र, विक्रम और सीडीसी स्टाफ और नगर पालिका के सफाई मित्र उपस्थित रहे ।




# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार ट्रक डिवाईडर से टकराया, चालक की मौत, परिचालक घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव दुहाई के निकट एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होगया, ट्रक चालक व परिचालक ट्रक के अगले हिस्से में दब गए। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई ,जबकि परिचालक की हालात गंभीर बताई जा रही है। पंजाब के लुधियाना से एक दस टायरा ट्रक लोहे की कच्ची सिल्ली लेकर हरियाणा के फरीदाबाद जा रहा था। जब ट्रक ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव दुहाई के निकट पहुंचा तो ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाईडर से जा टकराया।

**सम्मान** पीड़ित परिवार की सुरक्षा और एक करोड़ की सरकार आर्थिक मदद करें: सलीम सैफी

# दोहरे हत्याकांड के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाये: डॉ.शोएब

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद ।** धौलडी गांव निवासी आम के बाग के ठेकेदार और उनके बेटे शाहनवाज की हत्या कर दिए जाने और हत्यारों की चार दिन बित जाने के बाद भी गिरफ्तारी ने होने पर। उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शहनवाज आलम जी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल धौलडी गांव भेजा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ शोएब अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सलीम सैफी, महानगर अध्यक्ष सैयद वली हसन , महानगर उपाध्यक्ष फईम भाई,नदीम सैफी के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मुलाकात की ।

**उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है :- सैयद वली हसन**

पीड़ित परिवार की प्रदेश अध्यक्ष शहनवाज आलम से मोबाइल फोन पर बात कराई। प्रदेश अध्यक्ष शहनवाज आलम ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिया कि अल्पसंख्यक कांग्रेस उन्हें न्याय दिलाने के उनके साथ है।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ शोएब ने सरकार से मांग की कि दोहरे हत्याकांड के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। जिला अध्यक्ष सलीम सैफी ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया गाजियाबाद अल्पसंख्यक कांग्रेस उनके साथ खड़ी है। जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला प्रशासन से मांग करतीं हैं कि हत्यारों को शिघ्र से शिघ्र गिरफ्तार करे और पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद करें। महानगर अध्यक्ष सैयद वली हसन ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी ने होने पर कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। अपराधियों में कानून का खोफ नहीं है। योगी सरकार का कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है। योगी जी का बिल डोजर कहां है।



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ सर्वेक्षण 2024
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# कार्यालय नगर पालिका परिषद शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर

पत्रांक 912/ न0पं0परि0शि0/2024 दिनांकः- 27.06.2024

## आवश्यक सूचना

भारत सरकार संख्या 178 नई दिल्ली शुक्रवार 18 मार्च 2016 अपशिष्ट प्लास्टिक अधिनियम 216 तथा भारत सरकार का राजपत्र संख्या 459 नई दिल्ली 12 अगस्त 2021 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक प्रबन्धन (संशोधन) नियम 2021 द्वारा एवं सरकारी गजट उत्तर प्रदेश के 15 जुलाई 2018 एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भारत सरकार के पत्रांक NO B17011/7/UPC-II-PWM (SUP)/2022 Dated 30-06-2022 एवं राज्य सरकार मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) लखनऊ उ0प्र0 के पत्र संख्या पी0एम0यू0 /6142/524/2020-21 दिनांक 20 जुलाई 2022 द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में **नगर पालिका परिषद शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर** के सीमान्तर्गत प्रतिबन्धित प्लास्टिक एवं थमाकोल के सामग्री के विनिर्माण, आयात, वितरण, बिक्री और उपयोग पर नियमानुसार प्रतिबन्धित लागू है।

1. 75 माईक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक कैरी बैग और वस्तु 30 सितम्बर 2021 से प्रतिबन्धित है तथा 120 माईक्रोन से कम मोटाई के समस्त प्रकार की एकल उपयोग प्लास्टिक 31 दिसम्बर 2022 से पूर्णता प्रतिबन्धित है।
2. 01 जुलाई 2022 की तारीख से निम्नलिखित सामग्री प्रतिबन्धित है-

(1) पोलीस्टाइरीन और विस्तारित पोलीस्टाईरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण वितरण बिक्री और उपयोग को पूर्णतः निषेध किया गया है।

(2) प्लास्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झण्डे, कैडी स्टिक, आईस्क्रीम की डंडिया, पोलीस्टाईरीन (थमाकोल) की सजावट सामग्री।

(3) जो कम्पोस्टिक योग्य न हो ऐसी प्लास्टिक से बनी प्लेटें कप, गिलास,कोटे, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी मिठाई के डिब्बे के इर्द- गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, नियन्त्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर ट्रे का भी 01 जुलाई 2022 से प्रयोग प्रतिबन्धित है।

**इन सामग्रियों का विनिर्माण, आयात भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग करना प्रतिबन्धित है पाये जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध अधिसूचना के निर्धारित नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।**

- अपने घरों का कूड़ा सड़क पर न फेके तथा घर पर दो डस्टबीन एक हरा व दूसरा नीले रंग का रखे हरे डस्टबीन में गीला कूडा व नीले डस्टबीन में सूखा कूडा रखे।
- नगर पालिका के डोर- टू- डोर कूडा कलैक्शन में लगे वाहन में ही कूडा डाले।
- नगर पालिका से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत टोल फ्री न0 1533/8923865030/14420 पर दर्ज करा सकते है।
- व्यवसायिक क्षेत्रों में सांय 5.00 बजे के उपरान्त नगर पालिका का वाहन आने पर कूडा सम्बन्धित कर्मचारी को दें।
- पालीथीन का प्रयोग न करें, घर से कपडे या जूट का थैला, कैरिबैग आदि लेकर ही सामान खरीदने निकले।
- स्वच्छता ऐप का प्रयोग करें। कहीं गंदगी पाये जाने पर स्वच्छता ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करायें। स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान फोन कॉल आने पर अपना फीड बैक अवश्य दें। अपने नलों से अनावश्यक पानी न फैलने दें। कही खुले में शौंच न जाये।
- जल संरक्षण हेतु घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठान आदि में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाये।
- सड़क के किनारे लगाये जा रहे डस्टबीन का प्रयोग कर नगर को साफ रखने में सहयोग प्रदान करे।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद शिकारपुर
जनपद-बुलन्दशहर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद शिकारपुर
जनपद-बुलन्दशहर

# सदर तहसील के नायब तहसीलदार उत्तर प्रदेश के मंत्री, विधायक के आदेश का कर रहे उल्लंघन जिलाधिकारी एवं एसडीएम सदर को गलत रिपोर्ट देकर किया गया गुमराह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के अनेक विभागों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा मंत्री, विधायक के आदेशों का पालन नहीं करने की पहले भी खबरें सामने आई है जिसपर उनके विरुद्ध कायार्वाही भी होती दिखाई दी गई है। परंतु बुलंदशहर की सदर तहसील में एक ऐसा मामला देखने को मिला है जहां मंत्री, विधायक के आदेश का उल्लंघन करने पर भी संबंधित कर्मचारी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके कारण पीड़ित डर-डर की ठोकरे खा रहा। और अधिकारियों के लगातार चक्कर लगा रहा। लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा।

बता दें कि बुलंदशहर की सदर तहसील के अंतर्गत अगौता थाना क्षेत्र में गांव नगला ढकौली निवासी मीर सिंह पुत्र लिक्खी सिंह सेवानिवृत प्रधान सहायक कलेक्ट्रेट बुलंदशहर की जमीन पर गांव सजापुर धमेड़ा थाना कोतवाली देहात निवासी शब्बीर खान पुत्र शेर खान, मोहब्बत पुत्र शब्बीर, दलवीर पुत्र जीवन तथा प्रदीप, पुनीत पुत्रगण दलवीर दबंग लोगों द्वारा दबंगई से अवैध कब्जा कर लिया, उक्त लोगों ने गाली गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत मीर सिंह द्वारा पुलिस, शासन, प्रशासन के उच्च अधिकारियों से एवं विधायक और मंत्री से की। विधायक राजपाल सिंह बालियान नेता विधान मंडल दल राष्ट्रीय लोक दल उत्तर प्रदेश के द्वारा नियम 51 के अंतर्गत विधानसभा उत्तर प्रदेश में उक्त के संबंध में प्रश्न उठाया। जिस पर शासन को अखियां भेजी गई की उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकार की संयुक्त टीम गठित कर प्रकरण का निस्तारण कराया जाए किंतु प्रार्थी की समस्या का निस्तारण नहीं कराया गया। नरेंद्र कश्यप राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ ने पत्र एसडीएम सदर बुलंदशहर को लिखकर निर्देशित किया गया कि उक्त के संबंध में अवैध कब्जे को हटाया जाए। किंतु प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं की गई। डॉ अरुण कुमार प्रभारी मंत्री जनपद बुलंदशहर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार वन पर्यावरण जंतु उद्यान विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ ने जिला अधिकारी को निर्देशित दिया कि उप जिलाधिकारी सदर एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस उक्त की समस्या का निस्तारण करें। जिसपर भी समस्या का निस्तारण नहीं कराया गया। मीर सिंह द्वारा उप जिलाधिकारी तहसील सदर बुलंदशहर के समक्ष भी एक प्रार्थना पत्र दिया गया जिसपर एसडीएम द्वारा आदेशित किया गया कि नायब तहसीलदार नगर एवं एसएचओ थाने से पर्याप्त पुलिस बल को लेकर उक्त की समस्या का निस्तारण करायें किंतु नायब तहसीलदार ललित नारायण प्रशांत ने समस्या का निस्तारण नहीं कराया। नायब तहसीलदार नगर के कार्यालय का लगातार पीड़ित लग रहा चक्कर लेकिन समस्या का नहीं किया जा रहा निस्तारण। पीड़ित द्वारा नायब तहसीलदार सदर ललित नारायण प्रशांत पर यह भी आरोप लगाया कि उक्त कार्य करने के बदले अवैध रूप से रिश्वत की मांग की गई। तथा यह भी कहा कि ऐसे विधायक, मंत्री के आदेशों का मैं पालन नहीं करता कितने आदेश आते हैं सबको मैं ऐसे ही रद्दी में डाल देता हूं तुम्हारा कार्य जब तक नहीं होगा जब तक पैसे नहीं दोगे। जिसकी शिकायत पीड़ित वीर सिंह द्वारा मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ से की।

# नाबालिग से गैंगरेप मामला: सारिक, मुरस्लीन और जाहिद तीनों पुलिस की जांच के घेरे में

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एक नाबालिग से गैंगरेप मामले में पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया है। दरअसल, एक किशोरी को रेड बुल में नशीला पदार्थ पिलाकर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। यही नहीं, इस दौरान किशोरी के प्राइवेट पार्ट में 10 टांके भी आए है। जिसके लिए आरोपियों ने 2300 रुपये भी थमाए है। वहीं, इसमें आरोपियों ने भाई को जान से मारने की धमकी देकर पीड़िता को कई दिन तक उसे बंधक भी बनाए रखा।

बताया जा रहा है कि यह घटना 11 जून की है। एक रिश्तेदार जब घर पहुंचा तो मामले का खुलासा हुआ है। हालांकि पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। कब और कैसे हुए घटना मूलरूप से बागपत जिले में अशरफाबाद थल निवारी एक परिवार फिलहाल गाजियाबाद में टीला मोड़ थाना क्षेत्र के गांव पसौंडा स्थित प्रेम गार्डन में रहता है।


परिवार में मां और उनके तीन बच्चे हैं। मां फ्लैट्स में झाड़ू-पोंछा करके परिवार का गुजारा करती है। छोटे दो भाइयों की देखभाल 15 वर्षीय किशोरी करती है। पीड़िता किशोरी के अनुसार 11 जून को मां काम पर गई थी और दोनों भाई मदरसे में पढ़ने गए थे। दोपहर 12 बजे के आसपास मोहित नाम का लड़का कमरे पर आया औरबोला कि मेरी मां शालीमार रोड पर खड़ी हैं उन्होंने मुझे बुलाया है,ये कहककर मोहित मुझे अपने साथ ले गया। वो मुझे शालीमार गार्डन में बुध बाजार की एक बिल्डिंग में ले गया। वहां पर हमारे मकान मालिक का भतीजा सारिक पहले से मौजूद था। दोनों ने मुझे बैठा लिया और कहा कि तेरी मां अभी दवाई लेकर आ रही हैं।' पीड़िता ने बताया कि दोनों आरोपियों ने उसे रेड बुल एनर्जी ड्रिंक पिलाई। इसे पीकर मुझे चक्कर आने लगे। इसके बाद मोहित और सारिक ने मेरा रेप किया। एसीपी का बयान एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि इस मामले में मोहित जावेद, सारिक, मुरस्लीन और जाहिद पर केस दर्ज किया गया है।

इसमें कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा, बच्ची का इलाज कर गंभीर क्राइम होने के बाद भी उसकी जानकारी नहीं देने पर इलाज करने वाले डॉक्टर की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में जानकारी मिलने के बाद ही एक्शन शुरू कर दिया है।

# चोरों के हौसले बुलंद: पत्रकार के कार्यालय के बाहर से बाइक चोरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** चोरों के हौसले बुलंद देखने को मिल रहे है। पत्रकार के कार्यालय के बाहर से ही पत्रकार की बाइक चुरा ली गई है। मामला थाना वेव सिटी क्षेत्र अंतर्गत डासना स्टैंड, एशियन न्यूज हेड ऑफिस के बाहर का है जहां बीती रात लगभग 10:30 पर रात्रि में पत्रकार का भाई पत्रकार के लिए खाना लेकर आया था। घर जाने के लिए निकल तो देखा कि बाइक गायब है।

इधर उधर ढूंढने पर भी बाइक नजर नहीं आई तब 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। पत्रकार चौधरी अफसर ने बताया कि मेरा छोटा भाई मेरे लिए रात में खाना लेकर आया था तभी वह घर जाने के लिए निकला तो देखा कि ऑफिस के बाहर से बाइक गायब हो गई है। बाइक का नंबर UP 14 FM 7413 है। आसपास में ढूंढा तो कोई पता नहीं चला। तभी 112 पर पुलिस को शिकायत की गई है। थाना वेव सिटी में भी तहरीर देदी गई है।

# एक छात्रा लंबे समय सेआईएएस की परीक्षा के पाठ्यक्रम और पढ़ाई को लेकर बदलाव की मांग,जिलाधिकारी कार्यालय परिसर पर खड़ी उनकी कार के आगे बैठ कर नाराजगी जाहिर की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद विजय नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली दसवीं कक्षा की एक छात्रा लंबे समय सेआईएएस की परीक्षा के पाठ्यक्रम और पढ़ाई को लेकर बदलाव की मांग कर रही है। पूर्व में अधिकारियों ने उसे निशुल्क कोचिंग करने का आश्वासन भी दिया था। बताया जा रहा है बुधवार को वह छात्रा विजयनगर अपने आवास से जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंची। वहां उनसे मुलाकात की अपनी मांग रखी और इसके बाद वह जिलाधिकारी कार्यालय में परिसर पर खड़ी उनकी कार के आगे बैठ गई। इस दौरान वहां मीडियाकर्मी भी मौजूद थे। छात्रा ने कहा कि वह आईएएस परीक्षा में बदलाव और विषय भी को लेकर परेशान है लेकिन उसकी कोई ह मदद नहीं कर रहा है। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों ने उसे समझाया और फिर पुलिस के साथ उसके आवास भेजा गया। हालांकि बताया जा रहा है कि छात्रा अभी दसवीं की ही छात्रा है, पर वह अपने भविष्य और आईएएस बनने के सपने को साकार करने के लिए बेहद परेशान रहती है। छात्रा सोशल साइंस की पढ़ाई को लेकर थी परेशान सूत्रों से जानकारी मिली है कि छात्रा विजयनगर जिलाक्षेत्र की रहने वाली है। दसवीं की छात्रा है और वह चाहती है कि सिविल सर्विसेज की तैयारी करने के लिए उसे दसवीं से ही निशुल्क कोचिंग और एडवाइस दिए जाएं। वह सोशल साइंस की पढ़ाई को लेकर बेहद चिंतित है। अधिकारी पहले भी छात्रा को कर चुके हैं गाइड आईएएस बनने का सपना देखने वाली छात्रा जब जिलाधिकारी की कार के आगे बैठ गई तो इस मामले को लेकर जब कई अधिकारियों से बातचीत की गई। तो पता चला कि यह छात्रा पहले भी कई अधिकारियों से मिल चुकी है अधिकारियों द्वारा उसे कई तरीके का मार्गदर्शन दिया गया था लेकिन उससे वह संतुष्ट नहीं हुई थी। पूर्व में उसे कई अधिकारियों ने मार्गदर्शन भी दिया लेकिन वह संतुष्ट नहीं हुई और बुधवार को नाराज होकर जिलाधिकारी की गाड़ी के आगे बैठ गई थी।



# धर्म छिपाकर युवती से की शादी, पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** थाना अंकुर विहार क्षेत्र की एक कॉलोनी में लव जिहाद का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि युवक ने धर्म छिपाकर युवती से शादी की। जब युवती को सच्चाई का पता चला तो उसने विरोध किया। इस पर आरोपी ने युवती की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया है। समीर ने नरेश बनकर की थी दोस्ती पुलिस के मुताबिक युवती की एक साल पहले नरेश उर्फ समीर से दोस्ती हुई थी। बाद में पता चला कि समीर ने अपना नाम बदलकर खुद को नरेश निवासी सीमापुरी दिल्ली बताया था। बाद में दोनों की मुलाकात हुई। समीर रोजाना युवती से फोन पर बात करने लगा। युवती पहले दिल्ली के मानसरोवर पार्क स्थित एक फैक्ट्री में काम करती थी, लेकिन बाद में आरोपी ने उसे अपने साथ फैक्ट्री में नौकरी लगवा दी। इसके बाद आरोपी उसके घर आने-जाने लगा। आरोप है कि 13 मार्च को आरोपी ने युवती से शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए और किसी को न बताने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो उसने शादी का आश्वासन दिया। हरिद्वार के मंदिर में मांग भरी, फेरे नहीं लिए 23 मई को आरोपी युवती को हरिद्वार ले गया और अगले दिन शिव मंदिर में उससे शादी कर ली। आरोपी ने युवती की मांग तो भरी, लेकिन सात फेरे नहीं लिए और न ही मंत्र पढ़े। इसके बाद समीर युवती को दिल्ली स्थित अपनी दुकान पर ले गया। फिर वहां के लोग नरेश की जगह आरोपी को समीर कहने लगे। युवती ने जब इस बारे में पूछा तो उसने अपना धर्म और घर का पता शहीद नगर गाजियाबाद बताया। धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव युवती का आरोप है कि समीर ने उसका धर्म बदलकर उससे शादी कर ली और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। उसने उसे जान से मारने की धमकी दी, लेकिन उसने धर्म परिवर्तन नहीं किया। इसके बाद आरोपी ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। वह किसी तरह समीर के चंगुल से छूटकर घर आई और अपने परिजनों के जरिए पुलिस से शिकायत की। पुलिस का बयान इस संबंध में अंकुर विहार एसीपी भास्कर वर्मा का मामले में आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# गुरुग्राम में दो महिलाएं बंधी शादी के बंधन में : हिंदू रीति रिवाज में किया विवाह, पति-पत्नी बन सात जन्म साथ रहने की खाई कसमें

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुरुग्राम ।** गुरुग्राम में दो महिलाओं की शादी की फोटोज वायरल हो रही है। इसमें खास बात यह है कि इन दोनों महिलाओं ने आपस में शादी की है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कई जोड़ों ने समलैंगिक विवाह करने का फैसला किया है। उन्हीं में से अब गुरुग्राम की युवतियों ने भी समलैंगिक शादी रचाई है।

यह शादी दो महीने पहले हुई थी, लेकिन अब सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो वायरल होने के बाद यह शादी चर्चा का विषय बन गई है। कौन है शादी रचाने वाली जानकारी के मुताबिक, समलैंगिक जोड़े की पूरे रीति रिवाज के साथ शादी की रस्में निभाई गईं। दोनों ने एक-दूसरे को जयमाला पहनाकर मांग में सिंदूर भरा और सात फेरे भी लिए। गुरुग्राम की रहने वाली अंजू शर्मा पेशे से टीवी कलाकार हैं।

उन्होंने मूलरूप से फतेहाबाद की रहने वाली मेकअप आर्टिस्ट कविता से शादी की। इस रिश्ते में अंजू पति का किरदार निभा रही हैं और कविता पत्नी का। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अंजू शर्मा ने कुछ दिन पहले ही शादी का वीडियो और फोटो शेयर किए। उन्होंने बताया कि दोनों में पहली नजर में ही प्रेम हो गया था।

**दो महीने पहले धर्मशाला में की शादी**
**चार साल तक दोनों प्रेम संबंधों में रहीं। फिर फैसला लिया कि दोनों शादी करके साथ जीवन बिताएंगी। शादी को हुए करीब दो महीने हो गए हैं**

दो महीने पहले धर्मशाला में की शादी चार साल तक दोनों प्रेम संबंधों में रहीं। फिर फैसला लिया कि दोनों शादी कर-के साथ जीवन बिताएंगी। शादी को हुए करीब दो महीने हो गए हैं। शादी गुरुग्राम के मदनपुरी स्थित छोटी पंचायत धर्मशाला में हुई थी। फिलहाल, दोनों शादी के बंधन में बंधकर काफी खुश हैं और सोशल मीडिया पर लगातार वीडियो भी शेयर कर रही हैं।

# पहली बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत तो जलभराव-नगर निगम की पोल खोलता हुआ गाजियाबाद शहर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दिल्ली-एनसीआर समेत इलाके में बुधवार आधी रात से शुरू हुई बारिश ने मौसम का मिजाज बदलकर रख दिया है। इससे गर्मी से काफी राहत मिली है। हालांकि कई स्थानों पर जलभराव है तो कहीं बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि अगले एक सप्ताह तक इसी तरह रुक-रुककर बारिश होती रहेगी। जिले का तापमान गुरुवार को 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। जबकि बुधवार को यही तापमान 36 डिग्री था। ऐसे में यहां आठ डिग्री सेल्सियस तापमान बारिश के कारण गिरा है और मौसम सामान्य हुआ है। फिलहाल मौसम में नमी 88 फीसदी है। अगर बारिश थोड़ी देर के लिए भी रुकती है तो ये नमी लोगों को और ज्यादा परेशान कर सकती है। मौसम विभाग ने 5 जुलाई तक इसी तरह बारिश का अलर्ट जारी किया है। देरी से आफिस पहुंचे लोग बारिश व जलभराव के कारण लोग घरों से काफी देरी से निकले। वजह थी कि लोग बारिश बंद होने का इंतजार कर रहे थे लेकिन हालात नहीं संभले तो किसी तरह बचाव का बंदोवस्त कर लोग घरों से निकल आए। ऐसे में जहां नौकरीपेशा लोग दफ्तरों को देरी से पहुंचे, वहीं बाजार में देर से खुला। इधर, बिजली सप्लाई बाधित होने के कारण परेशानी और बढ़ गई है।





**गाजियाबाद।** थाना नंदग्राम क्षेत्र की KDP सोसायटी में गाय प्रेमी महिला कार्यकर्ताओ के साथ RWA और सफाई कर्मचारियों ने कानून को ताक में रखकर की मारपिटाई, गाय प्रेमी महिलाए गायों को आटे में कांच मिलाकर खिलाने,कुत्तों को जहर देकर मारने का कर रही थी विरोध।

अभद्रता की सारी सीमाएं लांघी,महिलाओं को 15 फीट गहरे नाले में गिराकर जान से मारने का प्रयास किया। महिला कार्यकर्ताओ के पर्स और फोन छीने। पुलिस FIR दर्ज, परंतु पुलिस ने अब तक नहीं की कोई करवाई। इन्हें न्याय दिलाने के लिए ज्यादा से ज्यादा शेयर करें।

# महिलाएं संभालेंगी थानों की कमान अपराध का करेंगी खात्मा,हर भूमिका में खुद को साबित करती हैं महिलाएं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर,जोरों,शोरों से काम कर रही हैं। इसी को लेकर पुलिस विभाग में भी महिला पुलिसकर्मी को पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाते हुए देखा जाता है। इसी क्रम में एक बड़ा कदम उठाते हुए गाजियाबाद के अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में चार महिला सब इंस्पेक्टरों की नियुक्ति की है।

गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर (Ghaziabad Police Commissioner) अजय कुमार मिश्रा ने बताया है कि पुलिस स्टेशन बैंक जैसा नहीं है। यहां कोई निर्धारित जगह नहीं है और काम करने का कोई निर्धारित समय भी नहीं है। यह (police station) पुरुष-प्रधान है और ऐसे प्रयास महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका देते है। हर भूमिका में खुद को साबित करती हैं महिलाएं शहर के पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा ने बताया कि गाजियाबाद में 4,200 पुलिसकर्मी हैं। इसमें से 58 महिला सब-इंस्पेक्टर और 600 महिला कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल हैं। महिलाओं को हमेशा हर भूमिका में खुद को साबित करना पड़ता है, लेकिन पुरुष अपने अहंकार में सीमित रहते हैं। उन्हें लगता है कि वह पुरुष हैं, इसलिए उन्हें साबित करने के लिए ज्यादा कुछ साबित करने की आवश्यकता नहीं है।

महिला पुलिसकर्मियों को लीडरशिप में ज्यादा मौके नहीं मिलते हैं, इसलिए वे इससे बचना शुरू कर देती हैं। उनमें से अधिकांश पुलिस कार्यालयों और मुख्यालयों में प्रशासनिक कार्यों तक ही सीमित रहती हैं। पुलिस स्टेशनों की एसएचओ बनेंगी अजय मिश्रा ने कहा कि अगर उन्हें मौका दिया जाए तो महिलाएं कभी असफल नहीं होंगी। यह मेरा अपना अनुभव है। हर बार उन्होंने मेरी उम्मीद से भी बेहतर प्रदर्शन किया है। गाजियाबाद में 25 पुलिस स्टेशन हैं और अभी तक केवल महिला थाने की प्रमुख ही महिला अधिकारी हैं, लेकिन सामान्य पुलिस स्टेशनों में एसएचओ के रूप में महिलाओं की तैनाती नई बात है। ऐसी हैं महिला पुलिस अधिकारी जो संभालेंगी कमान

**चार 'लेडी सिंघम', जानिए किसको कहा मिली जिम्मेदारी घर हो या दफ्तर बाखूबी निभाती है महिलाएं अपनी जिम्मेदारी**

प्रीति सिंह प्रीति सिंह को लिंक रोड थाने का प्रभार दिया गया है। प्रीति सिंह ने कहा कि बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले मेरी पहली प्राथमिकता हैं और मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि सात दिनों के भीतर आरोप पत्र दाखिल कर दिया जाएं और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। ऋतु त्यागी ऋतु त्यागी को महिला थाने का एसएचओ बनाया गया है। यह इससे पहले विजयनगर पुलिस स्टेशन के पिंक बूथ की प्रमुख थीं, जो कि एक पुलिस स्टेशन में महिलाओं से संबंधित मामलों से निपटने वाला एक विशेष सेल है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिंक बूथ पर महिलाओं से संबंधित लगभग 400 मामलों को सुलझाया है और अब इस बड़ी जिम्मेदारी को निभाने के लिए तत्पर हैं। प्रीति गर्ग क्रॉसिंग रिपब्लिक सोसाइटी पुलिस स्टेशन की नई एसएचओ प्रीति गर्ग ने कहा कि यह एक नई जिम्मेदारी है और मैं रोमांचित हूं। यह मेरे करियर का एक नया अध्याय है। महिलाओं को जिम्मेदारी वाली भूमिकाएं मिल रही हैं रविता चौधरी महिला पुलिस अधिकारी रविता चौधरी को निवाड़ी थाना क्षेत्र की एसएचओ बनाया गया है।

इससे पहले वह मुरादनगर में पिंक बूथ की प्रभारी थीं। उन्होंने कहा कि वह निवाड़ी में अपराध दर, खासकर महिलाओं के खिलाफ अपराध को कम करने के लिए काम करेंगी।

**सम्मान** वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने अपने सम्बोधन मे कहा कि 140 करोड़ के देश मे केवल 14 लाख सैनिक है

# कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी, राज शर्मा, एडवोकेट अंशु त्यागी, गौरव सेनानी ज्ञान सिंह को MSME दिवस पर सम्मानित किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** चाणक्य पूरी , नई दिल्ली मे MSME दिवस मनाया गया । Indian Ex-Servicemen League और राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने कार्यक्रम मे भाग लिया ।

राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने अपने सम्बोधन मे कहा की 140 करोड़ के देश मे केवल 14 लाख सैनिक है । जो सैनिक है वो ये ना समझे की उनसे बड़ा कोई देश भक्त नहीं है। क्या चंद्र शेखर आजाद और भगत सिंह सैनिकों से कम थे ? ऐसे ही जो नागरिक है वो आज के सिपाही को 1947 का कम पढ़ा लिखा सिपाही न समझे। आज का सिपाही मिसाइल चलाता है और आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस से बने रोबोट डोग को भी नियंत्रित करता है। आवश्यकता है की सिपाही और नागरिक मे तालमेल हो, इसी का नाम राष्ट्रीय सैनिक संस्था है। टूरिज्म इंडस्ट्रिज के भीष्म पीतामाह और राष्ट्रीय सैनिक संस्था के नेशनल वेनगार्ड के सदस्य डा सुभाष गोयल , चैंबर फॉर सर्विस इंडस्ट्रिज के मेजर डा गुलशन शर्मा , भारत सरकार के टरटए मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव मर्सी अपाओ , टूरिज्म मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव ने कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी , श्रीमती राज शर्मा , एडवोकेट अंशु त्यागी , गौरव सेनानी ज्ञान सिंह को सम्मानित किया । यह प्रस्ताव भी रखा गया की सर्विस इंडस्ट्रिज (MSME , Tourism , Adventure , Guide etc मे भाग लेने वाले लोगों की सुरक्षा मे लगे लोगों को प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसका प्रारंभ राष्ट्रीय सैनिक संस्था पहले ही कर चुकी है।

इस अवसर पर इंडिया एक्स सर्विसमेन लीग के अध्यक्ष ब्रिगेडियर इन्द्र मोहन सिंह ,वेलनेस सेंटर की संयोजिका मोनिका बहल , एडवेंचर टूरिज्म के सी एम डी कैप्टन अवदेश कुमार , स्किल डेवेलपमेंट के उएड राजन बहादुर ने अपने अपने शब्दों मे पूर्व सैनिकों के लिए भारत सरकार की विशेष योजनाओ पर जानकारी दी और उन्हे इन योजनाओ मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर मेजर थॉमस , मेजर डागर , ब्रिगेडियर ओ पी यादव, मेजर जनरल अहलावत और राष्ट्रीय सैनिक संस्था के 50 डेलीगेट्स ने भाग लिया । मन्त्रालय के दो संयुक्त सचिवऔर टूरिज्म इंडस्ट्रिज के भीष्म पितामह डा सुभाष गोयल इत्यादि लोग मौजूद रहे।





( सूची संलग्न है ) कार्यक्रम का संचालन चैंबर ऑफ सर्विस इंडस्ट्रिज के डायरेक्टर जनरल मेजर गुलशन शर्मा ने किया । आज यह तय किया गया की आगे से भारत सरकार के इस तरह के पूर्व सैनिकों से संबंधित कार्यक्रमों मे राष्ट्रीय सैनिक संस्था को अवश्य शामिल किया जाएगा ।

कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी , राज शर्मा , एडवोकेट अंशु त्यागी , गौरव सेनानी ज्ञान सिंह को सम्मानित करते हुए भारत सरकार के MSME और टूरिज्म मन्त्रालय के दो संयुक्त सचिवऔर टूरिज्म इंडस्ट्रिज के भीष्म पितामह डा सुभाष गोयल इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निपटाएं: जिला जज

बुलन्द सदेश ब्यूरो

**हापुड़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली आदेशानुसार व उ0प्र0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशन में आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह ने जनपद के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह ने उपस्थित समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रशासनिक से संबंधित वादों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करने हेतु निर्देश दिये गये एवं समस्त अधिकारियों को भी ज्यादा से ज्यादा वाद प्री-लिटिगेशन/प्री-ट्रायल के माध्यम से निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया।



बैठक का संचालन नोडल अधिकारी/अपर जिला जज, डॉ0 रीमा बंसल की देखरेख में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ब्रहमपाल सिंह ने किया।

**आगामी 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा**

गौरतलब है,कि जिला जज मलखान सिंह ने बैंक अधिकारियों के साथ भी बैठक कर बैंकों से सम्बंधित वादों को अधिक से अधिक निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार,सीओ गढ़ आशुतोष शिवम, जिला विद्यालय निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर,प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी देशराज वत्स एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका हापुड़ मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिले के भूमाफियाओं पर कठोर कार्यवाही की जाए: जिलाधिकारी



बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने जनपद में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने अवैध शराब जब्ती, जघन्य अपराध पर कार्यवाही, मादक पदार्थ, गैंगस्टर एक्ट तथा गुंडा एक्ट, अनुसूचित जाति एवं जनजाति उत्पीडन, पास्को एक्ट, गंभीर अपराध, एंटी भूमाफिया, अवैध खनन जैसे अन्य बिंदुओं पर केश वाइज समीक्षा करते हुए अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने के लिए प्रभावी ढंग से पैरवी करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि गुंडा तथा बदमाशों पर कार्यवाही करने में किसी भी प्रकार से कोताही ना बरती जाए साथ ही कोई भी अपराधी खुले मे नही घूमना चाहिये। अनुसूचित जाति तथा जनजाति के उत्पीड? के मामले में पीड़ित व्यक्ति को पूर्णता न्याय मिलना चाहिए पीड़ित व्यक्ति को उपलब्ध कराई जाने वाली धनराशि के लिए शासन स्तर से बजट की मांग कर ली जाए इसके अलावा एससी एसटी एक्ट केस फाइल करने के दौरान एससी एसटी का प्रमाण पत्र अवश्य ले लिया जाए जिससे प्रभावी पैरवी की जा सके।

डीएम ने कहा कि सरकारी भूमि पूर्णतया कब्जा मुक्त होनी चाहिये। इसके लिया जनपद के भू माफियाओं पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जनपद में किसी भी स्थान पर अवैध खनन की सूचना नहीं आनी चाहिये इसके अलावा ऐसे अपराधी जिनके केस मे संपत्ति कुर्क करने के आदेश पारित हो चुका है,उन्हें तत्काल कुर्क किया जाये।

**अपराधियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी ढंग से पैरवी करें: डीएम**

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि गुंडा एक्ट तथा गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई वास्तविक अपराधी के ऊपर ही की जाए साथ ही इस एक्ट को लगाने से पहले अपराधियों के आपराधिक इतिहास को जरूर खंगाल ले।

इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वि/रा संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भव्य रासलीला तीसरा दिन: भक्तिमति मीराबाई की लाला का मंचन देखने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** श्री जगन्नाथ रथयात्रा सेवा समिति द्वारा कोठी द्वार स्थित श्री सनातन धर्म सभा भवन में भव्य रासलीला मंचन के तीसरे दिन आयोजित भक्तिमति मीराबाई की लीला का मंचन देखने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

**7 जुलाई को भव्य भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जायेगी**



स्वामी जयप्रियाशरण ने मीराबाई लीला में बताया कि मीराबाई ने स्वयं गिरधर गोपाल को अपना पति मान लिया था और उन्हीं की सेवा करती थीं ।परन्तु माता-पिता की परेशानी के बारे में सोचकर उनका ब्याह राजा भोजराज के साथ कर दिया गया। भोजराज ने उनकी भक्ति को देखते हुए अलग से एक महल भी बनवाया जहां वो बिना हस्तक्षेप के भजन करती थी। राजा की 10 वर्ष मित्र्यु के बाद उनके देवर राणा विक्रमादित्य और ननद उदा जो कि मीराबाई की भक्ति से खुश नहीं था । उस दोनों ने मिलकर मीराबाई को बहुत कष्ट दिये । एक समय मीराबाई के सोते समय उनके गिरधर गोपाल को चुराकर दूर एक जंगल मे गहरे गड्ढ़े में दबा दिआ और एक सपेरे द्वारा एक सांप को कैद कराकर मीराबाई को डंसने के लिए भेजा,और बोला इसमें तुम्हारे गिरधर गोपाल है,ठाकुर जी ने उस सांप में गिरधर गोपाल का रूप प्रकट करके मीराबाई की भक्ति का मान बढ़ाया ।

अन्त में परेशान होकर राणा ने अपनी बहन के साथ मिलकर मीराबाई को दूध में मिलाकर जहर पिला दिया जो कि ठाकुर जी ने अपनी लीला द्वारा अमृत बना दिया।

रासलीला महोत्सव में नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ काफी संख्या में लोगों ने लीला का आनन्द लिया। उत्सव में हरिओम, संजय, राजेश, विनय, अशोक, सुशील, संजीव, सौरभ, गोपाल, अजय, अनुराग।

# रेलवे पार्क में लायंस क्लब ने वाटर कूलर का किया लोकार्पण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गुरुवार को लायंस क्लब हापुड़ द्वारा अपने आठवें स्थायी प्रोजेक्ट का आठवां लायंस प्याऊ का लोकार्पण रेलवे पार्क में पूर्व नगर पालिका चेयरमैन के के मित्तल द्वारा किया गया। यह प्याऊ लायन स्व सुरेंद्र गुप्ता जी की स्मृति में उनके पुत्र लायन ध्रुव गुप्ता द्वारा लगवाया गया। लायंस प्याऊ प्रोजेक्ट चेयरमैन अजय मित्तल ने बताया गया कि यह सेवा लायंस क्लब हापुड़ द्वारा लगातार की जा रही हैं। और इसी श्रंखला में बहुत जल्द एक लायंस प्याऊ जिला कोर्ट में लगाया जाने वाला हैं। प्रमुख उद्यमी एवं समाज सेवी संजय कृपाल ने बताया कि लायंस क्लब हापुड़ का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के कार्य करना हैं। जिससे जनहित को अधिक से अधिक फायदा मिल सके। रेलवे पार्क में घूम रहे लोगों ने लायंस क्लब के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिदिन करीब दो हजार से तीन हजार लोग यहाँ आते हैं,जिनको इस लायंस प्याऊ का फायदा मिलेगा। इस अवसर पर लायन राकेश वर्मा,लायन ध्रुव गुप्ता , लायन राजीव सिंघल, लायन अजय मित्तल,अध्यक्ष लायन सचिन, लायन सौरभ अग्रवाल,प्रभात अग्रवाल, पुनीत मित्तल, राजीव सिंघल आदि लायन सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

**लायंस क्लब समाज सेवा के कार्य करने को सदैव तत्पर: संजय कृपाल**



# गढ़ अधिवक्ताओं के समर्थन में उतरी धौलाना बार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** जनपद की गढ़ तहसील के अधिवक्ताओं का गढ़ कोतवाल सहित कई पुलिस कर्मियों को निलंबित किए जाने को लेकर संघर्ष तेज हो चला है । इसी को लेकर धौलाना पंजीकृत बार ने भी अपना समर्थन गढ़ तहसील बार को दिया है । धौलाना बार अध्यक्ष जो की प्रयागराज है ने फोन पर हुई वार्ता में बताया की हमारी बार का गढ़मुक्तेश्वर तहसील बार को तब तक पूर्ण समर्थन रहेगा जब तक उन्हे न्याय नहीं मिल जाता । धौलाना बार के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा की पुलिस जानबूझ कर अधिवक्ताओं को परेशान करती है । जनपद हापुड़ में ये परिपाटी बन चुकी है की अधिवक्ताओं का जितना हो सके उतना उत्पीड़न पुलिस द्वारा कराया जाए । हापुड़ की पुलिस पूरी तरह निरंकुश हो चुकी है । हमारी बार जब तक गढ़मुक्तेश्वर के अधिवक्ताओं को न्याय नहीं मिल जाता उनके संघर्ष में साथ खड़ी रहेगी । चाहे कितनी ही लंबा संघर्ष करना पड़े किया जायेगा ।

**गढ़ के अधिवक्ताओं को न्याय मिलने तक धौलाना बार का रहेगा समर्थन: अनिल शर्मा पूर्व बार अध्यक्ष**



धौलाना पूर्व बार अध्यक्ष अनिल शर्मा

# सदर एसडीएम शहर के मुख्य नालों का करेंगे निरीक्षण, ईओ को किया निर्देशित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बरसात में मद्देनजर जनपद की सदर नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सभी 49 नालों की जेसीबी व अन्य मशीनों से सफाई कराई जा रही हैं। अब सदर उपजिलाधिकारी नगर पालिका परिषद के सफाई निरीक्षकों को साथ लेकर नाला सफाई कार्य निरीक्षण करेंगे। आपको बता दें,कि हापुड़ शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर छोटे बड़े 49 नाले हैं। बरसात शुरू होने से ही पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा नालों की सफाई कराई जा रही है। शहर के मुख्य बड़े नालों की दूसरी आर जेसीबी व अन्य मशीनों से सफाई कराई जा रही है। सदर एसडीएम शुभम सक्सेना ने बताया कि बरसात के दिनों में शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होने चाहिए। शहर के नालों की अच्छे ढंग से सफाई कराई जाये। वह स्वयं नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को साथ लेकर नाला सफाई कार्य का निरीक्षण करेंगे।

- **शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो**
- **हापुड़ शहर में छोटे-बड़े 49 नाले,सफाई कार्य जारी:ईओ**



डिप्टी कलेक्टर व नगर पालिका परिषद के कार्यवाही अधिशासी अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर के सभी नालों की सफाई कराई गयी है। अब शहर के मुख्य नालों की दुबारा सफाई कराई जा रही है। जिससे बरसात में शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो सके।

**हाईटेंशन विद्युत लाइन** | **एचटी लाइन हटवाने में आने वाला खर्चा लोगों को विभाग में जमा करना होगा**

# घरों के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन हटवाई जा सकती है: अधीक्षण अभियंता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** अगर कोई इंसान गलती करता है तो उसे सजा देने का प्रावधान है। लेकिन अगर कोई अधिकारी गलती करता है तो उसे सजा कौन देगा। क्योंकि शहरी क्षेत्र में एक दर्जन मोहल्लों व आवासीय कालोनी के ऊपर चौबीस घंटे मौत बनकर मंडरा रही हाईटेंशन लाइनों को हटवाने के लिए कालोनीवासियों द्वारा कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके है। प्रभावित लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों व विधायक से लेकर प्रदेश की मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई। इसके बावजूद भी हाईटेंशन लाइनों को हटवाने के लिए किसी ने कोई कदम नहीं उठाया।

- **आधा दर्जन से अधिक मौहल्लों पर मौत बनकर मंडरा रही हाईटेंशन विद्युत लाइन**
- **एक दर्जन से अधिक लोगों की हो चुकी है मौत**
- **दो दशक में कई बच्चे,महिला व पुरूष हो चुके है अपंग,**
- **एचटी लाइन हटवाने को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से कई बार लगाई गुहार,नहीं हुआ समाधान**
- **स्टीमेंट जमा करने पर शहर के तीन मोहल्लों से हटवाई गयी थी एचटी लाइन**

इतना ही नहीं हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से बीते दो दशक में एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत भी हो चुकी है। साथ ही कई बच्चे,महिला व पुरूष अपंग भी हो चुके है।

आपको बता दें,कि जिला मुख्यालय के मोहल्ला अली नगर,रफीक नगर,सैनी नगर,मजीदपुरा,शिव दयालपुरा,नगर,सर्वोदय कालोनी,राजीव विहार,में हजारों की संख्या में महिला पुरुष व बच्चे निवास करते है। इन कालोनियों के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। जो चौबीस घंटे कालोनी वासियों के ऊपर मौत बनकर मंडराती रहती है।

हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार जर्जर होने के कारण उक्त किसी भी कालोनी में टूटकर फिर जाते है। जिसकी चपेट में आकर पुरुष,महिला व बच्चे घायल हो जाते है। बीते दो दशक में इन लाइनों की चपेट में आने से बच्चे महिला सहित एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। और कई झुलसकर अपंग हो चुके है। जो दूसरों के सहारे अपना जीवन व्यतीत कर रहे है।

एचटी लाइन हटवाने के लिए लोगों ने मुख्यमंत्री,चेयरमैन,विधायक,सांसद,मंत्री सहित विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई,लेकिन आज तक समस्या का कोई भी समाधान नहीं हुआ है।







मोहल्ला मजीदपुरा में मस्जिद व मकान के ऊपर से गुजरी एचटी लाइन व अवनीश कुमार

**एचटी लाइन से हुए हादसे**

5 सितंबर 09-मोहल्ला गणेशपुरा में महिला सहित तीन बच्चे झुलसे, 15 मई 2010-मोहल्ला अलीनगर में महिला शमा परवीन झुलसी , 3 अगस्त 2010- आदर्श नगर कालोनी में राज मिस्त्री लाला झुलसा, 18 जनवरी 2011-गांव असौड़ा में सुन्दर सैनी की मौत, 18 फरवरी 2011-असौड़ा चमन कालौनी में युनूस नामक व्यक्ति झुलसा, 24 मार्च 2011-मिथलेश कालोनी में भगवान दत्त झुलसा , 31 मई 2012-पुलिसकर्मी कल्याण सिंह की मौत , 5 जून 2017-पिलखुवा में राज मिस्त्री की मौत के अलावा भी कई लोगों मौतें हो चुकी है। ऐसा लगता है,कि विभागीय अधिकारी किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे है।

**अधीक्षण अभियंता का कथन**

अवनीश कुमार का कहना है कि कालोनी या मोहल्ले के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन हटाने के लिए विभाग में कोई नियम नहीं है। जो लोग विद्युत लाइन हटवाने की मांग कर रहे है। वह लाइन हटवाने में आना वाला खर्चा वहन करें। तो हाईटेंशन विद्युत लाइन हटवा दी जायेगी। अन्यथा की स्थिति में ऐसा संभव नहीं है।

**प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजा गया था पत्र**

नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद हाजी अययूब व अंजली गर्ग आदि ने सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षर युक्त पत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा को भेजकर उक्त मोहल्लों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन का हटवाने की मांग की थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

**सांसद व विधायक हटवा सकते है हाईटेंशन विद्युत लाइन**

शहर में एक दर्जन मोहल्लों व कालोनियों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन को हटवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक व सांसद अपनी निधि से विद्युत विभाग को पैसा दे तो यह कार्य हो सकता है। इस कार्य के होने से लोगों को राहत की सांस मिलेगी।

**धनराशि जमा कराकर हटवाई एचटी लाइन**

आपको बता दें,कि दिल्ली रोड स्थित तीन मोहल्लों के लोगों ने विभाग द्वारा बनाये गये स्टीमेंट की धनराशि जमा करने पर मोहल्लों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन को हटवाया गया।

**घर बनाना कानूनी अपराध**

बताया गया कि हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे घर बनाना कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है। इसके बावजूद शहर में विभिन्न मोहल्लों में लोगों ने एचटी लाइन के नीचे अपना घर बनाया है।

## सम्पादकीय

# आरक्षण रद्द बिहार सरकार को तगड़ा झटका




अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

पटना हाई कोर्ट ने 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किए गए राज्य सरकार के आरक्षण को रद्द कर दिया है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली बिहार सरकार को तगड़ा झटका माना जा रहा है।

यह दलितों, पिछड़े वर्गों व आदिवासियों को सरकारी नौकरियों व शिक्षण संस्थानों में दिया जा रहा था। बिहार की तत्कालीन महागठबंधन सरकार द्वारा बीते साल नवम्बर में जाति गणना के आधार पर इन वर्गों के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने का कानून बनाया गया था।

अदालत ने विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई के बाद इस बढ़ी आरक्षण सीमा को संविधान के अनुच्छेद 14, 16 व 20 का उल्लंघन बताया। जैसा कि शीर्ष अदालत पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि कोई भी राज्य सरकार 50 प्रतिशत की तय सीमा से अधिक कोटा नहीं लागू कर सकती है, जबकि बिहार में आर्थिक रूप से पिछड़ों के लिए 10 फीसद मिलाकर यह आरक्षण 75 प्रतिशत पहुंच गया था। अदालत का मानना है कि बिहार में कुल जनसंख्या के केवल 1.57 प्रतिशत लोग ही सरकारी नौकरियों में हैं। जनसंख्या के अनुपात में सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व भी पर्याप्त बताया जा रहा है। हालांकि राज्य सरकार इस आदेश के खिलाफ सबसे बड़ी अदालत का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में है। दरअसल, जैसा नजर आता है कि आरक्षण अब राजनीतिक पार्टियों के लिए जनता को फुसलाने का साधन मात्र रह गया है। उनका ध्येय समाज में व्याप्त गैर-बराबरी को मिटाना नहीं रहा।




वे मतदाताओं को बड़ी तादाद में प्रभावित करने के उद्देश्य से व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करते नजर आते हैं। तमाम अगड़ी जातियां मानती हैं कि आरक्षण के चलते नौकरियों क लाले पड़ रहे हैं। वे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के प्रभावित होने का रोना भी रोती रहती हैं, परंतु यह भी गलत नहीं है कि हमारी सामाजिक व्यवस्था में विभिन्न जातियों/समुदायों को जबरदस्त अन्याय सहना पड़ा है।

उनके लिए कोटा तय कर, उन्हें सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक तौर पर बराबरी पर लाने के प्रयासों पर अड़चनें लाने उचित नहीं है। यूं तो अन्य राज्यों में भी सत्ताधारी दल लाभ के लोभ में कोटा बढ़ाते रहने को उतावले हो सकते हैं।

इसलिए बिना देरी किए, इस पर लगाम लगाना लाजमी है। कमजोर वर्ग की सहूलियत के लिए, उन्हें सहायता देने व जीवन स्तर बेहतर बनाने के अन्य तरीकों पर भी विचार किए जाने की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जाना चाहिए।

# बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरूआत सही दिशा में



ललित गर्ग

ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। लेकिन आज बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है।

स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं। हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे।



लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मयार्दाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है।

संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौंसला रखता है या नहीं। सदन में जब मूल्य एवं नैतिक मानक कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊँचा करना ही महत्त्वपूर्ण हो जाता है तो वह सदन निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। आजादी के अमृत काल में भी हम अपने आचरण और काबिलीयत को एक स्तर तक ऊंचा उठाये।

## आओ इन शब्दों से आज नया पैगाम दूं

आ तुझे प्यारा सा एक नया नाम दूँ ,
उजाले दिन की एक खूबसूरत शाम दूँ।

पैगाम है मेरे तेरे नाम न जाने कितने ,
प्यार में तेरे उन्हें रंगीन अंजाम दूँ।

हकीकत बड़ी कठोर,बेदिल,बेरहम है,
मौशिकी का तुझे,एक खनकता जाम दूँ।

आज मिले हैं, कल शायद जुदा भी होंगे,
गमगीनी में तुझे,विदाई खुले-आम दूँ।

मोहब्बत की कई दास्ताने अमर हुई है,
आओ इन शब्दों से आज नया पैगाम दूं।

इश्क तेरे नाम से शुरू, वही से खत्म ।
तू ही बता संजीव इसे क्या नाम दूं।



संजीव ठाकुर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश



अजय कुमार,लखनऊ

उत्तर प्रदेश के जिला सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 2 जुलाई को तलब किया है। मानहानि के मामले में राहुल गांधी बीते 20 फरवरी से जमानत पर चल रहे हैं। अब कोर्ट ने राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले राहुल 20 फरवरी को अमेठी में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा रोककर कोर्ट में पेश हुए थे. हालांकि, तब उन्हें जमानत मिल गई थी। दरअसल, कर्नाटक के पिछले विधानसभा चुनाव (2018) के दौरान एक प्रेस वार्ता में राहुल गांधी ने तत्कालीन बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह पर एक आपत्तिजनक बयान दिया था। इसी बयान से आहत होकर सुल्तानपुर के बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दाखिल किया था।


जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर राहुल के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश दिया था। मामले में राहुल गांधी बीती फरवरी को सुल्तानपुर के दीवानी न्यायालय पहुंचे थे, तब उन्हें जमानत मिल गई थी। इसी मामले में सुल्तानपुर के रहने वाले राम प्रताप ने अपने को पक्षकार बनाए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था. जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राम प्रताप का पत्र खारिज कर दिया।

अब इस मामले में दो जुलाई को सुनवाई होगी. राहुल गांधी को अपना बयान दर्ज करने के लिए व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होना है।

बता दें कि सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आज 26 जून 2024 बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में 2 जुलाई को पेश होने को कहा है। शिकायतकर्ता वकील संतोष कुमार पांडे ने कहा कि याचिकाकर्ता राम प्रताप ने मांग की थी कि उन्हें मामले में पक्ष बनाया जाए। इस याचिका का विरोध करते हुए पांडे ने कहा कि प्रताप न तो पीड़ित हैं और न ही उनका इस मामले से कोई लेना-देना है। अदालत में मौजूद राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने भी याचिकाकर्ता की याचिका का विरोध किया।हालांकि, अदालत ने प्रार्थना को खारिज कर दिया और सुनवाई की अगली तारीख पर राहुल गांधी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर 2018 में गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया गया था।

# अब ब्यूटी-वेलनेस में पारंपरिक कौशल को नए जमाने की तकनीकों से लैस किया जाएगा

इस क्षेत्र को रणनीतिक रूप से पोषित करके, भारत घरेलू और वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार एक मजबूत कार्यबल बनाने के लिए अपने जनसांख्यिकीय लाभ का लाभ उठा सकता है। आइए हम जो कुछ भी करते हैं उसमें बहुत अधिक न बह जाएँ। हमारी रणनीतियों पर नियमित रूप से विचार करना और परिणामों का गहन मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। निष्पक्ष मूल्यांकन हमारे लिए चीजों को बहुत आसान बना देता है। कौशल विकास के क्षेत्र में, कार्रवाई करना, निरंतरता बनाए रखना और एक दिनचर्या का पालन करना महत्वपूर्ण है। जनसांख्यिकीय लाभ का लाभ उठाने के लिए केवल एक खेल होने के बजाय गंभीर योजना की आवश्यकता है। इसमें हमारी युवा आबादी को कौशल प्रदान करने के लिए क्षमता निर्माण, बुनियादी ढांचे का निर्माण और जनशक्ति को तैयार करना शामिल है, जिससे उन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार पाने में सक्षम बनाया जा सके। भारत कौशल रिपोर्ट महिलाओं के लिए रोजगार क्षमता में 52.8% और पुरुषों के लिए 47.2% की वृद्धि दशार्ती है। रोजगार योग्यता के मामले में महिलाएं पुरुषों से आगे निकल गई हैं, खासकर नर्सिंग, सौंदर्य और कल्याण और अन्य सॉफ्ट स्किल जैसे क्षेत्रों में, जिसने कोविड के बाद के युग में महिलाओं के बीच रोजगार योग्यता दर सबसे अधिक दिखाई है। सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र न केवल महिलाओं के लिए बल्कि पुरुषों के लिए भी घरेलू और वैश्विक बाजारों में व्यापक संभावनाएं रखता है। इस क्षेत्र की अभूतपूर्व वृद्धि के परिणामस्वरूप देश में अर्ध-कुशल और कुशल पेशेवरों की महत्वपूर्ण मांग बढ़ गई है। वर्तमान में, सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र लगभग 12.3 मिलियन लोगों को रोजगार देता है, जिनमें से 66% महिलाएं हैं और एक बड़ा हिस्सा न केवल निम्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से है, बल्कि सभ्य शिक्षित परिवारों से आने वाले बहुत से उम्मीदवार भी हैं। अनुमान है कि 2027 तक, भारतीय सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र लगभग 20.3 मिलियन लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। दिलचस्प बात यह है कि सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र में लगभग 44% कार्यबल के पास तकनीकी प्रशिक्षण तक सीमित पहुंच के साथ माध्यमिक शिक्षा के बराबर या उससे कम शैक्षणिक योग्यता है। व्यावसायिक शिक्षा को अधिक से अधिक अपनाने के अवसर हैं, विशेष रूप से सैलून सेवाओं, सौंदर्य, फिटनेस, पोषण और योग जैसे क्षेत्रों में, जो व्यावसायिक शिक्षा की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शा रहे हैं। इसके अलावा, पोषण परामर्श, फिटनेस कोचिंग और न्यूट्रास्यूटिकल्स जैसी सेवाओं की बढ़ती मांग के परिणामस्वरूप नए और विविध कैरियर के अवसर सामने आए हैं, जिन्हें युवा व्यक्तियों द्वारा अपनाया जा सकता है, जिन्हें सौंदर्य और कल्याण में कौशल वृद्धि और व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकता होती है। देश में सौंदर्य



विजय गर्ग

और कल्याण उद्योग संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप के बाजारों की तुलना में दोगुनी गति से तेजी से विकास का अनुभव कर रहा है। उद्योग के संबंध में उपभोक्ता जागरूकता और आकांक्षाओं में वृद्धि के कारण सौंदर्य और कल्याण उत्पादों और सेवाओं पर खर्च में वृद्धि हुई है। इंडियन ब्यूटी एंड हाइजीन एसोसिएशन (आईबीएचए) के अनुसार, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल पर प्रति व्यक्ति खर्च 2017 में लगभग 450 रुपये प्रति वर्ष से बढ़कर 2022 में 684 रुपये और 2025 में 772 रुपये हो गया है। जबकि वैश्विक सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र 2018 और 2023 के बीच 17.60% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा, भारतीय क्षेत्र ने इसी अवधि के दौरान 18.40% की उच्च वृद्धि दर का अनुभव किया, जो कि बढ़ते समृद्ध और मध्य-वर्ग के कारण था। वर्ग जनसंख्या और देश में संगठित खुदरा उपस्थिति में वृद्धि। इस क्षेत्र के लगभग 2,77,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है2025, 2018 में 92,000 करोड़ रुपये से 23% की वृद्धि दशार्ता है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देनाः भारत में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान स्तर बहुत कम है, हर पाँच उद्यमियों में से मुश्किल से एक महिला है।

सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र महिलाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के बेजोड़ अवसर प्रस्तुत करता है। इसलिए, विशेष रूप से डिजाइन की गई उद्यमिता शिक्षा, प्रशिक्षण पहल और वित्तीय सहायता के माध्यम से इस क्षेत्र में महिलाओं के लिए उद्यमिता और स्वरोजगार को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता है, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। महिला उद्यमियों का समर्थन करने के लिए, इस क्षेत्र में नवीन स्टार्ट-अप गतिविधियों को विकसित करने के लिए एनएसडीसी, उद्योगों और एंजेल निवेशकों के सहयोग से एक विशेष कोष बनाना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में होनहार महिलाओं की उद्यमशीलता की भावना को प्रज्वलित करने के लिए क्षेत्रीय ऊष्मायन केंद्रों की स्थापना महत्वपूर्ण है। इस पहल के तहत, सौंदर्य और कल्याण उद्योग में युवा महिला उद्यमियों को अपने उद्यमों को सफलतापूर्वक चलाने के लिए नए और बेहतर व्यवसाय प्रबंधन कौशल से लैस होना चाहिए। इस केंद्रित प्रयास से महिला उद्यमियों को ठोस व्यावसायिक विचार विकसित करने, एक बैंक योग्य और निवेश योग्य व्यवसाय योजना बनाने और एक मजबूत व्यवसाय विकास रणनीति तैयार करने में सक्षम होना चाहिए। पारंपरिक कौशल को नए जमाने की तकनीकों से लैस किया जाएगाः सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र डिजिटल व्यवधान का सामना कर रहा है क्योंकि प्रौद्योगिकी के नेतृत्व वाले स्टार्टअप और ग्रामीण क्षेत्रों में 5जी नेटवर्क की पहुंच अधिक प्रचलित हो गई है। परिणामस्वरूप, इस क्षेत्र में पारंपरिक कौशल को नए जमाने की प्रौद्योगिकियों जैसे ऐप सेटअप, वर्चुअल ट्राई-ऑन सेवाओं और डेटा एनालिटिक्स में विशेषज्ञता के साथ अद्यतन करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, बेहतर ग्राहक जुड़ाव पेशकश प्रदान करना आवश्यक होगा। इसके अलावा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सौंदर्य और कल्याण उद्योग में भी महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। एआई एप्लिकेशन संवर्धित वास्तविकता जैसे नवाचारों के साथ इस क्षेत्र में तेजी से बदलाव ला रहे हैं।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष** — ईश्वर में आस्था बढ़ेगी, घर में आराम के पल बिताएगे, संतान की गलती पर उन्हें डाट सकते है, विद्यार्थी के लिए उन्नतिशील समय है। भाग्य प्रतिशत-72

**वृषभ** — ससुराल पक्ष के लोग मिलने आ सकते है, पत्नि शौपिंग आदि पर खर्चा करेगी, कृषि कार्य में परेशानी होगी, दवाई लेना ना भूलें। भाग्य प्रतिशत-68

**मिथुन** — पत्रकार है तो उन्नति करेंगे, नौकरी या व्यवसाय दोनों में साहस दिखाना होगा, शेयर में निवेश कर सकते है। भाग्य प्रतिशत-66

**कर्क** — कार्य को पूरा करने के लिए उत्साह रहेगा, पार्किंग ठेका ले सकते है, कपड़े, कोल्ड ड्रिंक, ढाबा, दवाई उद्योग चलेगा। भाग्य प्रतिशत-73

**सिंह** — मीटिंग, या जनसभा में बोलने का अवसर मिलेगा, शत्रु दबे रहेंगे, अधिक खर्चा परेशानी दे सकता है, विचार करे। भाग्य प्रतिशत-68

**कन्या** — सरकारी कार्य से लाभ होगा, वकालत, ब्रोकर, स्वर्ण व्यवसाय लाभ देगा, पत्नि को यात्रा पर भी ले जा सकते है। भाग्य प्रतिशत-75

**तुला** — पत्नि की इच्छा पूरी करेंगे, सहयोग देंगे, अपनी सेहत को लेकर सजग रहे, अधूरी शिक्षा या कार्य को पूरा करने की ठानेंगे। भाग्य प्रतिशत-67

**वृश्चिक** — लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, सबंधों से ही कार्य मिलेगा, राजनीति में लोगों से मुलाकात होगी, आवश्यक यात्रा करेंगे। भाग्य प्रतिशत-77

**धनु** — कोई इच्छा लम्बे समय से अधूरी है, फाइनेंस देखेंगे, कार्य का बोझ रहेगा, तकनीकी क्षेत्र में जा सकते है। भाग्य प्रतिशत-63

**मकर** — नये लोगों से मिलने का समय है, गुप्त अंगों में समस्या रहेगी, सर में दर्द उभर सकता है, नमक कम करे। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ** — वायु यात्रा का अवसर मिल सकता है, कोई व्यवसायिक प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होगा, टेंशन बढ़ सकती है तो धैर्य बनाय रखें भाग्य प्रतिशत-69

**मीन** — स्वास्थ्य खराब था तो अब सेहत सुधरेगी, चिंता ना करें, सगे संबंधियों से बातचीत मिलना सम्भव है, पुरानी बात का दिनभर विचार करने से बचें। भाग्य प्रतिशत-55



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# भारत विकास परिषद द्वारा शिविर में अपनी आत्मरक्षा के लिए चलाई लाठी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** भारत विकास परिषद विवेकानंद एवं क्रीड़ा भारती द्वारा द्वितीय आत्मरक्षा शिविर के छटे दिन बच्चियों व महिलाओं ने खुद से लाठी चलाई और दिखाया कि अगर कोई विपदा में फस जाए तो किस तरह वे अपने आप को सुरक्षित करेंगी। इस दौरान आए हुए अतिथियों ने भी जमकर बच्चो के साथ लाठिया चलाई। अथितियों ने बच्चो का मनोबल बढ़ाया व उन्हें प्रोत्साहन दिया।

इस अवसर पर क्रीड़ा भारती पिलखुवा के अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, सचिव रोहतास सिंह, कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता, विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष अभिक गोयल, सचिव विपुल बंसल, महिला संयोजिका श्रुति माहेश्वरी, कार्यक्रम संयोजक पायल गर्ग, सुरभि अत्रीश , शालिनी



अग्रवाल, सीमा जोहर, शैफाली गुप्ता, विनय अग्रवाल, सचिन जैन, विवेक कंसल, सौरभ गोयल, हरीश अग्रवाल, बृजेश सर्राफ आदि लोग उपस्थित रहे।

# इंदिरानगर हत्याकांड: भाई ने किया था सुनीता का कत्ल, गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर में हुए सुनीता हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतका के सगे भाई को गिरफ्तार किया है। आरोपी आर्मी से रिटायर्ड है और दिल्ली के एक मॉल में नौकरी करता है। वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया और लूट का सामान बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

राधेश्याम मिश्रा परिवार के साथ इंदिरानगर गली-2 में रहते हैं। राधेश्याम ओटी टेक्नीशियन है। इनका बेटा गुरुग्राम में जॉब करता है। बेटी ने हाल ही में प्रेम विवाह किया था, जिसे लेकर परिजन नाराज थे। 21 जून की रात राधेश्याम की पत्नी सुनीता घर में अकेली थी। रात करीब 12 घर में घुसे एक बदमाश ने सुनीता की गोली मारकर हत्या कर दी और जेवरात-नकदी लूटकर फरार हो गया।



कातिल रात करीब 12.26 बजे घर से निकला और घर में खड़ी राधेश्याम की बाइक का इस्तेमाल किया। कातिल ने बाइक को दिल्ली चुंगी के पास छोड़ दिया था। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास कैमरों की जांच की तो खुलासा हुआ कातिल कपड़े से अपना चेहरा लगातार छिपाए रहा। दिल्ली चुंगी पर बाइक खड़ी करने के बाद आरोपी मेट्रो प्लाजा से एक ई-रिक्शा में बैठ गया। ई-रिक्शा बेगमपुल की ओर गया। भैंसाली डिपो के आसपास आरोपी गायब हो गया।

**पुलिस ने भाई उपेंद्र मिश्रा को किया गिरफ्तार**

पुलिस ने वीडियो फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर सुनीता के भाई उपेंद्र मिश्रा को गिरफ्तार किया है। उपेंद्र आर्मी से रिटायर्ड है और दिल्ली के एक मॉल में जॉब करता है। दिल्ली बॉर्डर पर यह मॉल बताया गया है। पुलिस ने वीडियो फुटेज से आरोपी की कद काठी का मिलान किया, अन्य साक्ष्य जुटाए। उपेंद्र को गिरफ्तार कर पुलिस मेरठ ले आई। आरोपी की निशानदेही पर घर से लूटे कुछ जेवर भी बरामद हुए हैं, जिनकी पहचान राधेश्याम ने की है। पुलिस की मानें तो उपेंद्र ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्य के आधार पर सुनीता के सगे भाई उपेंद्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। घर से लूटी ज्वेलरी का कुछ हिस्सा भी बरामद किया है। एसएसपी, मेरठ।

**भांजी को भगाने के मिलते थे ताने, इसलिए कर डाली बड़ी बहन की हत्या**

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि बीती 21 तारीख की रात ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में राधेश्याम मिश्रा की पत्नी सुनीता मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सुनीता मिश्रा के छोटे भाई सुल्तानपुर निवासी उपेंद्र को गिरफ्तार किया गया। उपेंद्र ने 13 साल फौज में नौकरी की है। पूछताछ में उपेंद्र ने बताया कि दो साल पहले सुनीता की बेटी आशी उसके साथ ट्रेन से जा रही थी। इसी बीच वह बरेली स्टेशन पर उतरकर फरार हो गई और अपने प्रेमी से शादी कर ली। इसके बाद से सुनीता और उसका पति राधेश्याम अक्सर उपेंद्र को अपनी बेटी को घर से भगाने का ताना देकर प्रताड़ित करते थे। 21 तारीख की रात भी सुनीता ने छोटे भाई उपेंद्र को फोन पर खरी-खोटी सुनाईं।

# वार्ड 55 में टंकियों से आ रहा जहरीला पानी, शिवसेना का हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** नगर निगम के वार्ड 55 में दूषित पानी की सप्लाई से गुस्साए शिव सैनिकों ने ब्रहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया। उन्होंने नगर निगम को 'नरक निगम' बताते हुए अधिकारियों से तत्काल इस मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग की।

शिवसेना के प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र तोमर के नेतृत्व में शिवसेना अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अजीत सेठी सहित दर्जनों कार्यकताओं ने ब्रहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धर्मेंद्र तोमर ने बताया कि पिछले काफी दिनों से नगर निगम के वार्ड 55 की शौकत कॉलोनी में टंकियों से दूषित पानी आ रहा है। इस मामले में कई बार क्षेत्रवासियों ने



क्षेत्रीय पार्षद और नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आलम यह है कि दूषित पानी पीकर क्षेत्र के कई नागरिक बीमार हो चुके हैं और संक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में नगर निगम 'नरक निगम' बनकर रह गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर क्षेत्र में तत्काल दूषित पानी की सप्लाई बंद करके शुद्ध पानी की सप्लाई नहीं की गई तो शिवसेना के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

# नियमों के विरूद्ध नहीं होने दिया जाएं भूजल दोहन: जिलाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक आहूत की गई। बैठक में पोर्टल पर नोटीफाइड क्षेत्र के अनापत्ति निर्गमन हेतु 10 आवेदन, कूप पंजीकरण हेतु 16 आवेदन, एवं एन०ओ०सी० नवीनीकरण श्रेणी के 16 आवेदनों सहित कुल 42 आवेदनों पर विचार किया गया। जिनमें से 07 आवेदन स्वीकृत एवं 34 आवेदनों पर अस्वीकृत एवं अवशेष 01 आवेदन में पायी गई कमियों के निराकरण हेतु समय दिया गया। बैठक में अवैध रूप से भूजल दोहन करने वाली फर्मों पर बोरवेल सील्ड करने के आदेश दिये गये साथ ही आवेदन करने वाली फर्मों को ग्राउण्ड वाटर दोगुना रिर्चाज करने हेतु निर्देशित किया गया जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन फर्मों पर पूर्व में जुमार्ना लगाया गया था उनसे पहले जुमार्ना वसूल किया जाए उसके बाद ही उनके आवेदनों पर विचार किया गया। कहा कि जिन फर्मों के द्वारा निर्धारित मांग से अधिक जल दोहन या अवैध रूप से जल दोहन किया जा है, उन पर जुमार्ना लगाया जाएं। इसके साथ जिन फर्मों के द्वारा शर्तों के अनुरूप भूजल रिचार्ज नहीं किया जा रहा है, उनके बोरवेल भी तब तक सील किए जाए जब तक वह शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं करते हैं। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी, जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद को निर्देशित किया कि नये आवेदनकर्ताओ को सूचित किया जाए कि आवेदन के साथ वे भूजल रिचार्ज हेतु अपना प्रपोजल भी प्रस्तुत करायें। उन्होने




निर्देशित किया कि सभी सोसाइटी निवासियों जो भूजल दोहन कर रहें हैं वे अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में डीसीपी सिटी ज्ञानन्जय सिंह, अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, हरिओम, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, नोडल अधिकारी, ग्रा०वा०पोर्टल, श्रीनाथ पासवान, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, गाजियाबाद, भारत भूषन, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, कुंवर सन्तोष कुमार, सहायक पर्यावरण अभियन्ता, उ०प्र०प्र०नि०बो०,संजय कुमार, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, वन विभाग, जाफर अली, अवर अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, गौतमबुद्धनगर, नवनीत गुप्ता, जूनियर इन्जीनियर, जल, एनपीपी खोड़ा और लोनी, आकाश वशिष्ठ, नामित सदस्य द्वारा प्रतिभाग लिया गया।

# मकान में तांका-झांकी का विरोध करने पर मनचले ने युवती के घर पर बोला हमला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** किठौर थाना क्षेत्र में घर में तांका-झांकी करने का विरोध करने पर मनचले ने अपने परिवार के साथ युवती के घर पर हमला बोल दिया। छह दिन पहले हुई इस घटना में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर घटना का लाइव फुटेज लेकर पीड़िता एसएसपी ऑफिस पहुंची और कार्यवाही की मांग की।

शाहजहांपुर की रहने वाली युवती ब्रहस्पतिवार को एसएसपी ऑफिस पहुंची। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पड़ोस में रहने वाला एक युवक अपनी घर की छत से उनके मकान में तांका-झांकी करता है और उसके ऊपर अश्लील कमेंट करता था। इस बात की शिकायत आरोपी के चाचा से की गई। आरोप है कि इसके बाद आरोपी और उसके



रिश्तेदारों ने बीती 21 जून की रात पीड़िता के घर पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडों से लैस हमलावरों ने घर में मौजूद सभी लोगों को जमकर पीटा। मारपीट की यह पूरी घटना पीड़िता के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस ने इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की। उधर, बुधवार को भी पीड़िता जब मेरठ में डॉक्टर को दिखाने आई तो आरोपियों ने बेगमपुल तक कार से उसका पीछा किया। जिसके चलते वह दहशत में है। मारपीट की लाइव फुटेज लेकर एसएसपी से मिलने पहुंची पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिस पर अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

# पुलिस गश्त में लापरवाही,गंगानगर में 30 सेकेंड में बाइक चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** पुलिस गश्त न होने का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। लगातार चोरी की वारदात हो रही हैं। ताजा मामला गंगानगर थाने का है, जहां महज 30 सेकेंड में बदमाश बाइक चोरी कर फरार हो गया। दूसरा मामला, मेडिकल क्षेत्र का है, जहां घर के बाहर से चोर टेबल चोरी करके ले गये। दोनों ही मामलों में पुलिस को तहरीर दी गई है लेकिन पुलिस खानापूर्ति में जुटी है।

**पलक झपकते ही बाइक का लॉक तोड़ा**

गंगानगर थाना क्षेत्र के डिग्गी मोहल्ला कसेरूखेड़ा निवासी लोकेश कुमार एडवोकेट अपनी बच्ची का एडमिशन कराने बुधवार को वर्धमान एकेडमी पहुंचे। गार्ड ने पार्किंग कहकर स्कूल के बाहर ही बाइक खड़ी करा दी। वापस लौटे तो बाइक गायब थी। सीसीटीवी कैमरे में एक युवक मुंह पर कपड़ा लपेटे बाइक ले जाता कैद हुआ है। वह महज 30 सेकेंड में बाइक चोरी कर फरार हो जाता है।

**घर के बाहर से टेबल चोरी**

मेडिकल थाना क्षेत्र के जागृति विहार सेक्टर सात में दीपक पुरी का परिवार रहता है। 12 जून की रात उनके घर के बाहर रखी टेबल चोरी हो गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### पहले पति की मौत के बाद कि दूसरी शादी, और लेती रही विधवा पेंशन, उसके ही ससुर ने खोला फर्जीवाड़ा, अधिकारियों से कि शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** एक हैरान कर देने वाला मामला सामनेआया है. यहां पर एक महिला ने अपने पति की मौत के बाद विधवा पेंशन बनवा ली और पैंशन लेती रही, पति की मौत के कुछ समय बाद ही उसने अपनी ससुराल से संबंध विच्छेद कर लिए और दूसरी शादी कर ली और लगातार विधवा पेंशन भी पाती रही। जब इस बात की जानकारी उसके ससुर को हुई तो उसके होश ही उड़ गए. उसने महिला की शिकायत अधिकारियों से की। मामला वनिया खेडा ब्लाक के गांव सराय सिकंदर का है जहां कि नीवास पूजा भारती की शादी नवनीत कुमार ग्राम पंचायत बेहटा साहू के साथ 2009 मे हुई थी ,लेकिन पति नवनीत कुमार की मृत्यु 06 मई 2022 को हो गई थी ,शादी के कुछ समय बाद ही पूजा ने दूसरी शादी सुनील से कर ली, और अपनी पहली ससुराल से नाता खत्म कर दिया। लेकिन लालच बस, पहले पति की विधवा बनाकर विभाग से फर्जी तरीके से पेंशन लेती रही, जब पहले ससुराल पक्ष के लोगों को यह बात पता चली तब उनके होश ही उड़ गए उसके ससुर ने इस बात की शिकायत अधिकारियों से की है। आगे देखना है कि क्या कार्रवाई होती है।

### ट्रक से टकराकर उड़े छोटा हाथी के परखच्चे, हरिद्वार से लौट रही दो श्रद्धालु महिलाओं की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** ब्रहस्पतिवार को दिन निकलने से पहले सरूरपुर थाना क्षेत्र में हरिद्वार से श्रद्धालुओं को वापस लेकर लौट रहा छोटा हाथी सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन पुरुषों की हालत गंभीर बनी है। हादसे का शिकार हुए सभी लोग बागपत के जीवाना गांव के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक जीवाना गांव निवासी सतीश ने कुछ दिनों पहले ही छोटा हाथी खरीदा था।

बताया जाता है कि इसी छोटा हाथी से सतीश अपनी पत्नी सावित्री, दोस्त लक्ष्मण व उसकी पत्नी संतोष और अपने बेटे निशांत के साथ हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए गया था। ब्रहस्पतिवार की सुबह दिन निकलने से पहले करीब 3:00 बजे सभी लोग हरिद्वार से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सरूरपुर थाना क्षेत्र के हर्रा गांव में सड़क से गुजर रहा सांड अचानक छोटा हाथी के सामने आ गया। जिसके चलते गाड़ी चला रहा निशांत नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार छोटा हाथी सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि छोटा हाथी के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा सभी घायलों को सरधना सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सावित्री और संतोष को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सतीश की गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। उधर, हादसे में घायल निशांत और लक्ष्मण की हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित परिवारों में कोहराम मचा है।

### मुंडाली के दरोगा की एसएसपी दफ्तर पर शिकायत

**मेरठ ।** मुंडाली थाने में तैनात एक दरोगा के खिलाफ एसएसपी दफ्तर पर शिकायत की गई है। शिकायत करने वाले परिवार का आरोप है कि दरोगा ने मामूली मुकदमे में धारा 308 लगा दी और अब धारा हटाने के लिए सुविधा शुल्क की मांग कर रहा है।

पुलिस ऑफिस पहुंचे संजय और वीरपाल का कहना था कि 18 मई को उनका पानी के विवाद में बुद्धू उर्फ महेंद्र व मनोज से विवाद हो गया। मामला थाने पहुंचा। दोनों पक्षों में समझौता हो गया। आठ जून को उनके पड़ौस में रहने वाले आकाश का बुद्धू के भाई मनोज से विवाद हो गया। आरोप है मनोज ने आकाश के साथ संजय और वीरपाल का नाम भी एफआईआर में लिखकर दे दिया। पुलिस ने मुकदमा किया और तीन दिन बाद सप्लीमेंट्री मेडिकल रिपोर्ट लगाकर धारा 308 का इजाफा कर दिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनको परेशान किया जा रहा है, जबकि उनका इस झगड़े से कोई लेनादेना नहीं है। आकाश का झगड़ा हुआ था। उसने यह बात भरी पंचायत में स्वीकार की थी। इसके बाद थाने का दरोगा उनके घर पर लगातार दबिश डाल रहा है और नाम निकालने के लिए सुविधा शुल्क का दबाव बना रहा है। 25 तारीख को दरोगा जीने के रास्ते घर में घुस आया जबकि दरवाजा खुला था। उस वक्त परिवार की एक महिला बाथरूम में नहा रही थी जबकि कुछ घर के अंदर मौजूद थी।

# कैंटर से बाइक टकराने से बाइक सवार की मौत, बाइक सवार ससुराल से बापस अपने घर जा रहा था

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** ससुराल से अपने घर जा रहे व्यक्ति की गाडी टैंकर से जा टकराई जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। मामला पुलिस चौकी नरौली क्षेत्र की सराय सिकंदर बस अड्डे के समीप का है जहां गुरुवार दोपहर लगभग 2:45 पर साइड से खड़े आईसर कैंटर में संभल की दिशा से आ रही मोटरसाइकिल जा घुसी ,जिससे बाइक सवार घायल हो गया सूचना मिलने पर पहुंचे इसके रिश्तेदार घायल को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरो ने घायल को मृत घोषित कर दिया। घायल व्यक्ति का नाम अवनीश कुमार पुत्र स्वर्गीय सतपाल सिंह( 24 )निवासी रुस्तमपुर उगिया अपनी ससुराल खेड़ा खासकर गया था ससुराल से अपने घर को वापस जा रहा था तभी जैसे ही उनकी बाइक सराय सिकंदर से निकली तो सामने खड़े साइड से आईसर कैंटर में जा घुसी अवनीश घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। सूचना पर ससुराल बाले घटना स्थल पर पहुंचे ससुराल वाले घायल को लेकर निजी वाहन से संभल सरकारी अस्पताल पहुंचे इनके जाते ही नरौली कस्बा इंचार्ज अजय कुमार त्यागी मय फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचकर जानकारी ली संभल मे डॉक्टरों ने अवनीश को मृत घोषित कर दिया।

अवनीश की एक साल पहले ही शादी हुई थी अभी कोई बच्चा नहीं है मृतक अपने गांव में जन सेवा केंद्र चलाता था परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है, नरौली कस्बा इंचार्ज अजय कुमार त्यागी ने बताया की आईसर कैंटर ड्राइवर साइड से कैंटर खड़ा करके पानी पीने गया था।

# नए कप्तान ने आते ही दिखाए तेवर, 'आप आएं, मगर गुलदस्ता ना लाएं'

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** नवागत एसएसपी विपिन टाटा ने जिले का चार्ज संभालते ही चाटुकारों को विनम्रता के लहजे में कड़ा संदेश दिया है। कप्तान ने सोशल मीडिया पर गुलदस्ते के साथ फोटो खिंचवाने वालों के पर कतरते हुए अपने ऑफिस के गेट पर एक नोटिस चस्पा किया है।



बताते चलें कि नवागत एसएसपी विपिन टाडा ने बुधवार की रात ही सर्किट हाउस पहुंचकर चार्ज ग्रहण किया। इसके बाद ब्रहस्पतिवार की सुबह ही कप्तान ऑफिस के गेट पर एक पोस्टर चस्पा किया गया। जिसमें एसएसपी द्वारा संदेश दिया गया था, 'आप आएं जिसके लिए आपका आभार, आपकी संवेदनाएं ही पर्याप्त हैं। कृपया गुलदस्ता आदि लेकर न आएं'। इस नोटिस को देखने के बाद ही कप्तान ऑफिस में उनसे मिलने आए लोगों में काना-फूसी शुरू हो गई। दरअसल, आमतौर पर देखा गया है कि किसी अधिकारी के चार्ज लेने के बाद अक्सर कुछ लोग गुलदस्ता लेकर अधिकारी से मिलने आते हैं। बाद में इन फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करके अधिकारी और अपने बीच अच्छे संबंध होने का भ्रम फैलाकर लोगों के आगे रौब गालिब करते हैं।

फिलहाल नए कप्तान के इस नोटिस में कई चाटुकारों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। वहीं, इस छोटे से नोटिस के माध्यम से कप्तान ने सीधे संदेश देने का भी प्रयास किया है, कि चाटुकारों के लिए उनके कार्यालय में कोई स्थान नहीं।

**मुशायरा** — उर्स ए दाऊदिया में ऑल इंडिया मुशायरा आयोजित

# नबी जितने तुम्हारे हैं,नबी उतने हमारे हैं: आचार्य प्रमोद कृष्णम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**उझारी।** उर्स ए दाऊदिया के ऑल इंडिया मुशायरे में देश के नामचीन शायरों ने अपने कलाम पेश किये और खूब वाह वाह लूटी। मुख्य अतिथि श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम और विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्षपति चौधरी बुध्दन ने मुशायरे में नातिया दौर की शमा रोशन करके मुशायरे का आगाज किया।

जनपद अमरोहा के कस्बा उझारी में उर्स ए दाऊदिया में प्रतिवर्ष होने वाले ऑल इंडिया मुशायरा की रिवायत के अनुसार पहला दौर नातिया दौर होता है। जिसमें माजिद देवबंदी ने कलाम पेश करते हुए कहा- किस तरह हम जाएंगे अपने खुदा के सामने, जब वफादारी ना होगी मुस्तफा के सामने। अल्ताफ जिया, हाशिम फिरोजाबादी, अज्म शाकरी आदि ने भी नात ए पाक पढ़ी। उसके बाद गजल के दौर की शमा





रोशन शबाहत अली उर्फ मास्टर शब्बू ने की। शरफ नानपारवी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- हजार आफतों से बचे रहते हैं वो, जो सुनते ज्यादा हैं कम बोलते हैं।

ताहिर फराज ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- सभी ने माना के बेहतर नहीं है उनसे कोई, हर एक सदी के हम आला मुफक्किरों से मिले। अल्ताफ ज़िया ने कुछ यूं पढ़ा- हम लोग नमाजों के भी पाबंद नहीं हैं, और अपनी दुआओं में असर ढूंढ रहे हैं। अज्म शाकरी ने यूं कहा- लाखों सदमे ढेरों गम, फिर भी नहीं हैं आंखें नम, एक मुद्दत से रोए नहीं, क्या पत्थर के हो गए हम। राज कौशिक 'राज' गाजियाबाद ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- अगर नाचू नहीं तो पांव मेरे रूठ जाते हैं, अगर नाचूं जरा खुलकर तो घुंघरू टूट जाते हैं। डॉ मुमताज रिजवी ने कहा- मैं दौड़ता हूं कि शायद हयात मिल जाए, कदम कदम पे तो मरना दिखाई देता है। मोहतरमा निकहत अमरोही ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- अपनी तस्वीर भेज दे मुझको, मैं तुझे बार-बार देखूंगी।

हास्य व्यंग के शायर नौशाद अनगढ़ संभली कुछ यूं पढ़ा- अगर हम मोहब्बत के मारे न होते, तो सूखे हुए इक छूवारे न होते।

अंदाज देहलवी ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- यह सोच ले मुझ पर किसी इल्जाम से पहले, आएगा तेरा नाम मेरे नाम से पहले। फरमान अनवर ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- ना पाओगे कहीं भी कामयाबी, अगर खुद पर यकीं मौहकम नहीं है। मोहतरमा शाइस्ता सना ने कुछ यूं पढ़ा- खिलौने की तरह हमारे दिल से खेलने वाले, हमारी बद्दुआ है जा तुझे भी इश्क हो जाए।

नदीम फर्रुक ने कहा- मेरी किस्मत कि यह दुनिया मुझे पहचानती है, लोग मर जाते हैं पहचान बनाने के लिए। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा- समझ कर तुम उन्हें अपना फकत तक्सीम मत करना, नबी जितने तुम्हारे हैं नबी उतने हमारे हैं।

खुर्शीद हैदर मुजफ्फर नगरी ने कहा- गैर परों के उड़ सकते हैं हद से हद दीवारों तक, अम्बर तक तो वही उड़ेंगे जिनके अपने पर होंगे। मुशायरा देर रात तक कामयाबी के साथ चलता रहा इस अवसर पर मुख्य रूप से आचार्य प्रमोद कृष्णम, चौधरी इक्तेदार उर्फ बुध्दन भैया, हकीम चमन, शबाहत अली, नासिर अली एडवोकेट, अलाउद्दीन सैफी, चमन हैदर बाकरी, अब्दुल्ला, अदनान महल, डॉ शहरोज मुख्तार, इफ्तिखार उल हसन, भूरे मिस्त्री, मुस्तकीम अल्वी, हाजी बब्बन, फहीम महल आदि भारी संख्या में मौजूद रहे। मुशायरे की सदारत चौधरी मुजाहिद हुसैन एडवोकेट ने तथा संचालन नदीम फर्रुख ने किया।

# बरसात में घर की छत गिरने से परिवार लोग हुए घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**आदमपुर (जितेन्द्र यादव)।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर मिस्र में गुरुवार की सुबह करीब 4 बजे एक मकान की छत गिर गई, जिस घर में

- बारिश के चलते पक्के मकान की छत गिरी, परिवार के पांच लोग घायल
- हल्का लेखपाल सरवन कुमार ने किया घटनास्थल का मुआयना

सो रहे परिवार के पांच लोग मलबे में दब गए। चीख पुकार सुनकर आसपास से लोग पहुंचे, उन्होंने मलबे में दबे पांच लोगों को बाहर निकाला। पांचो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वही मलबे





में घर का सारा सामान व खाने-पीने की चीज भी नष्ट हो गई।

बहादुरपुर निवासी नौरंग पुत्र जीसुख अपने परिवार के साथ बुधवार की रात मकान में सोया था, जैसे ही गुरुवार की सुबह मूसलाधार बारिश हुई तो मकान की छत गिर गई। जिसमें नौरंग, पत्नी वीरवती, बेटा दिवाकर व कन्हैया और बेटी गीता दबकर घायल हो गई। मलबे में दबे घायलों की आवाज सुनकर पड़ौस के लोगों ने उन्हें मलबे से बाहर निकाला। घायलों को जिला संभल के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। अब सभी की हालत में सुधार है। इलाज के बाद घायलों को घर लाया गया है। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल सरवन कुमार ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट तैयार की। इसके अलावा बरसात के कारण गांव शेरगढ़ निवासी संजय पुत्र रोहन के नवनिर्माण मकान की दीवारें भी गिर गई।

बही भूबरा निवासी सुनील कुमार भी अपने परिवार के साथ मकान के नीचे सो रहे थे और जैसे ही काफी तेज बारिश हुई तो सुनील कुमार के मकान की छत भी धीरे-धीरे ढहने लगी जैसे ही सुनील कुमार की आंख खुली तो आनन-फानन उन्होंने अपने बच्चों के साथ भाग कर जान बचाई और हल्का लेखपाल सरवन कुमार ने घटनास्थल का मुआयना किया।

# जिंदगी बनी जंजाल: बरसात का पानी भरने से कच्चा मकान गिरने की कगार पर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- पानी का निकास न होने के कारण घर में घुसा पानी,खाने पीने का सभी सामग्री नष्ट
- पीड़ित ने अधिकारियों से लगाई गुहार,बदले में मिली फटकार

**संभल (दिनेश सक्सेना)।** बहजोई एक तरफ योगी सरकार गरीबों के लिए हर वह सुविधा उपलब्ध करा रही है जिसकी उसे जरूरत है, परन्तु संबंधित अधिकारियों की लापरवाही का शिकार वह गरीब हो रहा है जिसके खाने पीने से लेकर रहने के भी लाले पड़ रहे हैं, परन्तु अधिकारियों को इससे क्या लेना।

वायरल वीडियो उस गरीब की कहानी बयां कर रहा है जिसके कच्चे मकान में पीनी भरने के कारण दो दिन से खाना नही बना पूरा परिवार घर का पानी निकल रहा है परन्तु पानी कम होने का नाम नहीं ले रहा।

मामला पंवासा विकास खंड क्षेत्र के गांव औरंगपुर सिलैटा का है जहां का निवासी खेमपाल पुत्र होरी लाल का गांव में कच्चा मकान दो दिन से लगातार बारिश होने के कारण उसके घर में पानी भर गया जिससे उसके घर में रखा खाने पीने का सामान सब खराब हो गया,पानी भरने का मुख्य कारण रास्ते की अधूरी पुलिया और नाले न होने का कारण बताया जा रहा है।

पीड़ित ने ग्राम प्रधान से भी कहा तो उसने उसे भगा दिया उसके बाद पीड़ित गुरुवार 27,जून को विकास खंड पंवासा में एक प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचा उसने खंड विकास अधिकारी,व पंचायत सचिव से लेकर ब्लाक प्रमुख से भी गुहार लगाई परन्तु उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, पीड़ित द्वारा बताया गया कि अगर मेरी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो में अपने बच्चों को लेकर योगी आदित्यनाथ के दरबार में गुहार लगाउंगा।







योगी सरकार लगातार गरीबों को आवास दे रही है परन्तु इस गरीब के तरफ विभाग के अधिकारियों ने नहीं देखा।

# नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** गुरुवार को भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी के तत्वाधान में डा.सूरज प्रकाश की जयंती के उपलक्ष्य में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें नेत्र चिकित्सक डॉ तनुज गोयल के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आंखों में चिपचिपापन,मोतियाबिंद ,आई साइड, आंखों में एलर्जी ,खुजली, चश्मे का नंबर, आदि आंखों की बिमारियों की जांच की गई। डॉ तनुज गोयल ने कहा कि मौसम के हिसाब से इस समय आई इंफेक्शन बढ़ जाता है धूप में निकलने से पहले हमेशा धूप के चशमें का प्रयोग करें। ठंडे पानी के छींटें आंखों पर मारने चाहिए खुजली, लालिमा, दर्द होने पर आई ड्रॉप डॉक्टर की सलाह से ही डालना चाहिए। आंखों की समस्या होने पर कभी भी दवाई स्वयं से नहीं डालनी चाहिए सदैव डॉक्टर की सलाह से ही दवाई का उपयोग करना चाहिए। सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने बताया कि शिविर में 53 मरिजों की जांच की गई आवश्यकता अनुसार दवाई दी गई। भारत विकास परिषद के सेवा प्रकल्प के अंतर्गत यह कार्यक्रम किया गया है । आंखें हैं तो जहान है अतः आंखों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम मे मौजूद रहे।एस एन शर्मा,वित्त सचिव डी सी गुप्ता ,भावना गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशा गोस्वामी, कल्पना वार्ष्णेय, रेखा रस्तोगी, मनोज गुप्ता, महेश कठेरिया,आभा रानी, अलका अग्रवाल ,रंजना गुप्ता आदि परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।




# जमीन से प्राचीन सभ्यता की शिलाएं मिली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नजीबाबाद (महताब खान चांद)।** महाभारत काल में नजीबाबाद कोटद्वार के बीच मालन नदी के तट पर प्राचीन सभ्यता और संस्कृति की गाथा इतिहास के पन्नों पर दर्ज है इसकी निशानियां आज तक भी मौजूद है वहीं एक बार फिर से मिट्टी खुदाई कार्य में राजा मोरध्वज के कि ले के नाम से मशहूर इस जगह पर फिर से प्राचीन शिलाएं और मूर्तियां मिली है जो इतिहास और संस्कृति सभ्यता की धरोहर है दरअसल नेशनल हाईवे पर मिट्टी डालने का काम चल रहा है वहीं मिट्टी खुदाई कार्य करते हुए तीस शिलाएं जमीन से निकल आयीं ।

जिसमें भगवान गणेश भगवान बुद्ध की मूर्ति और शिवलिंग की जलाधारी शामिल हैं कुछ शिलाओं को मयूरेशवर मन्दिर में संरक्षित कर लिया गया है फोरलेन सड़क कार्य में जहां से मिट्टी खुदाई कार्य हो रहा है उसी जगह को बाबा सत्ती मठ कहा जाता है वहीं से तीस मूर्तियां बरामद हुआ है सभ्यता का प्रमाण है कि मयूरेशवर और मोरध्वज मन्दिर का इतिहास है जहां दो तीन फिट लम्बा चौड़ा भारी भरकर शिलाएं मिली है ।

जिनका वजन पचास से अस्सी किलो तक है वहीं नवाब नजीबुद्दौला के पत्थर गढ़ कि ले पर भी इसी तरह के पत्थर है इसके पूर्व भी बड़ियां मालन नदी क्षेत्र में प्राचीन सभ्यता के अवशेष मिले थे जो गढ़वाल विश्वविद्यालय में रखें है लेकिन इतिहास जान कर भी पुरातत्व विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है जबकि वास्तव में अगर पुरे क्षेत्र को देखा जाए तो महाभारत काल और दुष्यन्त शकुंतला की प्रणय स्थली होने राजा भरत की जन्मस्थली होने के साथ यहां अथाह सम्पदा है और उन्हें संरक्षित किया जाता है तो पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा वहीं राजस्व को लाभ मिलेगा।

# नीट पेपरलीक के विरोध में कैंडल मार्च कर विरोध जताएगी बदायूं जिला कांग्रेस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त वर्तमान / पूर्व जिला पदाधिकारियों, वर्तमान/पूर्व जिला / शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों / पदाधिकारियों, कांग्रेस पार्टी के वर्तमान/पूर्व सांसद / विधायकों, अ०भा० कांग्रेस कमेटी / प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वर्तमान/पूर्व सदस्यों, फ्रन्टल संगठनों / विभागों / प्रकोष्ठों के वर्तमान / पूर्व जिला पदाधिकारियों/ शहर व नगर/ ब्लाक / वार्ड अध्यक्ष / प्रमुखों / पदाधिकारियों, ब्लाक/ वार्ड कांग्रेस कमेटी के वर्तमान / पूर्व अध्यक्षों / पदाधिकारियों एवं पूर्व लोकसभा / विधानसभा / नगरीय व स्थानीय निकाय के कांग्रेस प्रत्याशियों, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं व समस्त कांग्रेस कार्यकताओं को जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह ने नीट पेपर लीक के मामले में सरकार की लापरवाही के खिलाफ कैंडल मार्च के लिए आवाहन किया है।




उन्होंने प्रेस को दिए प्रेसनोट में बताया कि जैसा कि आपको विदित है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने 4 जून 2024 को NEET-UG 2024 के परिणाम जारी किए जिसमें कुछ उम्मीदवारों के बढ़े हुए अंक के बाद अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोपों से परिणाम प्रभावित हुए हैं। परीक्षाओं में इस प्रकार अनियमितताएं परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता को कम करती हैं और अनगिनत समर्पित छात्रों के भविष्य को खतरे में डालती हैं। कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून लागू करके युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का वादा किया था। नीट परीक्षा में इस बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, अनियमितताओं, एनडीए सरकार की हताश निष्क्रियता व चुप्पी एवं छात्रों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर दिनांक 28 जून सायं 7 बजे परशुराम चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय से केंडल मार्च निकाल कर सोई हुई भाजपा सरकार को जगाने का कार्य करेंगे आप सभी साथियों से आग्रह है ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुँच कर केंडल मार्च को सफल बनाने का सहयोग करें!

# गुलिस्ताने मदार वेलफेयर सोसायटी द्वारा दो गरीब बेटियों का काराया निकाह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली। (सददाम खान)।** नगर पंचायत ठिरिया निजावत खां के सेक्टर रोड स्थित कादरी लॉन में गुलिस्ताने मदार वेलफेयर सोसायटी ठिरिया ने नगर की दो जरूरतमंद बेटियों का निकाह कराया तथा जरूरत का सामान आदि भी दिया और बारातियों के खाने पीने का भी माकूल इंतजाम किया गया।

सोसायटी के सरपरस्त पीर ए तरीकत हजरत सय्यद मुसर्रत अली मियां जाफरी मदारी मद्दा ज़िल्ला हुल आली ने निकाह पढ़ाया। आपको बताते चलें गुलिस्ताने मदार वेलफेयर सोसायटी पिछले 3 सालों से क्षेत्र की जरूरतमंद बेटियों की शादी, गरीब बच्चों की शिक्षा तथा जरूरतमंद मरीजों के इलाज आदि की व्यवस्था कराने का कार्य कर रही है। गुलिस्ताने मदार वेलफेयर सोसायटी के कार्यों की ठिरिया तथा आसपास के क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है। शादी में पैगाम इमाम हुसैन सामाजिक संस्था के संस्थापक हकीम आहिद हुसैन,अध्यक्ष डॉ. अख्तर आफाक खान, उपाध्यक्ष आसिफ शेख, इमरान अजहरी ने शामिल होकर सोसाइटी के पदाधिकारियों की हौसला अफजाई की इस कार्यक्रम में गुलिस्ताने मदार वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सेठ शाहबाज खान, उपाध्यक्ष मासूक अली खान, मीडिया प्रभारी फहीम खान, अफसर उर्फ भूरा, आसिफ शेख, असलम शेख, शफीक खान, राशिद यार खान, हाजी शराफत खान, परवेज खान, फिरोज खान, मोहम्मद नबी, इमरान अजहरी तथा अन्य सदस्यगण का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# सभी जनपदों में 29 जून व्यापारी कल्याण दिवस के आयोजन मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लें: संदीप बंसल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश पदाधिकारियो की बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा की 29 जून महान दानवीर भामाशाह जी की जयंती को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में सभी जनपदों में आयोजित करने का निर्णय लिया है जो अत्यंत सराहनीय है

संदीप बंसल ने कहा की स्वतंत्रता के बाद व्यापारी समाज के सम्मान के लिए लिया गया यह महत्वपूर्ण निर्णय है और इस अवसर पर सभी जिलों में व्यापारी एवं उद्यमी समाज के प्रतिनिधि बढ़-चढ़कर जिला प्रशासन द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लें

संदीप बंसल ने कहा कि उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी को जो पत्र लिखा है सुझाव दिए हैं उसमें यह सुझाव भी है की सर्वाधिक टैक्स देने वाले के साथ-साथ टैक्स देने के लिए प्रेरित करने वाले व्यापारी प्रतिनिधि को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाए।

आज की बैठक में उपस्थित समस्त प्रदेश पदाधिकारियो ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं वित्त संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना का आभार व्यक्त करते हुए 29 जून को व्यापारी समाज के उत्थान के लिए एक मील का पत्थर करार दिया।





इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल,प्रदेश प्रवक्ता एवं महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, महामंत्री राजीव कक्कड़, दीपेश गुप्ता, उपाध्यक्ष शिशिर सिंह,मंत्री अलोक एरन, सोशल प्रभारी संजय निधि अग्रवाल, महिला अध्यक्ष कजरा निगम, उपाध्यक्ष हिना सिराज खान, जिला अध्यक्ष ललित सक्सेना प्रभारी पतंजलि सिंह सहित सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य मार्ग पर भरा बरसात का पानी,मरीजों को आने जाने में हो रही दिक्कत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंवासा के मुख्य रास्ते में बरसात की पानी भरने से मरीजों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, परन्तु किसी के लिए भी यह समस्या दिखाई नहीं दे रही।






बरसात में यह समस्या आम बन गई है कही नाले ना होने से जल भराव, कहीं नाले चोक होने से जल भराव,कही रास्तों में बडे बडे गड्ढे हो जल भराव का मुख्य कारण है, संबंधित अधिकारी अगर बरसात से पहले ऐसी समस्याओं पर ध्यान दे दे तो ऐसी परेशानी सामने नहीं आएगी।

## पुलिस ने कब्र से निकलवाया महिला का शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** वन गुजर महिला की हत्या की आंशका पर पुलिस ने उसके शव को कब्र से निकलवा कर पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज दिया है जबकि महिला के दो बेटों ने अपने चाचाओं पर पर मां की हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी।

मंडावली थाना क्षेत्र के नीम वाली गुजर डेरा निवासी अशरफ और गनी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उनकी मां मरियम की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी और शव को आनन-फानन में दफना दिया गया था दोनों ने अपने चाचाओं मुस्तफा और कासिम पर मां की हत्या करने का शक जताया है तब जिला अधिकारी बिजनौर के निर्देश पर मंडावली पुलिस ने एसडीएम नजीबाबाद की उपस्थिति में महिला के शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दिया जाएगा।

**प्रदर्शन** ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर समाधान की मांग की है

# स्कूल से लेकर गांव तक जल ही जल, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जल भराव को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, पवांसा ब्लॉक के गांव करीमपुर घेर में स्थित प्राथमिक विद्यालय के मुख्य गेट से लेकर गांव के मुख्य मार्ग पर करीब सौ मीटर तक जल भराव को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर समाधान की मांग की है। एक वर्ष पूर्व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने जल भराव की समस्या के समाधान किए जाने का आश्वासन दिया था मगर एक वर्ष बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के द्वारा नहीं किया गया प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों और छात्र-छात्राओं का भी विद्यालय जाने के लिए जल भराव से ही गुजरने को मजबूर हैं ऐसे में मोहल्ले में संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है आने जाने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है दोपहिया वाहन चालकों का निकलना मुश्किल हो गया है। जल्दी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। गांव करीमपुर घेर निवासी देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय के मुख्य गेट से लेकर मुख्य रास्ते पर 100 मीटर तक जल भराव की स्थिति बनी हुई ऐसे में विद्यालय के अध्यापक और छात्र-छात्राओं को जल भराव से ही गुजर कर विद्यालय जाने को मजबूर हैं ग्रामीणों का जल भराव से निकलना मुश्किल हो गया है।



एक वर्ष पूर्व जल भराव की स्थिति बनने के बाद ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने जल्दी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था मगर एक वर्ष बीत जाने के बाद भी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के द्वारा जल भराव की समस्या का समाधान नहीं किया गया मार्ग के नजदीक से सिर्फ कच्चा नाला खुदवा दिया गया। अब उसमें छोटे-छोटे बच्चों का गिरने का डर भी बना हुआ है ऐसे में अगर कोई हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। दो पहिया वाहन चालकों को निकलने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है मामले की कई बार शिकायत ब्लॉक स्तरीय अधिकारी ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव से भी की गई। इसके बावजूद भी समस्या का समाधान समय रहते नहीं किया गया जिसका खामियाजा अब ग्रामीणों को घटा पड़ रहा है। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के लापरवाही बनी हुई है जिसको लेकर जिला प्रशासन बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। जल्दी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान सोमवती देवी, सुनीता देवी, किशन वीर यादव, हरदेई देवी, वीरेश यादव, धर्मपाल यादव, अवधेश यादव, सत्येंद्र यादव, पूरन सिंह, टिंकू यादव, मनोज कुमार, दुर्गेश कुमार, टीकाराम सिंह, सुरेश यादव, अशोक कुमार, भूरी देवी, लक्ष्मी देवी, श्री वती आदि मौजूद रहीं।

**बर्जन:**

गांव करीमपुर घेर के प्राथमिक विद्यालय के मुख्य गेट और गांव के मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों के द्वारा अवगत कराया है ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव को अवगत करा कर जल्दी समस्या का समाधान किए जाने के निर्देश दिए हैं इसके बाद भी अगर समस्या का समाधान नहीं होगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**रिजवान हुसैन खंड विकास अधिकारी पवांसा।**

# भरभरा कर गिरा मकान कई लोग जखमी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**आदमपुर।** थाना क्षेत्र के गांव पथरा मुस्तकम निवासी विजय पुत्र गंगा शरण का परिवार रात्रि का समय सो रहा था की तेज बारिश होने के कारण गुरुवार की सुबह लगभग 4:00 बजे मकान रह गया जिससे कि सो रहे तीन बच्चे दब गए चिप पुकार सुनकर ग्रामीणों के भीड़ जुट गई ग्रामीण ने एकजुट होकर बच्चों को निकाल और स्वास्थ्य एंबुलेंस के सहायता से सीएचसी रहरा में भर्ती कराया गया वहां से हाय रैफर किया गया घायल अनीता पुत्री विजय रेखा पुत्री विजय रिशु पुत्री विजय तहसीलदार ने हल्का लेखपाल के साथ किया मुआयना मकान गिरने की सूचना पर तहसीलदार अंकल लेखपाल के साथ मौके पर पहुंच गए जिन्होंने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की पीड़िता किस विजय ने बताया कि बारिश के चलते मकान गिरने से खाद्य सामग्री करते समय तिल लाखों रुपए का नुकसान हो गया है।



# सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से फ्रंटलों को बहाल करने की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** समाजवादी पार्टी केंद्रीय कार्यालय



दिल्ली पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से सपा छात्रसभा के नि जिलाध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती ने भेंट की। मोहसिन मेवाती ने पीडीए की ऐतिहासिक जीत व कन्नौज से प्रचंड जीत पर करने पर मुबारकबाद दी। और वही मोहसिन मेवाती ने अखिलेश यादव से कहा कि चुनाव से अलीगढ़ के यूथ फ्रंटलों का गठन हुआ था. लेकिन इसको भंग कर दिया गया था। जो अभी तक गठन नहीं हुआ जिसको लेकर फ्रंटलों को बहाल कर ने की मांग की। इस मौके पर पूर्व जिला सचिव अजीम अब्बासी, मोनू यादव ,शाहरुख, नदीम,राहुल ठाकुर , आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी को दिया चाँदपुर वासियो ने ज्ञापन बोले शमसान कि भूमि करवाये अतिक्रमण मुक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर** । चाँदपुर वासियो ने गुरुवार को जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन उपजिलाधिकारी सदर को पुनः दिया ज्ञापन बताया कि आखिर तहसील सदर क्यो रोके बैठी है चाँदपुर शमसान ओर तालाब पैमाइश की फाइनल रिपोर्ट जानकारी में मालूम हुआ है कि तीसरी बार तहसील सदर एवम नगरपालिका की संयुक्त टीम के साथ पैमाइश करवाई गई किन्तु जनवरी से इस पैमाइश की फाइनल रिपोर्ट न तो जिलाधिकारी ओर न ही नगरपालिका को आज तक नही भेजी गई है पैमाइश की फाइनल रिपोर्ट जिसको लेकर गॉव के सेकड़ो व्यक्ति पहुंचे कलेक्ट्रेट ओर उच्च अधिकारियों को सोपा ज्ञापन । गॉव की सरकारी संपत्ति को कब्जा मुक्त करने की रिपोर्ट अभी तक नगरपालिका बुलंदशहर को नही भेजी गई है जो कि कई माह से तहसील सदर ने रोक रखी है गॉववासियो ने यहां तक बताया है कि नगरपालिका द्वारा कब्जा मुक्ति अभियान को भी तहसीलदार सदर द्वारा ही रोका गया था अन्यथा अब से काफी समय पहले नगरपालिका बुलंदशहर ने टीम गठित कर दिनाँक 16.1.24 प्रातः 11 बजे मय तहसील मय नगरपालिका एवम मय पुलिस फोर्स को अवैध कब्जा मुक्ति अभियान हेतु निर्देश तैयार किये गए थे जिसकी परमिशन एवम निर्देश नगरपालिका को सिटी मजिस्ट्रेट एवम जिलाधिकारी द्वारा नगरपालिका को भेजे गए थे । वही हाल ही में भाजपा सरकार में तहसील खुर्जा क्षेत्र के एक कब्रिस्तान पर कब्जा करने वालो पर तहसील द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है तो वही दूसरी ओर सदर तहसील के शमसान में कब्जा करने वालो पर कार्यवाही तो छोड़ो कब्जा ओर करवाया जाता है आरोप तहसीलदार सदर पर यहां तक है कि अतिक्रमण मुक्ति अभियान के दिन ही तहसीलदार सदर ने इस अभियान को अपनी शक्ति का प्रयोग करते हुए अग्रिम पैमाइश



के आदेश दिए जिसके चलते गॉववासियो ने भी संतुष्टि हेतु प्राइवेट इंजीनियर द्वारा सेटेलाइट पैमाइश तक करवा दी गई जिसको सीधे राजस्व के नक्शे पर पेस्ट करके मालूम हुआ कि सही में सरकारी संपत्ति के साथ खिलवाड़ किया गया है किन्तु इस रिपोर्ट को तहसीलदार सदर आगे नही भेज रहे है जिसके ऊपर गॉव के व्यक्ति जल्द ही इस विषय मे अगर कार्यवाही अमल में नही लाइ जाती है तो बहुत जल्द आंदोलन के साथ एक विशेष टीम द्वारा लखनऊ मुख्यमंत्री तक इस विषय की लापरवाही में शिकायत को रखा जाएगा एक ओर भाजपा सरकार अवैध अतिक्रमण को रोक रही है तो वही एक ओर सरकारी कर्मचारियों के ऊपर बताने के बाद भी सरकारी संपत्ति को कब्जा मुक्त करवाने में कोई कार्यवाही तो छोड़ो सही कार्य मे रुकावट का रोड़ा बन रहे है ।

गॉव की सरकारी संपत्ति तालाब एवम श्मशान जो कि राजस्व नक्शे के अनुसार गाटा संख्या 221,222,223,261 में दर्ज के जिसको कुछ व्यक्तियों द्वारा कब्जा किया गया है ।इस विषय की शिकायत जिलाधिकारी से लेकर नगरपालिका तहसील सदर एस डी एम सिटी मजिस्ट्रेट सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी ग्रामवासियो द्वारा ज्ञापन देकर सामाजिक एवम सरकारी संपत्ति को कब्जा मुक्ति हेतु मांग रखी गई है जिसको बीते अगस्त 2023 से अब तक तीन बार पैमाइश की जा चुकी है यही नही प्राइवेट आर्केटेक्ट द्वारा भी तहसील एवम नगरपालिका की संयुक्त टीम के समक्ष भी पैमाइश की गई है किन्तु अभी तक अंतिम पैमाइश रिपोर्ट तहसील सदर द्वारा जिलाधिकारी अथवा नगरपालिका को भेजी नही गई है। इस विषय को लेकर ग्रामवासियो ने बताया है कि सरकारी संपत्ति कब्जा मुक्ति में आखिर लेट अतीफी का क्या कारण है वही गॉववासियो ने कही न कही प्रशासन के ऊपर राजनीतिक दबाब का भी आरोप लगाया है जिसके कारण अभी तक अंतरिम पैमाइश रिपोर्ट तहसील सदर से नही भेजी जा रही है । इस मौके पर दुर्गपाल, संजू नरेश विनोद मानसिंह नानक अतरसिंह मन्नू सोनू अखिलेश लाला जितेंद्र मलखान कंछी सुंदर रामवीर आदि काफी व्यक्ति पहुचेशर्मा मुख्य सेवादार मौजूद रहे।

# पुलिस ने मौके पर जाकर अवैध मिट्टी खनन के छह डंपर दो पोकलेन पकड़े

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र में अवैध रूप से हों रहे मिट्टी खनन को लेकर ग्रामीणों ने काफी समय से सड़कों पर आकर जाम लगाया और जटपुरा बौडा में किसानों ने सड़क पर उतर कर अवैध खनन को लेकर प्रशासन से मांग की थी वहीं काफी समय से गांव कलहेडी में भी अवैध रूप से मिट्टी खनन माफिया अपना काम कर रहे हैं और जनता ने विरोध भी किया लेकिन अंजाम शून्य रहा क्योंकि दबंग खनन माफियाओं ने जनता को डरा धमकाकर रखा है वहीं काफी संख्या में किसान अपने खेतों से हों रहे मिट्टी कटान को लेकर चिंता में थे, इसी बीच क्षेत्र के गांव वालों ने भारतीय किसान यूनियन का सहारा लिया और किसान यूनियन व क्षेत्रीय जनता के विरोध के बावजूद पुलिस को सक्रिय होना पड़ा



जब जाकर आज पुलिस ने मौके पर जाकर अवैध मिट्टी खनन के छह डंपर दो पोकलेन मौके से पकड़ लिया और वैधानिक कार्यवाही शुरू कर।

ग्राम पंचायत कलहेडी में मालन नदी पर हों रहे अवैध खनन की शिकायत करते हुए भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह रहीसुददीन संजीव कुमार मौहम्मद हयी रामोद कुमार जितेंद्र हुड्डा आदि ने प्रशासन को मांग पत्र देते हुए कहा था कि मालन नदी में अवैध खनन को लेकर पन्द्रह फिट गहरे खड्डे हो गया है इसी तत्काल रोका जाए पुलिस कार्यवाही से किसानों और खेत बाग स्वामियों को राहत मिली है।

# मिड-डे मील का जिला समन्वयक पचास हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नुपुर।** सतर्कता अधिष्ठान बरेली की टीम ने नुपुर ब्लाक प्रमुख के पति राशू चौहान को पचास हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया मिड-डे मील की आपूर्ति करने वाली संस्था से एन ओ सी देने के बदले रिश्वत मामले में आरोपी शिक्षा विभाग में मिड-डे मील का जिला समन्वयक है। मुरादाबाद के महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के सुपरवाइजर धमेंद्र ने राशू चौहान पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी रामू रुप पुर थाना शिवाला कला को रिश्वत के पचास हजार रुपए ब्लाक प्रमुख कार्यालय में दिए तभी सतर्कता अधिष्ठान बरेली की टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया जबकि मुरादाबाद की संस्था पहले से ही काम कर रही थी बाद में



आपूर्ति का काम दूसरी संस्था को दें दिया गया अब संस्था फिर से काम करने के लिए एन ओ सी लेना चाहती थी और इसके नाम पर पचास हजार रुपए रिश्वत मांगी गई थी तो शिकायत पर टीम ने पुरी रणनीति तैयार कर नोटों सहित गिरफ्तार कर लिया और नूरपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अपने साथ ले गए पकड़ मैं आया आरोपी संविदा के तौर पर जिला समन्वयक है और बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात हैं जबकि उसकी पत्नी नूरपुर की ब्लाक प्रमुख हैं और अकूत संपत्ति जमा कर रखा है तथा राजनीतिक पहुंच के कारण यह सब काम करता आ रहा है।

# लखनऊ की रेवड़ी की मिठास दिखेगी लौंग शॉर्ट फिल्म ' गुलाबी रेवड़ी ' में: संतोष शुक्ला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** पूरी दुनिया जहां लखनऊ की कला-संस्कृति, तहजीब, अदब, नजाकत, नफासत के साथ यहां के खानपान की दीवानी है, ऐसे में बॉलीवुड भी लखनऊ की दीवानगी में पीछे नहीं है, इसी का परिणाम यह है कि

**पुराने लखनऊ में शूट हुई लौंग शॉर्ट फिल्म ' गुलाबी रेवड़ी '**

आज पुराने लखनऊ में लौंग शॉर्ट फिल्म गुलाबी रेवड़ी की शूटिंग संपन्न हुई।
काया प्रोडक्शन के बैनर तले पुराने लखनऊ के रूमी गेट, छोटा इमामबाड़, बड़ा इमामबाड़ा, कुड़िया घाट, भार्गव विला कैसरबाग, रेवड़ी मार्केट चारबाग, सलीमपुर हाऊस जैसे अन्य स्थानों पर लौंग शॉर्ट फिल्म ' गुलाबी रेवड़ी ' की शूटिंग की गई।
फिल्म के मुख्य अभिनेता जय हो और बच्चन पांडे फेम संतोष शुक्ला ने बताया कि लौंग शॉर्ट फिल्म ' गुलाबी रेवड़ी ' लखनऊ की प्रसिद्ध रेवड़ी और रेवड़ी व्यापारी के पोते



नित्या शुक्ला पर आधारित है। इस फिल्म में रेवड़ी की मिठास के साथ लखनऊ के अतीत और आज की फि जा दिखाई देगी।
अभिनेता संतोष शुक्ला ने बताया कि लौंग शॉर्ट फिल्म ' गुलाबी रेवड़ी ' में उनके साथ अभिनेत्री नाजिया हुसैन, लेखा प्रजापति, आकांक्षा पांडे, नरेंद्र पंजवानी, अंकित तिवारी, पंखुरी गिडवानी, रिद्धिमा कौशल सहित लखनऊ के बहुत से कलाकार दिखाई देंगे।
लौंग शॉर्ट फिल्म गुलाबी रेवड़ी के निमार्ता आशीष गोरेवाला ने बताया की यह फिल्म अपने नाम के अनुरूप मिठास और लखनवी अंदाज से परिपूर्ण होगी। इसके लेखक हैं सुजीत कुमार गुप्ता और निर्देशक हैं दीपक श्रीवास्तव।

# सपा कांग्रेस साथ भविष्य पर संशय बरकरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नजीबाबाद (महताब खान चांद)।** हाल ही सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव में जिस तरह सपा कांग्रेस ने मिलकर प्रदर्शन किया उससे सपा को बहुत फायदा हुआ है और उत्साह का संचार भी हुआ है इसलिए दोनों दल आगे बढ़ कर दिल मिलाकर का काम करना शुरू कर दिया है ताकि राजनीति में सब कुछ स्थिर नहीं होता हर कोई अपने स्तर पर काम करना चाहते हैं और लाभ हानि देखकर ही राजनीति में रणनीति तैयार किया जाता है इसलिए अभी उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव होने हैं जिसके लिए दोनों दलों मैं सक्रियता दिखाई दे रही है वहीं अपनी अपनी दावेदारी भी पेश किया जा रहा है और उम्मीदवार भी परिक्रमा करने में लगे हुए हैं जबकि आगामी दिनों में महाराष्ट्र हरियाणा बिहार दिल्ली में भी चुनाव होने हैं और सपा महाराष्ट्र हरियाणा में अपनी दावेदारी पेश करेगी क्योंकि महाराष्ट्र मे सपा के दो विधायक हैं वहीं हरियाणा में मुस्लिम यादव समीकरण बीस सीटों पर है यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में जो सपा को ऊर्जा प्रदान हुआ है उससे सपा का मनोबल ऊंचा हुआ है इसी के चलते विधानसभा उपचुनाव में सपा अपनी दावेदारी पेश कर रहीं हैं और चुनावी रणनीति तैयार कर रही है इसका मुख्य कारण यह भी है कि सपा अपना विस्तार करते हुए और अन्य राज्यों में चुनाव लड़कर पार्टी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय पार्टी बनने का प्लान बना रहीं हैं इसलिए अखिलेश यादव राहुल गांधी मिलकर साथ चल रहे हैं वहीं दोनों दल फूंक फूंक कर कदम भी रख रहे हैं जबकि लोकसभा चुनाव में सपा को बड़ा फायदा मिला और 2027का विधानसभा चुनाव भी दोनों दलों के लिए चुनौती बन गया है जबकि फिलहाल उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव में सपा कांग्रेस की जोड़ी क्या रंग लाएगी यह तो समय ही बताएगा लेकिन जिस तरह से उम्मीदवार समीकरण और दावेदारी पेश कर रहे हैं उससे



दोनों ही दलों मैं खलबली मची हुई है लेकिन फिर भी करहल मीरा पुर खैर फूल पुर मझवा कुंदरकी गाजियाबाद कटेहरी मिल्की पुर सीसामूऊ सीटों पर चुनाव होने हैं इसमें पांच सीटें सपा कोटे से खाली हुई है जबकि तीन भाजपा एक राष्ट्रीय लोकदल एक निषाद पार्टी की है जबकि यह उपचुनाव एनडीए गठबंधन और इंडिया गठबंधन के लिए चुनौती भरा चुनाव साबित होगा इसलिए जहां सपा कांग्रेस का साथ और भविष्य पर संशय बरकरार होगा वहीं एनडीए गठबंधन इंडिया गठबंधन के लिए भी एक चुनौती साबित होगा।

**समारोह** मंज़िल माईस्टिक्स बैण्ड ग्रुप के कलाकारों ने संगीत के साथ अपने स्वरों से सभी को आकर्षित किया

# महिलाओं को सशक्त बनाना सौफिया का मकसद : डॉक्टर इन्दु प्रकाश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली (इरफान राही )।** सोफिया एजुकेशनल एण्ड वैलफेयर सोसायटी पुराना मुस्तफाबाद (दिल्ली)एन.जी.ओ. के 20वें वार्षिक समारोह "उरूज" शानदार तरीके से बाराखम्बा रोड दिल्ली स्थित होटल 'दा ललित क्रिस्टल बॉलरूम' मे ललित होटल व केशव सूरी फाउंडेशन के सहयोग से मनाया गया। जिसमें सौफिया संस्था के 20 वर्षों की उपलब्धियों को साझा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजीम-उल-हक आई ए एस रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ० इन्दू प्रकाश सिंह, विवेक शुक्ला सी ई ओ दि ललित होटल, मुकेश यादव (डायरेक्टर शिक्षा विभाग), फिरदोस खान (सदस्य, दिल्ली महिला आयोग), मुथूट फाईनेन्स से राकेश मेहरा, वेद प्रकाश एसीपी. क्राइम ब्रान्च), हमदर्द नेशनल फाउन्डेशन से जावेद नसीम, तिहाड़ जेल दिल्ली के डिप्टी सुप्रीटेन्डेंट देवेन्द्र कुमार उपाध्याय व राकेश शर्मा जी रहे। इस अवसर पर सौफिया डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रसारण किया गया, जिसमें सौफिया द्वारा 20 वर्षों में किए गए कार्यों को दशार्या गया था।
मंज़िल माईस्टिक्स बैण्ड ग्रुप के कलाकारों ने संगीत के साथ अपने स्वरों से सभी को आकर्षित किया। सीएसआर व सरकारी विभागो को उरूज अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। सौफिया एन.जी.ओ. की तरफ से अन्य विभिन्न गैर सरकारी संगठनों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सौफिया टीम के सदस्यों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन दृष्टि गुप्ता जी ने किया। सभी आमंत्रित आगंतुकों को सौफिया की तरफ से कैट लॉग, तुगरा व सौफिया से संबंधित प्रचार सामग्री वितरित की गई।
मुख्य अतिथि अजीमुल हक साहब ने कहा कि मैं सौफिया के कामों के बारे में उत्तर पूर्वी ज़िले में 2013-14 से जानता हूं तब सौफिया का काम सीमित हुआ करता था, लेकिन आज सौफिया हजारों युवाओं को स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग देकर उनको रोजगार के साथ जोड़ रही है और समाज के सबसे निचले तबके को सरकार की स्कीमों से जोड़कर मुख्य धारा में ला रही है। आज सौफिया का काम उत्तर पूर्वी ज़िले के अलावा दिल्ली के अलग-अलग ज़िलों में फैल रहा है और हजारों लोग इसका फायदा उठा रहे हैं। सौफिया द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्य सराहनीय हैं, जिसके लिए सुहैल सैफी व उनकी टीम बधाई की पात्र हैं। सौफिया इसी तरह अपनी गतिविधियों को जारी रखते हुए समाज को लाभान्वित करती रहे ।विशिष्ठ अतिथि प्रसिद्ध समाज सेवी डॉ० इन्दू प्रकाश सिंह ने कहा कि सौफिया सेन्ट्रल दिल्ली में 25 रैन बसेरे चलाती है और शहर की बेघरों की आधी आबादी यहाँ रहती है। उनके साथ सौफिया का काम करना अति सराहनीय है। इनके सेवाओं के बारे में जितना बताया जाए कम है। अभी राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में बेघर बच्चों के सुन्दर नाटक की प्रस्तुति की जो बहुत ही सराहनीय काम है। उन्होंने आगे बताय कि सौफिया एन.जी.ओ. ने अपनी मेहनत और ईमानदारी के बल पर दिल्ली में अलग पहचान बनाई है और मैं आशा करता हूं कि सौफिया एन.जी.ओ. निकट भविष्य में नित नई ऊँचाइयों को छुएगी।
सौफिया संस्था के चैयरमेन सुहैल सैफी ने अपनी 20 वर्ष की उपलब्धि व कामयाबी का श्रेय अपनी टीम एवं अपने वरिष्ठ जनों को देते हुए कहा कि अभी तो सौफिया को बहुत आगे जाना है। उन्होंने "दा ललित होटल" के मालिक श्री केशव सूरी और सी.ई.ओ. श्री विवेक शुक्ला एवं सभी सहयोगियों का हृदय से आभार किया। इस अवसर पर अन्य एन.जी.ओ. के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियों के अलावा शहर के गणमान्य लोग, मीडिया जगत, शासन, प्रशासन के लोग भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सौफिया से चैयरमेन सुहेल सैफी, समाज सेवी डॉ० इन्दू प्रकाश सिंह एवं मुख्य अतिथि अजीमुल हक आईएएस द्वारा साक्षी संस्था के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मौ० जुबैर खान, सलमा फ्रांसिस (अध्यक्षा, विजन फॉर ओसिस वेवूज सोसायटी , डॉ० सम्पा बनर्जी (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर - द सेव, अवधेश यादव (सचिव एसपीआईडी , प्रेम प्रकाश आसरा (संस्थापक / सीईओ) सम्पर्क साथी फाउण्डेशन, कपिल कुमार अग्रवाल (संस्थापक / सीईओ, विक्लांग सहारा समिति दिल्ली), श्रीमती रीना बनर्जी (सचिव, नवसृष्टि), अमित मिश्रा (चीफ फंक्शनरी) सरस्वती एजुकेशनल सोसायटी, सुरेन्द्र गिरि (मुख्य सैक्रेटरी जनरल-शेप इंडिया, श्री सरफराज व शहाना (आदि संस्था) डॉक्टर जियाउद्दीन अहमद, अलहिकमा फाउण्डेशन रिजवान परवेज, अश्विन वाधवा, श्रेया वाधवा, राधिका चन्द्रशेखर, लोकेश जैन, अन्जू गोयल को सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर श्रीमती निधि जालान (डायरेक्टर प्रोजेक्ट मौका), प्रोजेक्ट मैनेजर सुभाषिनी रतन, एम.आर. शमशाद (वरिष्ठ अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट), फिरोज इकबाल (अधिवक्ता, दिल्ली हाई कोर्ट), निबरास सैफी (अधिवक्ता, हरियाणा एस एल एस ए, जमील अहमद सैफी (डायरेक्टर, सौफिया पैरामेडिकल), सलीम सैफी सीईओ, न्यूज वायरस देहरादून, खुर्शीद आलम (रेडियो जॉकी), डॉ० सीमा आबिद, मास्टर शेर मुहम्मद, मास्टर अलीशेर सैफी, सलीम अहमद सैफी, राशिद सैफी (सी.ए.), साबिर अली सैफी, अफसर अली एक्स डीजीएम एमटीएनएल, हाजी के.के. नफीस सैफी (वरिष्ठ प्रबन्धक), डॉ. इसहाक अली 'सुन्दर' (संचार प्रबन्धक), इरफान राही सैदपुरी सैफी - एडीटर इन चीफ टी एफ आई उर्दू, श्याम सिंह, रविकान्त मिश्रा, रहीसुद्दीन सैफी, फुरकान सैफी, मौ० नासिर, शमशाद अख़्तर सैफी, नासिर हुसैन सैफी, हाजी कमरुद्दीन सैफी, इकबाल अहमद सैफी, शान मुहम्मद सैफी, मेहरुद्दीन सैफी, खालिद सैफुल्लाह, अमरीन खान, रियाज सैफी, हाजी रजनीश सैफी, इंजिनियर साजिद सैफी,शाहनवाज सैफी, मोहम्मद उमर सैफी, फारुक सैफी, मुस्लिम सैफी संपादक निष्पक्ष पोस्ट, नदीम सिद्दीकी, रिहान सैफी, मन्नान सैफी, एजाज सादिक, मुहम्मद तकी, सलीम अहमद सैफी (टावर वाले), सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।








# नेहरू युवा केन्द्र के पीड़ित पेंशनर्स का फोरम गठित, मुकुंद वल्लभ शर्मा सचिव नियुक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गुरुवार को नेहरू युवा केन्द्र संगठन (युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार) के पेंशनर्स की लड़ाई लड़ने के लिए एक फोरम के गठन किया गया है। फोरम के सचिव के तौर पर मुकुंद वल्लभ शर्मा को सचिव नियुक्त किया गया है जो काफी समय से परेशान चल रहे इन पीड़ित पेंशनर्स की आवाज को उठाएंगे।

बता दें कि गुरुवार को विश्व युवा केन्द्र दिल्ली के सभागार में आयोजित पेंशनर्स फोरम की मीटिंग में 12 राज्यों के पेंशनर्स ने भाग लिया। निर्धारित ऐजेंडे के अनुसार सबसे पहले पेंशनर्स फोरम का गठन किया गया। जिसमें डीके त्यागी(यूपी) चीफ पैटर्न, आर.पी.एस. ठाकुर (हि. प्र.) और ऋषिपाल सिंह (यूपी) पैटर्न) के अलावा अतुल पाण्डेय(दिल्ली) को अध्यक्ष, आर. नटराजन (तमिलनाडु) उपाध्यक्ष, प्रदीप कुमार शाह (पश्चिम बंगाल) उपाध्यक्ष, पवन दुबे (मध्यप्रदेश) उपाध्यक्ष, वीरेंद्र वोकन (हरियाणा) महासचिव, मुकन्द वल्लभ शर्मा (उत्तर प्रदेश) सचिव, ए. पी. सिंह (दिल्ली) को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।
इसके अलावा अनिल कौशिक हरिद्वार (उत्तराखंड), नन्द कुमार सिंह (बिहार), उदय सिंह (सीकर) राजस्थान, यशवंत प्रभु मन खांडेकर (महाराष्ट्र), सोम दत्त जार्ड (जम्मू कश्मीर), श्याम सुंदर कश्यप (पंजाब), भानु प्रसाद शाह (गुजरात) को सर्वसम्मति से कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।
पेंशनर्स फोरम के गठन के बाद निर्णय लिये गये कि सीजीएचएस की समस्या को कोर्ट केस, पेंशनर्स की रिकवरी, 30 जून और 31 दिसम्बर को लगने वाली वेतन वृद्धि, कम्यूटेशन भुगतान की अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 10 वर्ष 8 माह करने के अलावा लम्बित एम ए सी पी, जीपीएफ के लम्बित भुगतान के लिए सम्बंधित अधिकारियों व माननीय केन्द्रीय मंत्री से मिलकर ज्ञापन दिए जायेंगे। जिससे कि पेंशनर्स की पीड़ा का समाधान कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि नेहरू युवा केन्द्र संगठन, जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन स्वायत्त सासी



निकाय के रूप में काम कर रहा है, के पेंशनर्स की किसी भी जायज मांग पर मुख्यालय और मंत्रालय द्वारा न तो विचार किया जा रहा है और न ही समाधान किया जा रहा है। इससे परेशान होकर पेंशनरों ने राष्ट्रीय स्तर पर फोरम का गठन किया गया है, अभी तक नेहरू युवा केन्द्र संगठन के लगभग 1150 पेंशनर है। मीटिंग में विक्रम सिंह गिल, सेमसन मसीह, एल्विन मसीह (पंजाब) आर डी सिंहल, दिलीप कुमार हजेला, आर एस वर्मा, अरविन्द सक्सेना अपूर्व शिंदे (म प्र), अनिल कुमार, लीलाधर जोशी, ओउम प्रकाश मिश्रा, सुशील वाजपेयी, संजीव मिश्रा, अरविन्द संज्ञा गोपाल भगत राजेश जादौन, कमलेश दुबे, शमीम अहमद, अनिल चतुर्वेदी खालिद हसन खान (उत्तर प्रदेश), महेश जैमिनि (राजस्थान), अधी रंजन पौल ( प बंगाल) विपिन जोशी, एस एस पौल ( गुजरात) आर पी भारद्वाज, जेपीएस मलिक (हरियाणा) सुरेश सभरवाल (दिल्ली) शरद शालुंके (महाराष्ट्र) आदि ने भाग लिया।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने में अध्यापक सहयोग करें: विकास कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट)कांठ के सभागार में गुरुवार को शासन के निर्देश पर 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाये जाने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु समस्त नोडल अध्यापक का संवेदीकरण किया गया ।

बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने कहा कि अभिभावकों का दिमागी बुखार एवं जनित रोगों तथा जल जनित रोगों से बचाव रोकथाम एवं उपचार हेतु संवेदीकरण किया जाए विशेष कर सुरक्षित पीने का पानी शौचालय का प्रयोग खुले में शौच खतरनाक हो सकता है बुखार के कारण क्या है बुखार होने पर क्या करें क्या ना करें के विषय में जागरूक करें ' पेयजल को उबालना, साबुन से हाथ धोना, शौचालय का प्रयोग इत्यादि के विषय में छात्रों एवं अभिभावकों को जागरूक किया जाए। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य मासिक बैठक में दिमागी बुखार एवं अन्य व्यक्ति जनित रोगों तथा जल जनित रोगों पर संवेदीकरण करें ' पुस्तकों के वितरण के समय अभिभावकों का संवेदीकरण किया जाए। पोस्टर प्रतियोगिता कोई प्रतिस्पर्धा निबंध लेखन इत्यादि माध्यमों से छात्रों को रोगों से बचाव पर्यावरणीय स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के विषय में सक्रिय सहभागिता के साथ जागरूक करें ' शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए गतिविधि कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों का संचालन करना, दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों से बचाव संबंधी प्रचार प्रसार सामग्री को स्कूल में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करना छात्रों की गतिविधियों में उनके अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु इस अभियान हेतु छात्रों को दिए गए असाइनमेंट यथा पोस्ट निबंध इत्यादि पर अभिभावक को से भी दो पंक्ति की टिप्पणी लिखने का आधुनिक करने को बताया गया ' बैठक में स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार, यूनिसेफ से रेखा पटेल, दीपक कुमार, जुबेर अहमद, मोहम्मद अकरम, प्रियंका चौधरी, एवं ए आर पी गौतम सिंह, मनीष कुमार, अरुण कुमार आदि मौजूद थे।






## हल्की बारिश से मौसम हुआ सुहाना,तेज हवा से अनेक पेड़ गिरे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर पंचायत एवं क्षेत्र में 2 दिन से रुक रुक कर हो रही बारिश के कारण मौसम सुहाना हो गया है भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है बारिश होने के कारण किसानों के चेहरे खिल गए हैं' तेज हवा के कारण अनेक स्थानों पर पेड़ गिर गए हैं और अनेक स्थानों पर यातायात बाधित भी हुआ है ' नगर पंचायत एवं तहसील क्षेत्र में कल और आज हुई हल्की बारिश से मौसम सुहाना हो गया है' अनेक किसानों ने बताया कि इस बारिश से अनेक फसलों को लाभ पहुंचेगा ' तेज हवा के कारण अनेक स्थानों पर पेड़ गिर गए हैं नगर में थाने के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित हुआ है' खबर लिखे जाने तक वन विभाग ने अनेक गिरे पेड़ों को उठाया नहीं था।



# हजारों "मरीजों के जीवन से खिलवाड़ "कर रहे हैं सैकड़ो अस्पताल, तहसील एवं जनपद के 446 अस्पतालों के पास फायर एनओसी नहीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील एवं जनपद के 446 अस्पतालों को आग लगने का कोई डर नहीं है। ये अस्पताल सीएमओ कार्यालय में पंजीकृत तो हैं, लेकिन इनके पास फायर एसओजी नहीं हैं। इस सूची में जिला अस्पताल और जिला महिला - अस्पताल भी शामिल हैं। दमकल विभाग की ओर से नोटिस जारी किए तो 20 अस्पतालों ने एनओसी के लिए आवेदन किया है।दिल्ली में 26 मई को शिशु अस्पताल में आग लगने के बाद मुरादाबाद में भी फायर सेफ्टी की याद आई थी। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने दमकल विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर अस्पताल, सोसायटी और होटलों में आग बुझाने के उपकरण चेक किए थे। जिसमें सबसे हैरान करने वाली बात ये सामने आई थी मुरादाबाद में बड़ी संख्या में अस्पताल बिना फायर एनओसी के ही चल रहे थे। सीएमओ कार्यालय में 503 अस्पताल पंजीकृत हैं, जबकि दमकल विभाग से केवल 57 अस्पतालों ने ही एनओसी ली है।इसके बाद दमकल विभाग की ओर से अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए। करीब एक माह में 20 अस्पतालों ने एनओसी के लिए आवेदन किया गया। इसके बाद दमकल विभाग के अधिकारी टीम के साथ इन अस्पतालों का निरीक्षण कर रहे हैं। रिपोर्ट के आधार पर इन अस्पतालों को एनओसी दी जा रही है।




अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि 1000 वर्ग मीटर एरिया और 15 मीटर ऊंचाई तक बेड वाले अस्पतालों में अग्निशामक यंत्र, मैन्युअल इलेक्ट्रिक फायर अलार्म सिस्टम, स्प्रिंकलर सिस्टम (बेसमेंट हो तो), पानी टैंक क्षमता 5000 लीटर और 450 एलपीएम क्षमता का पंप होना चाहिए। वहीं 1000 वर्ग मीटर एरिया और 15 मीटर तक ऊंचाई तक बिना बेड वाले अस्पतालों में अग्निशामक यंत्र, हौजरील, मैन्युअल इलेक्ट्रिक फायर अलार्म सिस्टम, स्प्रिंकलर सिस्टम (बेसमेंट हो तो), दो टैंक क्षमता पांच-पांच हजार लीटर और 450 एलपीएम क्षमता के दो पंप होने चाहिए। तहसील एवं जनपद में 57 अस्पतालों के पास फायर एनओसी है। 20 और अस्पतालों ने एनओसी के लिए आवेदन किया है। जिन्हें नियमानुसार एनओसी दी जाएगी। टीम बीच बीच में अस्पतालों, फर्म और स्कूल, कॉलेज व शिक्षण संस्थानों में आग बुझाने वाले यंत्रों को चेक करती है।

# स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता रैली निकाले: विकास कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में आज परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक को निपुण बनाने एवं नामांकन बढ़ाने पर बल दिया गया' खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता रैली निकालने के निर्देश दिए' खंड शिक्षा अधिकारी ने स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति को ऑनलाइन करने के निर्देश दिए' उन्होंने स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने, बच्चों का नामांकन बढ़ाने आदि पर जोर दिया ' मासिक बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रधान अध्यापक एवं इंचार्ज अध्यापक मौजूद थे।




## दो जुलाई तक बढ़ी शिल्पकारी के प्रशिक्षण की तारीख

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के शिल्पकारों को कौशल विकास योजना के अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र नजीबाबाद द्वारा प्रदान किया जायेगा। मुरादाबाद में लक्ष्य के सापेक्ष ऑनलाइन प्राप्त आवेदन का चयन जनपद स्तरीय चयन समिति के माध्यम से किया जाएगा। इसके बाद प्रशिक्षण मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र नजीबाबाद द्वारा दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने की व्यवस्था निशुल्क होगी। प्रशिक्षण अवधि का मानदेय भुगतान प्रशिक्षार्थी के खाते में सीधे भेजा जाएगा।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक माटीकला शिल्पकारों के पुरुष/ महिला प्रशिक्षार्थी 2 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट upmatikalaboard.in पर कर सकतें है। विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9580503151 और 8191967289 या जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एमआईजीए एम-6 दीनदयाल नगर में भी संपर्क कर सकते हैं।

# नगर पंचायत उमरी कला के अध्यक्ष ने फीता काटकर किया नायक हॉस्पिटल का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** नगर पंचायत उमरी कला के चेयरमैन हाजी उस्मान अली ने गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में ऊमरी चौराहा पुलिस चौकी के पास नवनिर्मित नायक हॉस्पिटल का फीता काटकर उद्घाटन किया उन्होंने कहा कि यहां के नागरिकों को अब सभी सुविधाएं यहां उपलब्ध होगी अनेक बीमारियों के लिए अब मुरादाबाद नहीं जाना पड़ेगा' डॉ० सलमान अहमद तथा डॉ० शहरोज अहमद द्वारा बनाए गए नायक हॉस्पिटल का उद्घाटन मुख्य अतिथि मोहम्मद उसमान अली (चेयरमैन ऊमरी कलां) ने किया'नायक हॉस्पिटल की व्यवस्थाए देख संतोष व्यक्त किया , चेयरमैन ने कहां की ऊमरी कलां तथा उमरी चौराहा समेत आसपास के गावों के लोगो के लिए काफी सुविधाएं मिलेगी।नायक हॉस्पिटल में नॉर्मल डिलीवरी,दूरबीन द्वारा सभी ऑपरेशन, एनआईसीयू,आईसीयू,नेबुलाइजर मशीन, ऑक्सीजन की व्यवस्था, प्रिस्क्रिप्शन ( पर्चा ) फ्री, पेट के ऑपरेशन आदि समेत सभी सुविधाएं उपलब्ध है। नायक हॉस्पिटल 24*7 खुला रहेगा। इस अवसर पर ब्रांड एम्बेसडर ऊमरी कलां मोहम्मद जीशान , अध्यक्ष पुत्र मोहम्मद आ,डॉ० सलमान अहमद , डॉ० शहरोज अहमद , समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# अध्यक्ष के खिलाफ नगर पंचायत सभासदों का धरना आज दूसरे दिन रहा जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** समाजवादी पार्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी की तानाशाही एक वार्ड को छोड़ अन्य वार्ड में विकास कार्य न करने, प्रत्येक माह होने वाली नगर पंचायत बोर्ड की बैठक का आयोजन नहीं करने,आय-व्यय का विवरण बोर्ड सदस्यों के सामने नहीं रखने, सभासदों की उपेक्षा करने आदि आरोपी को लेकर 17 में से 16 सभासदों ने नगर पंचायत कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन आज दूसरे दिन भी जारी रहा ' उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्य प्रणाली को लेकर सभासदों काफी समय पूर्व एसडीएम को ज्ञापन दिया था कोई कार्रवाई न होने पर सभासदों ने थाना समाधान दिवस में इस संबंध में ज्ञापन दिया था जिसमें धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी' अनेक महिला सभासद अपने पति के साथ भी धरने पर बैठी, धरना प्रदर्शन में नगर पंचायत सभासद श्रीमती मंजू, श्रीमती पिंकी, मनोज कुमार,नसीम अहमद, श्रीमती रिहाना, प्रियंका सैनी, मौ० इल्यास, दिलशाद, उस्मान, धर्मवीर सिंह, वसीम अहमद, रईस अहमद, श्रीमती रुकसाना खातून, श्रीमती जमीला खातून, मौजूद थे 'सभासद मनोज चौहान ने गुरुवार देर शाम 6:30 बजे बताया धरना स्थल पर ही कार्यवाही रजिस्टर दिखाया जाय। अगामी वोर्ड बैठक की तीथि नियत की जाये, 13 माह में किये गये कार्यों का विवरण सभासदों को दिखाया जाय, अगर हमारी यह मांगे पूरी नहीं की गयी तो हमार धरना जारी रहेगा।



# यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के द्वारा, बिना परमिट के सवारी वाहनों का किया चलान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** यातायात पुलिस एवम परिवहन विभाग तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त चैकिंग अभियान चलाया गया चेकिंग अभियान के अंतर्गत चंदौसी तथा संभल होकर चलने वाली बिना परमिट सवारी वाहनों को चेक किया गया तथा

**हूटर सायरन का प्रयोग न करे, ड्राईविंग लाईसेंस धारक ही वाहन चलाए: अनुज मलिक**

बिना परमिट चल रही बस तथा टैक्सी के चालान के एम वी एक्ट के अंतर्गत 5 बसों के चालान परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने में किए गए। अभियान के अंतर्गत अन्य यातायात नियम उल्लंघन करने वाले105 वाहनों के चालान एमवी एक्ट में किए गए अभियान के अंतर्गत प्रमुख चौराहों एवम तिराहो पर अनावश्यक रूप से खड़े टेंपो एवं बस को हटवाया गया सभी टेंपो चालकों एवं बस चालकों को निर्देशित किया गया कि अपने वाहन निर्धारित स्टैंड पर ही खड़ा करें अनावश्यक रूप से रोड पर अपने वाहन खड़ा न करें दो पहिया वाहन चालक सदैव हेलमेट धारण करें चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर चलें निर्धारित गति में अपने वाहन चलाएं ,स्टंट एवम स्पीड ड्राइविंग ना करें अपने वाहनों में हूटर सायरन का प्रयोग ना करें, ड्राइविंग लाइसेंस धारक चालक ही वाहन चलाएं।




# गौ सेवा गतिविधि टीम ने गौशाला पहुंचकर की गौ सेवा,बीमार गोवंशों का कराया उपचार: विकास शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** गौ सेवा गतिविधि (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) ने अपनी टीम के साथ सादकपुर खिचड़ी की गौशाला में जाकर की गौ सेवा, गौशाला को गौ सेवा गतिविधि की टीम द्वारा 40 कुंतल हरा चारा उपलब्ध कराया गया। बीमार गोवंशो का उपचार कराया गया। इस गौशाला में लगभग 390 से ज्यादा गोवन सुरक्षित एवं संरक्षित है। जो क्षमता से कहीं ज्यादा है। । गौशाला में लाइट उपलब्ध न होने के कारण कुछ चारा गोवंशों को बगैर काटे ही खिलाया गया। एसडीओ कांठ से फोन पर वार्ता की गई उनके द्वारा बताया गया की गौशाला में रात्रि के शेड्यूल में बिजली आ रही है। गौ सेवा गतिविधि की टीम द्वारा प्रशासन से मांग की गई है। गौशाला के लिए 2 घंटे दिन में बिजली की आपूर्ति होनी चाहिए। ताकि गोवंशों को हरा चारा काट कर खिलाया जा सके। प्रशासन से मांग की गई है की जल्दी ही रायपुर खुर्द की गौशाला चलवाई जाए।

गौ सेवा गतिविधि की टीम लगातार निराश्रित गोवंशों को गौशाला में ले जाकर सुरक्षित एवं संरक्षित करने में लगी है। इस मौके पर गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा, विशाल भैया, विपिन कुमार, प्रकाश यादव, बिट्टू, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदित्य गोयल आदि गोसेवक उपस्थित रहे।



## डीएलएड में अनेक निजी कॉलेजों ने रेवड़ी की तरह बांटे नंबर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूलों में शिक्षक बनने के लिए डिप्लोमा इन एलीमेंटरी एजुकेशन (डीएलएड) प्रशिक्षण का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है' पढ़ने-लिखने में कमजोर प्रशिक्षु प्रदेश के 2974 निजी कॉलेजों में से अधिकांश के संचालकों संग साठगांठ कर आंतरिक मूल्यांकन में पूरे अंक हासिल कर लेते हैं जिससे ईमानदारी के साथ पढ़ाई करने वाले अभ्यर्थी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी कार्यालय की ओर से चार साल पहले मूल्यांकन की व्यवस्था में परिवर्तन का प्रस्ताव भेजा था जो अब तक लागू नहीं हो सका है।

वर्तमान में डीएलएड प्रशिक्षण के तहत पांच प्रश्नपत्रों हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित व शांति शिक्षा एवं सतत विकास में 25-25 अंक की लिखित परीक्षा होती है जबकि 25-25 अंक आंतरिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित हैं।तीन प्रश्नपत्रों सामाजिक अध्ययन, आरंभिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन-लेखन क्षमता का विकास और शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशासन में 50-50 अंक की लिखित परीक्षा एवं आंतरिक मूल्यांकन होता है।

# सड़क के किनारे बिक रहा "फास्ट फूड "युवाओं को कर रहा है बीमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** नगर एवं क्षेत्र में सड़क पर बिक रहे फास्ट फूड से युवाओं में पेट की बीमारी बढ़ रही हैं 'फास्ट फूड पेट के लिए हो रहे नुकसानदेह 12 से 25 साल के युवा हो रहे बीमार' नगर एवं क्षेत्र में सड़क किनारे नालों के पास फास्ट फूड का स्वाद यदि आप ले रहे हैं तो सतर्क हो जाइए। ऐसे स्थानों पर पक रहे फास्ट फूड खास तौर से पेट के लिए नुकसानदेह साबित हो रहे हैं। इसके प्रमाण प्रतिदिन चिकित्सकों के क्लीनिकों में आने वाले पेट के मरीजों को देख कर लगाया जा सकता है। इन मरीजों में युवाओं की संख्या अधिक है।

मौजूदा समय में लोगों की पहली पसंद फास्ट फूड बन गई है। बच्चे हो या बड़े सभी इसे चाव से खाते हैं। अक्सर सड़क किनारे ठेले वालों के यहां आपने खूब भीड़ देखी होगी। इन दुकानों पर उपयोग होने वाले मैदा और बार-बार उपयोग होने वाले तेल के करण लोगों की आंत पर असर पड़ रहाहै। पेट के मरीजों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। इन मरीजों के आंतों में सूजन की समस्या देखने को मिल रही है। इसका प्रभाव शरीर के अन्य क्रियाओं पर भी हो रहा है। बच्चों में मोटापा बढ़ रहा है, तनाव उच्च रक्तचाप बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। साथ ही लोग बीपी के भी मरीज हो रहे हैं। पेट से जुड़ी बीमारी के विशेषज्ञ बताते हैं कि ओपीडी में हर दिन 20 से 25 साल के युवा व बच्चें इलाज के लिए आ रहे हैं। जिन्हें पेट में दर्द, नित्य क्रिया में परेशानी, भूख नहीं लगना आदि कीशिकायत हैं। बच्चे कभी बर्गर तो कभी चाउमीन खाकर आते हैं। ये खाने से आंतों को नुकसान पहुंच रहा है। इस प्रकार की खाद्य सामग्री पेट में पूरी तरह से पचते नहीं हैं। आंतों में मैदा की लेयर जमने लगता है। जिससे कुछ दिन बाद आंत में सूजन शुरू हो जाती है। इसमें पेट में ऐंठन और दर्द की शिकायत शुरू हो जाती है। इन्फ्लेमेटरी बॉउल डिसीज (आईबीडी) पाचन से संबंधित ऐसी एक बीमारी है। जिसके कारण पाचन तंत्र में सूजन हो सकती है।



**वजीफा** दशमोत्तर में छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति पाने के लिए छात्र-छात्राएं आवेदन करते हैं

# 75% हाजिरी बायोमेट्रिक पर दर्ज होने पर अब मिलेगा वजीफा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** दसवीं और दसवीं के बाद सभी तरह की उच्च शिक्षा की पढ़ाई करने वाले छात्रों को मौजूदा सत्र में वजीफा तभी मिलेगा जब उसकी 75 फीसदी अटेंडस बायोमैट्रिक पर दर्ज होगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने इस सत्र से हाजिरी के लिए 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य कर दी है। शासन के इस निर्णय के बाद निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने सभी जिले के डीएम और विभाग को कोर्स कराने वाले सभी शिक्षण संस्थानों को इसके लिए पूरी तैयारी करने को कहा, जिससे कोई भी आवेदक प्रक्रिया पूरी न होने की वजह से वजीफे से वंचित न रह जाए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से हर साल पूर्व दशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं पीएम यशस्वी योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति पाने के लिए छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन होते है। सत्यापन की औपचारिकता के बाद वजीफा जारी होता है, लेकिन वर्ष 2024-2025 के लिए शासन ने वजीफा पाने वालों के लिए 75 फीसदी बायोमैट्रिक हाजिरी की अनिवार्यता की शर्त जोड़ दी है। जो छात्र इस शर्त को पूरा करेंगे, उन्हें ही छात्रवृत्ति का लाभ मिल पाएगा। प्रथम चरण में इस सत्र में शैक्षणिक संस्था स्तर पर संचालित एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत में रखे पाठयक्रमों एमएमबीएस, एमबीए, एमडीएस, एमएस, एमसीए, पीएचडी समेत 30 कोर्सों में यह आदेश लागू होगा। वजीफे की प्रक्रिया सही से पूरी हो जाए इसके लिए सभी संबंधित शैक्षणिक संस्थानों को तैयारी पूरी करने को कहा गया है जिससे किसी तरह की कोई दिक्कत स्टूडेंटस को न आए।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में पूर्व दशम और दशमोत्तर में छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति पाने के लिए छात्र-छात्राएं आवेदन करते हैं। इस सत्र में प्रथम चरण के एक ग्रुप में आने वाले तीस कोर्स के लिए आवेदकों की पूरे सत्र में 75 फीसदी बायोमैट्रिक अटेंडटस जरूरी होगी। कम हाजिरी वाले छात्र-छात्राओं को वजीफे का लाभ नहीं मिल पाएगा। - एम पी सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग



# शासन द्वारा प्रतिबंध लगाने के बाद भी स्कूल कॉलेज के पास बेचा जा रहा है गुटखा तंबाकू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** शासन ने काफी समय पहले से स्कूल- कॉलेज हॉस्पिटलऔर मंदिरों के पास गुटका तंबाकू बेचना प्रतिबंधित कर रखा है। लेकिन नगर व क्षेत्र में इसके बाद भी आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। स्कूल-कालेजों के पास पान मसाले की दुकानें खुली हुई हैं। शासन के निर्देश के बाद में न ही दुकानें हटाई गई और न ही ऐसे लोगों पर कार्रवाई हुई है। स्कूलों के पास धड़ल्ले से पान मसाला और तंबाकू की बिक्री हो रही है। स्कूल-कालेजों के पास गुटका तंबाकू बेचा जा रहा है।

नगर में स्टेशन रोड स्थित कंपोजिट विद्यालय के पास, प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर एवं घोसीपुरा के पास, बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के पास, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के पास, सरकारी अस्पताल के पास, एवं अनेक स्कूल कॉलेज के अंदर भी पान मसाला तंबाकू बेचा जा रहा है' अनेक स्कूलों कॉलेजों में स्टाफ के लोग भी इसका सेवन कर रहे हैं।





# तारा सुतारिया ने बताया, पहला हिंदी सॉन्ग शामत गाना कितना मुश्किल था

एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने अपने पहले हिंदी सॉन्ग शामत को याद किया। एक्ट्रेस ने बताया कि इस गाने (सॉन्ग) को गाना कितना मुश्किल था। उन्होंने इसे 2022 की एक्शन थ्रिलर फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए रिकॉर्ड किया था। तारा सुतारिया ने इंस्टाग्राम पर गाने की शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें शेयर की।

एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, करीब दो साल पहले मैंने अपना पहला हिंदी सॉन्ग शामत रिकॉर्ड किया था। इसे आज तक 93 मिलियन बार देखा जा चुका है। यह गाना फिल्म एक विलेन रिटर्न्स के लिए था, इसमें मैंने एक सिंगर की भूमिका निभाई। यह एक संयोग ही था, क्योंकि किसी को फिल्मों में गाने का मौका बहुत ही कम मिलता है। पिछले 20 सालों से प्रशिक्षित पश्चिमी शास्त्रीय और पॉप सिंगर के रूप में, अपने किरदार के अनुरूप अपनी तकनीक और साउंड को ढालना ज्यादा मुश्किल था।

तारा सुतारिया ने लिखा, अंग्रेजी और हिंदी म्यूजिक दोनों ही मेरे दिल के करीब हैं। ट्रेनिंग, साउंड और तकनीक की बात करें तो दोनों बिल्कुल अलग हैं! पीछे मुड़कर देखती हूं तो एक कदम आगे बढ़कर बहुत खुश हूं। गाने के प्रति इतना प्यार पाकर आभारी हूं। सभी के साथ बहुत प्यारी यादें भी हैं। मोहित सूरी, अर्जुन कपूर, अंकित तिवारी और बैडबॉय शाह आपने इसे खास बना दिया।

# फिल्म चंदू चैंपियन ने पार किया 50 करोड़ की कमाई का आंकड़ा, इश्क विश्क रिबाउंड का हाल-बेहाल

कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म चंदू चैंपियन भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है।फिल्म में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने मुरलीकांत बन एक बार फिर अपनी उम्दा अदाकारी का लोहा मनवाया है।14 जून को रिलीज हुई चंदू चैंपियन बॉक्स ऑफिस ठीक-ठाक कमाई कर रही है और अब इस फिल्म ने अपनी रिलीज के दूसरे सप्ताह 50 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।



बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, चंदू चैंपियन ने रिलीज के 11वें दिन 1.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 51 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म में विजय राज और राजपाल यादव ने भी अहम भूमिका निभाई है। साजिद नाडियाडवाला ने इस फिल्म के प्रोडक्शन का जिम्मा संभाला है।चंदू चैंपियन की एक टिकट पर दूसरी बिल्कुल मुफ्त मिल रही है। टिकट बुक करने के लिए आपको सीसीबीओजीओ कोड का इस्तेमाल करना होगा।

बॉक्स ऑफिस पर चंदू चैंपियन का सामना मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ की फिल्म मुंज्या से हो रहा है।इसके अलावा इश्क विश्क रिबाउंड भी दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लगी हुई है।27 जून को बॉक्स ऑफिस पर लगी सभी फिल्मों को टक्कर देने के लिए प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी आ रही है।फिल्म में दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं।

वहीं दूसरी ओर निपुण अविनाश धर्माधिकारी के निर्देशन में बनी फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड लोगों का दिल जीतने में नाकाम साबित हुई है।ऋतिक रोशन की बहन पश्मीना रोशन, रोहित सराफ, जिबरान खान और नैना ग्रेवाल अभिनीत इस फिल्म को बीते शुक्रवार यानी 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।वीकेंड पर ठीक-ठाक कमाई करने के बाद अब इश्क विश्क रिबाउंड का दैनिक कारोबार लाखों में सिमट गया है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, इश्क विश्क रिबाउंड ने रिलीज के तीसरे दिन 38 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 3.98 करोड़ रुपये हो गया है।इश्क विश्क रिबाउंड ने 1 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत की थी।वीकेंड पर इस फिल्म की कमाई में उछाल आया और इसने दूसरे दिन टिकट खिड़की पर 1.20 करोड़ रुपये कमाए।तीसरे दिन यह फिल्म 1.40 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।

# फैंस के बीच फैशन गोल्स सेट करती दिखीं अनन्या पांडे, किलर पोज देकर सोशल मीडिया पर बरपाया कहर

बॉलीवुड एक्ट्रेसेस अनन्या पांडे आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस के बीच फैशन गोल्स सेट कर देती हैं। उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे हमेशा अपने हॉट लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक स्टाइलिश अंदाज



इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें साझा कर फैंस के बीच फैशन गोल्स सेट कर दिया है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने फ्लोरल लुक में ब्लू कलर का कोर्ड सेट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे का ये लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं, साथ ही लोग उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं।

अनन्या पांडे को इंस्टाग्राम अकाउंट पर फोटोज शेयर किए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 2 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिया है। वहीं कई यूजर्स ने कॉमेंट्स के जरिए अपना प्यार बरसाया है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो गॉर्जियस। दूसरे यूजर ने लिखा है- हॉट अनन्या। वहीं, तीसरे यूजर ने लिखा है- टू हॉट टू हेंडल। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर अनन्या पांडे की फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

# बॉक्स ऑफिस पर मुंज्या की पकड़ तीसरे सप्ताह में भी बरकरार, 90 करोड़ रुपये की ओर कारोबार

आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी फिल्म मुंज्या दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रही है। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज का तीसरा सप्ताह चल रहा है।हॉरर के साथ कॉमेडी से भरपूर इस फिल्म में मोना सिंह, अभय सिंह और शरवरी वाघ जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं।तमाम सितारों की अदाकारी और फिल्म की कहानी दर्शकों को खूब पंसद आ रही है।आइए जानते हैं मुंज्या ने 18वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मुंज्या ने अपनी रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार 2.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 85.40 करोड़ रुपये हो गया है।मुंज्या ने दुनियाभर में 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। महज 18 दिन में यह फिल्म 103 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।रूही और स्त्री के बाद यह दिनेश विजान की तीसरी हॉरर-कॉमेडी फिल्म है।



मुंज्या में वरुण धवन ने मेहमान की भूमिका निभाई है। फिल्म हंसाने के साथ खूब डराती भी है, वहीं इसके

**उधर फिल्म में इस्तेमाल किए गए साउंड अफेक्ट्स भी दर्शकों का दिल जीत रहे हैं।मुंज्या की सफलता के बाद अब शरवरी फिल्म वेदा में नजर आएंगी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।वेदा 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है**

विजुअल अफेक्ट्स भी शानदार हैं। उधर फिल्म में इस्तेमाल किए गए साउंड अफेक्ट्स भी दर्शकों का दिल जीत रहे हैं।मुंज्या की सफलता के बाद अब शरवरी फिल्म वेदा में नजर आएंगी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।वेदा 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

# घंटों बैठकर काम करने वालों के लिए कॉफी फायदेमंद, मौत का खतरा हो जाता है कम

एक रिसर्च के मुताबिक कॉफी पीने से हेल्थ से जुड़ी समस्या कम होती है.साइंस अलर्ट रिसर्च में शामिल रिसर्चर के जो लोग कॉफी पीते हैं और घंटों बैठकर काम करते हैं उनमें बीमारी का जोखिम कम होता है. जो लोग कॉफी नहीं पीते हैं उनकी तुलना में कॉफी पीने वालों की समय से पहले मरने की संभावना कम होती है।



### इस रिसर्च में 10 हजार लोग शामिल हुए थे

इस रिसर्च में 10 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए थे, ये लोग कॉफी पीकर घंटों काम करते थे. हेल्थ डेटा के मुताबिक कॉफी पीने से वह काफी ज्यादा एक्टिव रहते हैं. इन लोगों को दिल की बीमारी और समय से पहले मरने की संभावना भी खत्म कर देता है।

### घंटों बैठकर काम करने वालों को पीना चाहिए कॉफी

सबसे अच्छी बात यह है कि जो लोग घंटों बैठकर काम करते हैं उन लोगों में कॉफी पीने के फायदे दिखते हैं. कॉफी की आदत से लोग ज्यादा से ज्यादा एक्टिव रहते हैं साथ ही उनके दिल की बीमारी का जोखिम भी कम होता है. जो लोग ज्यादा कॉफी पीते हैं यानि हर रोज 2 कप से ज्यादा उन्हें घंटों बैठने लोगों की तुलना में मरने की संभावना कम होती है।

हालांकि, पिछले रिसर्च के मुताबिक कॉफी की खपत और लंबे समय तक पीने से स्वास्थ्य पर बहुत अच्छा असर होता है. रिसर्च में बताया गया कि कैफीन को टाइप 2 मधुमेह और हृदय रोग के कम जोखिम से जोड़ा है. यहां तक कि डिकैफ कॉफी में भी एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो चयापचय में सुधार कर सकते हैं और सूजन को कम कर सकते हैं. कॉफी पीने से दिमाग अच्छा रहता है।

### स्ट्रेस करता है कम

आजकल तनाव आम बीमारी हो गई है. ऐसी स्थिति में अगर आप ब्लैक कॉफी पीते हैं तो इससे स्ट्रेस, एंग्जायटी कम होती है. कॉफी में मौजूद कैफीन हैप्पी हार्मोन के लिए अच्छा होता है. इससे थकान, तनाव दूर होता है।

### दिल को रखता है हेल्दी

रोजाना हर रोज एक या 2 कप कॉफी पीते हैं तो यह हार्ट के लिए अच्छा होता है. इसे पीने से स्ट्रोक और दिल से जुड़ी बीमारी का खतरा होता है।

### वजन को करता है कंट्रोल

ब्लैक कॉफी में कैलोरी कम होती है.यह तेजी से फैट कम कर देता है. एक्सरसाइज करने से फैट कम होता है. इससे पीने से शरीर में एनर्जी होती है।

### लिवर को मिलेगा फायदा

कॉफी में फैटी लिवर, हेपेटाइटिस और सिरोसिस जैसी गंभीर बीमारी का डर देता है. ब्लैक कॉफी पीने से लिवर का एंजाइम लेवल कम होते हैं।

### डायबिटीज से मिलेगी राहत

ब्लैक कॉफी पीने से डायबिटीज की बीमारी का खतरा कम होता है. कॉफी पीने से शरीर में इंसुलिन की मात्रा कम होती है. इससे डायबिटीज की बीमारी कम होती है।

# कान से जुड़े इस संकेत को ना करें नजर अंदाज, हो सकती है ये बीमारी, लापरवाही ना पड़ जाए भारी

क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो लंबे समय तक ईयरफोन या इयरबड्स लगा कर रखते हैं, जिसके चलते कानों में दर्द और झनझनाहट होने लगती है और आप इस दर्द को यूं ही नजर अंदाज कर देते हैं? तो जरा सावधान हो जाइए, क्योंकि कान का यह दर्द कई बार सिंपल नहीं होता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों की ओर इशारा करता है. तो चलिए आज इस आर्टिकल में हम आपको बताते हैं कान की झनझनाहट में छुपे उस संकेत के बारे में जो एक गंभीर बीमारी की ओर इशारा करता है, जिन्हें पहचान कर आपको प्रॉपर ट्रीटमेंट लेने की जरूरत होती हैं।



### बिना किसी शोर के कानों में आवाज गूंजना

कई बार ऐसा होता है कि हमारे कान में एक अजीब सी आवाज लगातार सुनाई देती है, जबकि आसपास के वातावरण में किसी प्रकार की कोई आवाज नहीं होती है. अगर आपके कानों में इस तरह की आवाज लंबे समय तक सुनाई दें, तो यह टिनिटस यानी कि कान बजने के कारण हो सकता है. इस बीमारी में कान में तेज या धीरे से लगातार घंटी बजती है, जिसके कारण सिर दर्द भी हो सकता है, कानों में झनझनाहट होती है. यह टिनिटस के शुरूआती संकेत होते हैं और इसे हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए. अगर लंबे समय तक कानों में इस तरह की घंटी बजती रहे, तो इससे कान डैमेज होने का खतरा भी होता है।

### क्यों होती है टिनिटस की समस्या

अब बात आती है कि कानों में टिनिटस नाम की बीमारी क्यों हो जाती है? तो कई बार कानों में लंबे समय तक मैल जमा होता है जिससे टिनिटस की समस्या हो सकती है. इसके अलावा कान में इन्फेक्शन होना, पस पड़ना, गंभीर चोट या संक्रमण के कारण पर्दे में छेद हो जाना होता है. इससे बचने के लिए कानों की प्रॉपर सफाई बहुत ज्यादा जरूरी है, लेकिन बार-बार इयरबड्स का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे कान के पर्दे डैमेज हो सकते हैं।

### कान बजने के अन्य कारण

एक्सपर्ट्स बताते हैं कि कान बजने के कुछ अन्य कारण भी होते हैं, जिसमें हाई ब्लड प्रेशर, थायराइड का बढ़ना, डायबिटीज, एनीमिया के कारण भी कई बार कान के बजने की समस्या होने लगती है।

# अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था का गाना ऐ दिल जरा हुआ रिलीज

तब्बू और अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था रिलीज से बस चंद दिन दूर है। आज इस फिल्म का नया गाना रिलीज हुआ है। ए दिल जरा गाने को सुनिधि चौहान, जुबिन नौटियाल, अमला चेबोलू और ऋषभ चतुर्वेदी ने मिलकर गाया है, वहीं मनोज मुंतशिर ने इसके बोल लिखे हैं। इसका संगीत ऑस्कर विजेता एमएम कीरावानी ने तैयार किया है।

अजय देवगन ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा कर नया गाना रिलीज होने की जानकारी दी है। उन्होंने कैप्शन लिखा है, शाश्वत प्रेम कैसा होता है? ऐस दिल जरा जैसा होता है! अजय देवगन और तब्बू की यह फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसका निर्देशक नीरज पांडे ने किया है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

अजय देवगन ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा कर नया गाना रिलीज होने की जानकारी दी है। उन्होंने कैप्शन लिखा है, शाश्वत प्रेम कैसा होता है? ऐस दिल जरा जैसा होता है! अजय देवगन और तब्बू की यह फिल्म 5 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसका निर्देशक नीरज पांडे ने किया है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।



तब्बू और अजय देवगन की जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए दर्शक एक बार फिर बेकरार हैं। फिलहाल तो इसके गाने पर यूजर्स प्यार लुटा रहे हैं। अजय देवगन के पोस्ट पर लोग सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इससे पहले इस फिल्म का गाना तू भी काफी पसंद किया गया है, जिसे सुखविंदर सिंह और जावेद अली ने इसे गाया है।

# विधायक ने विद्युत विभाग से दिलाया मुआवजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीराबाद।** करीब चार माह पूर्व अपने खेत में आलू की खुदाई करते समय बिजली के तार की चपेट में आए किसान की मौत के

- चार माह पूर्व खेत मे गिरे तार से किसान की हुई थी मौत
- प्राक्कलन समिति ने अधिकारियो को किया था तलब

मामले में विधायक संजय शर्मा ने विद्युत विभाग से पांच लाख का मुआवजा दिलाया है। पूर्व में विद्युत विभाग ने किसान की मौत के मामले में अपनी कोई गलती नही मानते हुए मुआवजा देने से स्पष्ट इंकार कर दिया था, बाद में मामला विधान सभा की प्राक्कलन समिति के समक्ष उठाने पर अब विभाग ने स्वीकृत मुआवजे की धनराशि उसकी पत्नी को सुपुर्द भी कर दी है। उल्लेखनीय है कि करीब चार माह पूर्व 16 फरबरी को विधान सभा के गांव अकबराबाद कूड़ा निवासी योगेंद्र सिंह पुत्र बलबीर सिंह की उस समय मौत हो गई थी,जब वह अपने खेत में आलू की खुदाई कर रहा था। उसके खेत के ऊपर से 11 के वी की लाइन जा रही है,जिसका अचानक तार टूट कर योगेंद्र के ऊपर गिर गया था, इस हादसे में योगेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई थी परिजनों व अन्य ग्रामीणों की मांग पर विधायक संजय शर्मा ने इस प्रकरण को पहले पशिमांचल विद्युत वितरण निगम के



अधिकारियों के समक्ष रखा। इस स्तर पर कोई समाधान न निकलने पर विधायक संजय शर्मा ने इस पूरे प्रकरण को विधानसभा की प्राक्कलन समिति के समक्ष रखते हुए परिजनों को मुआवजा दिलाने को कहा। लंबी बहस के चलते समिति ने विभाग के चीफ इंजीनियर को लखनऊ तलब किया,फिर विभाग के प्रमुख सचिव आशीष गोयल तक यह प्रकरण पहुंचा। काफी जद्दोजहद व जांच पड़ताल के बाद समिति ने विधायक संजय शर्मा की मांग को सही माना और योगेंद्र की मौत के लिए विभाग को ही जिम्मेदार ठहराते हुए विद्युत विभाग को पांच लाख रुपए मुआवजा देने के निर्देश दिए। समिति के निर्देश पर विद्युत वितरण खण्ड तृतीय के अधिकारियों ने गांव अकबराबाद कूड़ा पहुंच कर योगेंद्र सिंह की पत्नी रजनी को पांच लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध करा दी है। विधायक की इस उपलब्धि की ग्रामीण और परिजन भूरी भूरी प्रांशा कर रहे हैं।



**रामपुर।** ऑल इंडिया जमीअतुल कुरैशी दिल्ली के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. नफीस कुरैशी, ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय महासचिव शाकिर अंसारी, गुफरान अफरीदी, शमीम अंसारी ने रामपुर पहुंच कर मौलाना मोहिबुल्ला से मुलाकात कर उनके रामपुर से सांसद बनाए जाने पर मुबारकबाद देते हुये। **छाया:- बुलन्द संदेश**


# धौलाना में जल्द हो सिविल और फौजदारी कोर्ट की स्थापना: विनोद शिशोदिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** धौलाना तहसील को

- काफी समय पहले स्वीकृत हो चुके है दोनों न्यायालय स्थापना में देरी क्यों
- धौलाना बार अध्यक्ष ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को सोपा ज्ञापन
- मिला आश्वासन जल्द होगा विचार, मिलेगी धौलाना को कोर्ट की सौगात

स्थापित हुए 13 साल के करीब हो चुके है । लेकिन क्षेत्र के लोगो की मांग और जरूर होते हुए भी आज तक धौलाना में सिविल और फोजदारी कोर्ट की स्थापना नही हुई है । क्षेत्र के लोगो को 30 किलोमीटर दूर हापुड़ तक की दौड़ लगानी पड़ती है । जिससे क्षेत्र की ग्रामीण जनता का समय और पैसा अधिक खर्च हो रहा है । पूर्व में धौलाना के अधिवक्ताओं संग क्षेत्र के लोगो ने भी धौलाना में सिविल और फौजदारी कोर्ट स्थापना की मांग की थी । जिससे कोर्ट आना स्वीकृत भी हो गया था । लेकिन बाद में मामला ठंडे बस्ते में चला गया । अब पुनः धौलाना पंजीकृत बार के अध्यक्ष



प्रयागराज में रजिस्ट्रार को ज्ञापन देने जाते धौलाना तहसील बार अध्यक्ष विनोद ।

विनोद शिशोदिया और बार मैंबरो ने इस मांग को उठाया। इसी को लेकर धौलाना पंजीकृत बार के अध्यक्ष विनोद शिशोदिया प्रयागराज पहुंचे जहा वे रजिस्ट्रार हाई कोर्ट से मिले । और धौलाना में जल्द सिविल और फौजदारी कोर्ट स्थापना की मांग की । और मांग ज्ञापन सोपा । विनोद शिशोदिया के मुताबिक जिस पर रजिस्ट्रार ने कार्रवाई का आश्वासन दिया । उम्मीद है जल्द ही धौलाना को सिविल और फौजदारी कोर्ट की सौगात मिल सकती हैं । धौलाना के अधिवक्ता भी इस बार अपनी इस महत्वपूर्ण मांग हेतु संजीदा दिखाई दिए।

# इस्लामिक सेंटर के चुनावों के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी

## एडवोकेट रईस अहमद ने दी सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** पाश इलाके लोधी रोड स्थित भारतीय मुसलमानों के प्रतिनिधि सेंटर के तौर पर पहचान रखने वाले इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के पदाधिकारियों के चुनावों की फाइनल लिस्ट आज दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस व चुनावों के ऑब्जर्वर जस्टिस तवलीन सिंह ने जारी कर दी।
जिसके पश्चात दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट व कारवां फाउंडेशन के चेयरमैन रईस अहमद ने सभी उम्मीदवारों को चुनाव के लिए शुभकामनाएं दी।
गौरतलब है कि इस बार अध्यक्ष पद के लिए 7 उम्मीदवारों में पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री सलमान खुर्शीद, पूर्व इनकम टैक्स कमिश्नर व एडवोकेट अबरार अहमद के साथ कैंसर सर्जन डॉ मोहम्मद माजिद तालिकोटी जैसे सरीखे नाम शामिल हैं। काबिले गौर बात यह है कि कोर्ट के आदेश के बाद इस बार अध्यक्ष पद के लिए सिराजुद्दीन कुरैशी खुद मैदान में नहीं हैं। बल्कि अपने पेनल की तरफ से माजिद तालिकोटी को मैदान में उतारा है। उपाध्यक्ष पद के लिए भी 7 उम्मीदवार मैदान में है। जिसमें प्रोफेसर अफरोजुल हक, अहमद रजा, बदरुद्दीन खान व कालीमुल हफीज जैसे नाम शामिल हैं।
दिलचस्प बात ये हैं कि इस बार बोर्ड ऑफ ट्रिस्टीज के 7 पदों के लिए

**दिलचस्प बात ये हैं कि इस बार बोर्ड ऑफ ट्रिस्टीज के 7 पदों के लिए नाम वापसी के बाद भी 39 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे।**

नाम वापसी के बाद भी 39 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे। जिसमें सेंटर के पूर्व अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी, पूर्व मानु यूनिवर्सिटी के प्रो-वाईस चांसलर प्रोफेसर ख्वाजा शाहिद, पूर्व आईपीएस कमर अहमद, कमाल फारूकी तथा महिला उम्मीदवारों में सत्या सिद्दीकी व एफ नाज जैसे उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।
वहीं मेम्बर एक्सक्यूटिव के 4 पदों के लिए 22 उम्मीदवार इस बार चुनावों में ताल ठोकेंगे। जिसमें पहले नम्बर पर ही ओखला स्कूल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ अब्दुल नबील सिद्दीकी के अलावा डॉ आजम बैग, प्रोफेसर शमामा अहमद के अलावा दो महिला उम्मीदवार गुलनार मिर्जा व शाहाना बेगम भी चुनावी मैदान में हाथ आजमा रहीं हैं।

परिवार में मचा कोहराम, गांव में छाया मातम

# बक्सर में सांप के काटने से दो मासूम भाई बहन की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव बक्सर में रहने वाले शाहिद के दो बच्चों की सांप के कटने से मौत हो गई है। मासूमों की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। जिससे गांव में मातम छाया हुआ है।
जानकारी के अनुसार सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव बक्सर शाहिद ने बताया कि पिछले कई सालों से अपने परिवार के साथ पिलखुवा कोतवाली के गांव निड़ोरी में रहता है। वहीं पर रहकर फर्नीचर का कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है। बुधवार की रात को शाहिद अपने परिवार के साथ जमीन पर ही कपड़ा बिछाकर सो रहा था। बृहस्पतिवार की सुबह तड़के बच्चे अचानक रोने लगे। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर माता-पिता उठे तो उन्होंने देखा एक सांप दरवाजे की तरफ जा रहा है। जबकि दूसरा साप बच्चे की गर्दन पर लिपट कर डंक मार रहा था जिसे देख माता- पिता की चीख निकल गई। वही शोर-शराबा सुनकर परिजनों और ग्रामीणों ने सांपों को पकड़ कर बोतल में बंद कर लिया। उसके बाद परिजनों ने आनन-







फानन में दोनों मासूमों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने चार वर्षीय बेटी इनायत और दो वर्ष के बेटा शाहिब को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। वही परिजन दोनों मासूम बच्चों के शवों को लेकर अपने पैतृक गांव बक्सर पहुंचे तो हड़कंप मच गया।दोनों मासूमों को देखने के लिए ग्रामीण सहित आस-पास के गांवों के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं दोनों मासूमों के शवों को देखने वाले ने आंसुओं को नहीं रोक पाए। क्षेत्र में यह खबर आग की तरह फैल गई।

# तीन तस्कर गिरफ्तार, साढ़े चार किलो गांजा बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी ) ।** क्षेत्र के एक गांव से पुलिस ने साढ़े चार किलो गांजा सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि बुधवार की देर शाम को सूचना मिली कि तीन संदिग्ध गांजा की अवैध खेप लेकर उसे बिक्री करने की फिराक में घूम रहे हैं। बुधवार की देर शाम पुलिस ने तीनों आरोपितों को रावली पुल के पास से वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपीतो के पास से साढ़े चार किलोग्राम गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपितों के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान ग्राम बडौदा सिहानी के जुम्मा, ग्राम सिखेड़ा के यासीन और ग्राम गालंद के बुद्ध सिंह के रूप में हुई है।




# परिवहन निगम के बस स्टेशनों पर यात्रियों को 24 घंटे मिलेगा ठंडा पानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** यात्रियों को आरामदायक यात्रा के साथ ही बस अड्डों पर भी उन्हें सभी तरह की सुविधाएं देने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में परिवहन निगम ने बुधवार को भारत पेट्रोलियम कंपनी के साथ एक एमओयू किया है। इसके तहत परिवहन निगम के 100 बस स्टेशनों पर वाटर कूलर लगाए जाएंगे। वाटर कूलर लगने के बाद यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पानी 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।

**सीएसआर फंड का होगा उपयोग**

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देश पर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम एवं भारत पेट्रोलियम कंपनी के

- उत्तर प्रदेश परिवहन निगम और भारत पेट्रोलियम कंपनी के मध्य हुआ एमओयू
- एमओयू के तहत बस अड्डों पर स्थापित किए जाएंगे 100 वाटर कूलर
- यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करने को प्रतिबद्ध योगी सरकार

मध्य 100 बस स्टेशनों पर वाटर कूलर लगाने हेतु होटल ताज मे एमओयू साइन किया गया। एमओयू हस्ताक्षरित करते समय परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर, अपर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक राजीव आनंद तथा सभी प्रधान प्रबंधक उपस्थित थे।
भारत पैट्रोलियम की तरफ से राहुल टंडन, बिजनेस हेड मनोज मेनन उपस्थित थे। प्रबंध निदेशक ने बताया कि बस स्टेशन पर 100 वाटर कूलर लगने के उपरांत यात्रियों को स्वच्छ एवं ठंडा पानी 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। बीपीसीएल द्वारा यह कार्यवाही कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) उत्तरदायित्व के अंतर्गत की गई है। यह वाटर कूलर 80 लीटर पानी की क्षमता के होंगे। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी बीपीसीएल परिवहन निगम के साथ जुड़कर अन्य क्षेत्र में कार्य करेगा। उल्लेखनीय है कि मै. बीपीसीएल द्वारा परिवहन निगम में डीजल आपूर्ति का कार्य अन्य कंपनियों के साथ-साथ प्रारंभ किया गया है।

# दो बदमाशों को गिरफ्तार कर निर्माणाधीन फैक्टरी में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** थाना क्षेत्र के रावली कलां गांव में एक निमार्णाधीन फैक्टरी में एक माह पूर्व हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद किया है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि गत 18 मई को गांव रावली कलां में निमार्णाधीन फैक्टरी में चोरी हुई थी। पुलिस ने दस जून को रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने बुधवार रात को दो बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम मुस्तकीम अब्बासी निवासी सुंदर नगरी दिल्ली व इमरान निवासी गौना थाना चांदीनगर जिला बागपत बताया। पकडे गए बदमाशों ने बताया कि उन्होंने शमशाद निवासी मुरादनगर व शहजाद उर्फ चीता निवासी चांदीनगर के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी का सामान बरामद किया है। वहीं गांव डिड़ौली में गुरुवार को दो युवकों ने मंदिर परिसर से घंटा चोरी कर लिया। ग्रामीणों ने घंटा चोरी कर रहे दोनों युवको को पकड़कर उनकी जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ में पकडे गए लोगों ने अपना नाम वाजिद व जुबैर निवासी मुरादनगर बताया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी किया हुआ घंटा बरामद किया है।

## प्रथम पेज का शेष

# 1510 करोड़ रुपए से निर्मित...

खर्च होंगे। वहीं चौथे से 8वें साल के बीच इस पर 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्टूडियो बैकलॉट्स और ओपेन सेट्स समेत फिल्मिंग कंपोनेंट्स पर 832.91 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि हॉस्पिटैलिटी पर 373.93 करोड़ रुपए, सर्विस एकमोडेशन पर 315.07 करोड़ रुपए, ऑफिस पर 109.60 करोड़ रुपए और इंफ्रास्ट्रक्चर पर 76.44 करोड़ रुपए खर्च होंगे।




**156 एकड़ में निर्मित होंगे फिल्मी कंपोनेंट्स**

भूमि की बात करें तो कुल 230 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 135 एकड़ क्षेत्र में फिल्मिंग फैसिलिटी विकसित की जाएंगी। वहीं 21 एकड़ क्षेत्र में फिल्म इंस्टीट्यूट बनेगा। इस तरह कुल 156 एकड़ में फिल्मिंग कंपोनेंट्स को विकसित किया जाएगा। वहीं शेष 75 एकड़ में कॉमर्शियल कंपोनेंट्स स्थापित किए जाएंगे। इनमें सर्विस एकमोडेशन 57 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी-डॉर्मिटरीज 2.37 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी-अपस्केल 5.15 एकड़ में, हॉस्पिटैलिटी अपर अपस्केल में 3.60 एकड़ में, एफएंडबी फोकस्ड रिटेल डेवलपमेंट 5.15 एकड़ में और कॉमर्शियल ऑफिस 2.37 एकड़ में निर्मित होगा।

**वर्ल्ड क्लास फिल्म सिटी बनाने का वादा**

साइनिंग सेरेमनी के दौरान मशहूर फिल्म निमार्ता बोनी कपूर ने कहा कि ये जो फिल्म सिटी का कार्य हो रहा है, हमारी तैयारी इसकी साइनिंग से पहले ही शुरू हो चुकी है। हाल ही में मैं लंदन और एलए गया और वहां काफी स्टूडियोज का अवलोकन किया। जो नए स्टूडियोज बने हैं, वहां किस तरह की नई टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है, इसका भी जायजा लिया। यूपी में बन रही यह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी पूरी तरह वर्ल्ड क्लास होगी। वहीं यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने कहा कि फिल्म सिटी की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए हम इसके एक्सेस का पूरा ध्यान रख रहे हैं। फिल्म सिटी में बड़े-बड़े सेट लगाने के लिए बड़ी गाड़ियों का आवागम होगा, इसको देखते हुए यमुना अथॉरिटी ने 75 मीटर इंटरलिंक लेन बनाने का निर्णय लिया है। इसकी प्लानिंग हमने कर ली है, इसका सारा व्यय प्राधिकरण ही करेगा। यमुना प्राधिकरण का स्वभाव है कि वो अपने निवेशकों को नहीं मांगने पर भी उनकी सुविधा के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करता है।

उद्घाटन — सुरुचिपूर्ण अंदरूनी भाग प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार किए गए हैं, जो शांत समुद्र और रेत के रंगों से भरे हुए हैं

# सऊदी ने लाल सागर स्थित एक रिट्ज कार्लटन रिजर्व नुजुमा का किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ ।** सऊदी देश ने आतिथ्य भावना को एक नए स्तर पर ले जाने के लिए हाल ही में नुजुमा, एक रिट्ज कार्लटन रिजर्व, लाल सागर के लिए अपने दरवाजे खोले हैं। आश्चर्यजनक प्राकृतिक सुंदरता और स्वदेशी डिजाइन के साथ सहज और
हार्दिक सेवा का मिश्रण, नुजुमा मध्य पूर्व में ब्रांड की पहली संपत्ति है और दुनिया भर में केवल पाँच रिट्ज-कार्लटन रिजर्व के एक विशेष संग्रह में



शामिल हो गई है। नुजुम शब्द से प्रेरित, जिसका अरबी में अर्थ है सितारे, नुजुमा यात्रियों को दुनिया के सबसे एकांत और संरक्षित द्वीपसमूहों में से एक की एक अनजान यात्रा पर जाने के लिए आमंत्रित करता है। यह होटल निजी द्वीपों के एक प्राचीन समूह पर स्थित है, जो लाल सागर के द्वीपों के ब्लू होल समूह का हिस्सा हैं।
प्राकृतिक सुंदरता से घिरे और पर्यावरण के साथ सहज रूप से घुलने-मिलने के लिए डिजाइन किए गए इस रिसॉर्ट में 63 एक से चार बेडरूम वाले वाटर और बीच विला हैं। फॉस्टर एंड पार्टनर्स द्वारा डिजाइन किए गए, नुजुमा की व्यापक शैल-प्रेरित वास्तुकला और सुरुचिपूर्ण अंदरूनी भाग प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार किए गए हैं, जो शांत समुद्र और रेत के रंगों से भरे हुए हैं, और ज्यामितीय पैटर्न क्षेत्र के डिजाइन रूपांकनों की याद दिलाते हैं। आगंतुक अरबी कलाकृतियाँ, पारंपरिक चीनी मिट्टी की चीजें, बुने हुए सऊदी पैटर्न वाले गलीचे और स्थानीय शिल्प कौशल का जश्न मनाने वाली जटिल दीवार पर लटकने वाली चीजें भी देख सकते हैं। जब मेहमान अपने विला में बैठकर शांत वातावरण का आनंद नहीं ले रहे होते हैं, तो वे एक शानदार स्पा, स्विमिंग पूल, कई तरह के रेस्तराँ और एक खुदरा क्षेत्र का आनंद ले सकते हैं या संरक्षण केंद्र में बेशकीमती प्राकृतिक सेटिंग के बारे में अधिक जान सकते हैं।
अधिक जानने और अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए, https://www.visitsaudi.com/en पर जाएँ।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267